श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 118, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया 20
वेदा का पोस्टर रिलीज 19


## नाम पर विवाद: कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है। वहीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के उस आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

### बिना सोचे लिया फैसला : जयंत चौधरी



**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के सहयोगी रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार से अपना वह आदेश वापस लेने की मांग की, जिसमें कांवड़ मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने को कहा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा ऐसा लगता है कि यह आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया है और सरकार इस पर इसलिए अड़ी हुई है क्योंकि निर्णय हो चुका है। कभी-कभी सरकार में ऐसी चीजें हो जाती हैं।

### रामदेव बोले-आदेश सही



**हरिद्वार।** योग गुरु रामदेव ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्तरां और ढाबा के बाहर मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखने संबंधी आदेश को रविवार को सही ठहराते हुए कहा कि किसी को अपना परिचय देने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामदेव ने कहा कि अपने नाम पर तो सबको गर्व होता है और उसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल किया जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए।

**चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर, सभी जिलों के प्रशासन को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश**

## कांवड़ यात्रा : पुलिस मुस्तैद, ड्रोन से निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

**अमृत विचार :** सोमवार से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों के स्थानीय प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस मुस्तैद भी हो गई है। पूरे प्रदेश में कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है।



हरिद्वार में कांवड़ मेले को लेकर ब्रीफिंग करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

शासन के अधिकारियों ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे लेकर राज्य सरकार ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के साथ ही सावन में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, सुरक्षा और सुविधा का विशेष इंतजाम किया गया है। वृद्धजनों, आशक्त दिव्यांगजनों व महत्वपूर्ण लोगों को दर्शन के लिए निशुल्क ई-रिक्शा व गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। सोमवार को दैनिक पास निरस्त कर दिया गया है। बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों स्थानों से वृद्ध व दिव्यांगजन को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष पहली बार सिल्को द्वार से भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए पूरी तैयारी कर ली है।



**एक नजर**

### हरियाणा के नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा 24 घंटे के लिए स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुराग रस्तोगी के आदेश के अनुसार, जिले में इंटरनेट सेवा रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक स्थगित रहेगी। आदेश में कहा गया है, ..नूंह जिले में तनाव, गड़बड़ी, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक शांति तथा सौहार्द बिगाड़ने की आशंका है। यह आदेश व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए दिया गया है। इस बीच, नूंह पुलिस ने कहा कि यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

### मुरैना में रील बनाते समय 11 साल के बच्चे की मौत

**मुरैना।** जिले में सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय गले में फंदा लगाने से 11 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला करण परमार अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक, अन्य बच्चों को लगता है कि करण अभिनय कर रहा है, लेकिन कुछ देर में ही वह अचेत हो गया।

### मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रों को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को रविवार को बधाई दी। मोदी ने भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहां देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के बाथ में आयोजित 65वें अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में छह सदस्यीय भारतीय विद्यार्थी दल ने चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता है।

# कांग्रेस ने मांगा लोस उपाध्यक्ष पद

## हंगामेदार होगा संसद का बजट सत्र, कांवड़-नीट के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे की मांग उठाई
- आतंकी हमलों और मणिपुर की स्थिति पर भी होगा फोकस

संसद के बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा के सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने 44 दलों के साथ हुई बैठक में क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया और नरेन्द्र मोदी सरकार पर आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया जो आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।



नई दिल्ली में बजट सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते राजनाथ सिंह। ● एजेंसी

### सर्वदलीय बैठक के दौरान मुद्दों को सोशल मीडिया मंच पर साझा करने के लिए राजग ने कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली।** सर्वदलीय बैठक की कार्यवाही की जानकारी सोशल मीडिया मंच पर साझा करने के बाद राजग के घटक दलों ने प्रमुख विपक्षी दल की आलोचना की और कहा कि उसे अगली बार ऐसी बैठक में किसी अधिक अनुभवी नेता को भेजने पर विचार करना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मुद्दों को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा कर दिया। इस पर वह सत्ताधारी गठबंधन के निशाने पर आ गए।

### निर्मला सीतारमण कल पेश करेंगी बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार से शुरू हो रहे सत्र के दौरान मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। सत्र सोमवार से शुरू होगा। यह 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। इस दौरान 19 बैठकें होनी हैं। सत्र के दौरान सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें एक 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने के लिए है। इस दौरान जम्मू एवं कश्मीर के बजट को भी संसद की ओर से मंजूरी दी जानी है। इस पूर्ववर्ती प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रपति शासन लागू है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी।

## केरल में निपाह वायरस से किशोर की मौत

कोझिकोड, एजेंसी

केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से संक्रमित 14 वर्षीय किशोर की रविवार को मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से उसका इलाज चल रहा था। किशोर पांडिक्कड़ का रहने वाला था और रविवार सुबह 10.50 बजे उसे दिल का दौरा पड़ा, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में तीन और पीड़तों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों के नमूनों की जांच रिपोर्ट आज आ जाएगी। मंत्री ने बताया कि लड़का 11 मई को स्कूल गया था, लेकिन अभी तक लक्षण वाले मरीजों के ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे, जिनमें से 63 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। सभी लोगों की जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा हमारे पास राज्य में प्रयोगशालाएं हैं और पुणे एनआईवी से एक सचल प्रयोगशाला राज्य में आ रही है। इस बीच, विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने मौत को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि सरकार केरल में सार्वजनिक स्वास्थ्य की गिरावट के मुद्दे को हल करने में विफल रही है। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निपाह के कारण एक किशोर की जान चली गई। इससे पता चलता है कि राज्य में संक्रामक और संचारी रोग अभी भी व्याप्त हैं। विपक्ष ने राज्य विधानसभा में महामारी के प्रसार और सार्वजनिक स्वास्थ्य की गिरावट का मुद्दा उठाया था।



निपाह वायरस का केस मिलने के बाद कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे, जिनमें से 63 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में

## बांग्लादेश में फंसे लोगों को देंगे शरण

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दिया जाएगा।

बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे। बनर्जी ने कहा ऐसा इसलिए है क्योंकि अशांत क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्रों में शरणार्थियों को समायोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक संकल्प है।



- ममता बनर्जी ने शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र का हवाला दिया

### केंद्र में राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी : अखिलेश

**कोलकाता।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि सांप्रदायिक ताकतों को भले ही कुछ समय के लिए सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी हार होगी। यादव ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा शहीद दिवस पर आयोजित महारैली को संबोधित करते हुए कहा जो लोग सत्ता में आए हैं, वे बस कुछ दिनों के मेहमान हैं। ऐसी सांप्रदायिक ताकतें किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहना चाहती हैं, लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।

## प्रदेश में 30 हजार मेगावाट तक पहुंची बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रविवार को अधिकतम मांग 29,781 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते दिनों 19 जुलाई को अधिकतम मांग 29,304 मेगावाट दर्ज हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के मौसम में अधिकतम मांग 22 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। सात जुलाई से मांग में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हुआ, जो लगातार जारी है।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर हादसा, 3 तीर्थयात्रियों की मौत, पांच घायल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ में बड़ा हादसा हुआ है। अचानक हुए भूस्खलन से मलबा और बोल्डर गिरने से तीन तीर्थ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें गौरीकुंड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग आठ बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के समीप अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। हादसे में कई तीर्थ यात्री दब गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का निवासी था।



- गौरीकुंड के पास बारिश के चलते पहाड़ी से गिरा मलबा
- मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का था निवासी

### राहत एवं बचाव कार्य जारी : धामी

इधर, हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव काम जारी है, इस संबंध में मैं निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं।

## यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय ने 19 जून को रद करने का दिया था आदेश

यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था।

मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है।

### तीन अभियुक्त सीबीआई रिमांड पर

**पटना।** एनटीए की ओर से आयोजित नीट 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों को आज हिरासती पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने रविवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडे के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय पर पेश किया था।

## भारी बारिश से 36 उड़ानें रद, 60 लोगों को बचाया

**मुंबई।** भारी बारिश होने के कारण रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इंडिगो की 24 उड़ानें रद की गई हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की 8 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं। खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। वहीं भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया। सभी पिकनिक मनाने के लिए नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर गए थे।

**अनदेखी** | केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद है एथलेटिक्स का महिला छात्रावास

## सिंथेटिक ट्रैक नहीं, मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर बेटियां

संजीव पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने को प्रदेश की चार बेटियां तैयार हैं। मेरठ की पारुल, प्रियंका, अन्नू रानी और सहारनपुर की प्राची ओलंपिक गेम्स में तिरंगा फहराने को ट्रैक पर उतरेंगी। इसके पहले पद्मश्री सुधा सिंह भी ओलंपिक गेम्स का हिस्सा रह चुकी हैं। लेकिन, खेल विभाग की देखरेख में संचालित एथलेटिक्स महिला छात्रावास के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बेहतर प्रशिक्षक तक नहीं मिल रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित एथलेटिक्स महिला छात्रावास की बेटियों के अभ्यास के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं है। यहां पर प्रशिक्षकों की आवाजाही व उदासीनता से भी खिलाड़ी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। आलम यह है कि एक आउटसोर्सिंग महिला प्रशिक्षक के भरोसे यहां की लड़कियां मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर हैं।

एथलेटिक्स खिलाड़ियों के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स महिला छात्रावास की शुरुआत तकरीबन 30 वर्ष पहले हुई थी। तब से यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन आज तक यहां रहने वाली बालिकाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं बिछाया जा सका। पद्मश्री सुधा सिंह ने यहां से ही अपने खेल कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बार छात्रावास की लड़कियों को ट्रैक पर अभ्यास की सुविधा देने की मांग की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यहां पर खेल विभाग की प्रशिक्षक विमला सिंह तैनात थी, तब यहां से खिलाड़ी लगातार परिणाम दे रहे थे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह को भी विमला सिंह ने प्रशिक्षण दिया था।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास करती बालिकाएं।


> खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। प्रशिक्षकों की कमी नहीं है। -**अजय कुमार सेठी**, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ

### सिंथेटिक ट्रैक जरूरी: पद्मश्री सुधा सिंह



पद्मश्री सुधा सिंह ने बताया कि वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम के एथलेटिक्स छात्रावास में वर्ष 2001 से 2005 तक रही। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद 2010 में चीन में आयोजित एशियन गेम्स में 3000 मीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद 2018 में एशियन गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत जीत कर देश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक तो होना ही चाहिए। जब लड़कियां मिट्टी के मैदान में अभ्यास करेंगी तो परिणाम कैसे सामने आयेंगे।


ॐ नमः शिवाय
सभी महानगरवासियों को
श्रावण मास
की हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक चौधरी
डायरेक्टर
AMH Buildwell Pvt.Ltd.
मोहित गगनेजा
डायरेक्टर
AMH Buildwell Pvt.Ltd.
स.इन्द्रजीत सिंह चड्ढा
डायरेक्टर
Two Mounts


VIPASHK infra pvt. ltd.
सपना आपका सहयोग हमारा
VIPASHK Infra Pvt.Ltd.
GOVERNMENT APPROVED
सुविधायें
सिंगल गेट सोसाईटी
24X7 कैमरे की सुविधा
बिजली पानी की सुविधा
72 एवं 30 फीट RCC की पक्की सड़कें
चारो ओर से बाउड्रीवाल
धारा 80 स्वीकृत
गवर्नमेंट एप्रूव्ड (स्वीकृत)
प्रोजेक्ट का पता
निकट थाना देहात,
बड़ी धान मील के सामने,
कैलसा रोड, अमरोहा
हेड आफिस:
आशियाना कॉलानी,
अपोजिट महिला पॉलिटेक्निक,
कांठ रोड, मुरादाबाद
PROPOSED ROAD 5.00 M WIDE
PROPOSED ROAD 9.00 M WIDE
PROPOSED ROAD 7.50 M WIDE
KAILSA ROAD 20.00 M WIDE
श्रावण मास की
हार्दिक शुभकामनाएं
PARAS VATS
7055274141
9870790301
SUDHAKAR ARORA
9719015536
SAGAR AHUJA
9639535580
MUKESH KUMAR
8057204232
SUNEEL SHARMA
9756135555


आप सभी महानगरवासियों
को
श्रावण मास
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
मनोज चौधरी
मो. 9412246596
जिलाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद
हिमाचल सिंह तेवतिया
जिला उपाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद


श्रावण मास की
हार्दिक शुभकामनाएं
योगा करने से दिमाग मे शान्ति :-
योग से दिमाग शांत रहता है। तनाव कम होता और अनिद्रा की समस्या से राहत मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है। ऐसे में तनाव और अनिद्रा की शिकायत से राहत पाने के लिए और दिमाग को शांत रखने व एकाग्रता के लिए नियमित योगा करके दिमाग तीव्र कर सकते है।
योगा करने से रीढ़ में मजबूती :-
जब कोर कमज़ोर होता है, तो हम अपनी रीढ़ को हानिकारक स्थितियों में मोड़ देते हैं जिससे असुविधा और चोट लग सकती है। योग कोर को मज़बूत करने में मदद करता है और उचित मुद्रा को प्रोत्साहित करता है । जैसे-जैसे आप मैट पर और मैट से बाहर दोनों जगह सीधे बैठना सीखते हैं, आप अस्वस्थ रीढ़ की हड्डी की वक्रता को उलट सकते हैं और पुराने पीठ दर्द को खत्म कर सकते हैं। रीढ़ की हड्डी को सीधा करने के लिए भी हम योग का प्रयोग कर सकते है।
योगा की मदद से मांसपेशियों मे मजबूती :-
योग से शक्ति, संतुलन और लचीलापन बढ़ता है। धीमी गति से चलने और गहरी सांस लेने से रक्त प्रवाह बढ़ता है और मांसपेशियां गर्म होती हैं, जबकि एक ही मुद्रा में रहने से ताकत बढ़ती है। एक पैर पर संतुलन बनाए रखें, जबकि दूसरे पैर को अपनी पिंडली पर या घुटने के ऊपर (लेकिन घुटने पर कभी न रखें) समकोण पर रखें जिससे मांसपेशियां मजबूत होती है।
योगा की मदद से नसों की कमजोरी दूर :-
नसों की कमजोरी को दूर करने के लिए आप योग का सहारा ले सकते हैं। इसकी मदद से आपको काफी आराम मिलता है। और नसों की कमजोरी की वजह से हमारे शरीर का संतुलन पूरी तरह से बिगड़ सकता है। दबी हुई नसों को खोलने के लिए भी हम योग का सहारा ले सकते है।
योगा की मदद से शारीरिक मजबूती :-
योग के अभ्यास से आपको शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से कई फायदे होते हैं। योग मुद्राओं में शामिल होने से आपको लचीलेपन, ताकत और संतुलन में सुधार करने के साथ-साथ वजन कम करने, मांसपेशियों का निर्माण करने और अपने दिमाग को अपने शरीर से जोड़ने में मदद मिल सकती है।
योगा से पाचन तंत्र मजबूत :-
योग में आहार का एक और महत्वपूर्ण महत्व पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखना है। फाइबर, प्रोबायोटिक्स और जलयोजन से भरपूर एक संतुलित आहार इष्टतम पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण में सहायता करता है। इससे पेट के स्वास्थ्य में सुधार होता है, सूजन कम होती है और आरामदायक अभ्यास होता है।
डॉ. मन्जेश राठी
MD, DM (Neuro)
Fellow Child Neurology (CDC)
Senior Consultant in Neurology
Neurophysiology & Sleep Medicine
दिमाग, रीढ़, मांस पेशियां एवं नसों के रोगों के विशेषज्ञ
सुबह हो या शाम रोज कीजिए योग
निकट नहीं आएगा कभी भी कोई रोग।
डी.एम.आर. हॉस्पिटल एंड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
निकट पी.एम.एस. स्कूल, पीलीकोठी, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद
फोन पर नम्बर लगाने के लिए सम्पर्क करें:-
0591-2411334, 9760304534, 7520435375, 9068814535
E-mail: drmanjeshrathi@gmail.com Website: www.dmrhospitals.com

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- ISO Registration
- 12A Registration
- 80G Registration
- Nielit Registration
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- Labour Department Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 33.0° | 28.0° |
| सूर्योदय 05:30 | सूर्यास्त 07:13 |

**एक नजर**

## नया मुरादाबाद में व्यावसायिक प्लॉट के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नया मुरादाबाद में व्यावसायिक प्लॉट बिक्री किए जा रहे हैं। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन के बाद नीलामी भी ऑनलाइन की जाएगी। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजुलता ने बताया कि नया मुरादाबाद सेक्टर दो में व्यावसायिक प्लॉट की बिक्री दो चरण में की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग प्लॉट को खरीदना चाहते हैं वह मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करके नीलामी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य जानकारी के लिए एमडीए के सम्पति अनुभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# दूसरे का प्लॉट दिखाकर 47 लाख की ठगी

## आरोपियों ने कई बार में रुपये ट्रांसफर कराए, पीड़ित को मारने के लिए दी सुपारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दोस्त ने दूसरे का प्लॉट दिखाकर 47 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित से कई बार में पैसे ट्रांसफर कराए। प्लॉट का बैनामा कराने को कहने पर आरोपी दिए पैसों से हत्या करवाने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के मऊ निकट एफसीआई गोदाम निवासी इरफान हुसैन ने दी तहरीर में बताया है कि हरथला मोहल्ला खेड़ा निवासी फारूक व इमरान दोनों भाई हैं। दोनों का उनके घर पर आना जाना है। फारूक दिव्यांग हैं। फारूक ने एक दिन आशियाना में कृष्णा आर्थोपेडिक हॉस्पिटल के सामने 350 वर्ग मीटर प्लॉट बेचने के लिए कहा। फिर दोनों में 50 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। इमरान ने फारूक को जून 2020 से मई 2023 तक कई बार में ट्रांसफर व नकद में 46 लाख 95 हजार रुपये दे दिए। पैसे देने के बाद इमरान ने प्लॉट के दस्तावेज मांगे। फारूक ने देने से इनकार कर दिया। फारूक ने कहा पहले पूरे 50 लाख रुपये दे दो उसके बाद तुम्हारे नाम बैनामा कर दूंगा। संदेह होने पर इमरान ने सच्चाई का पता लगाना शुरू कर दिया।

पड़ोसियों ने इमरान को बताया कि जिस प्लॉट का सौदा तय हुआ है, वह किसी दूसरे व्यक्ति का है। सच्चाई सुन इमरान के पैरों तले जमीन खिसक गई। पैसे वापस मांगने पर टालमटोल करने लगा। आरोप है कि 21 मई 2024 को फारूक अन्य साथियों को लेकर घर आ धमका। कहासुनी पर दिए पैसों से हत्या कराने की धमकी देने लगा। इमरान के सामने फारूक के साथियों ने सुपारी देने की बात कबूली। पुलिस से शिकायत पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धोखाधड़ी कर नाना की जमीन हड़पी, करोड़ों में बेची

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में रिश्ते के मामा ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर नाना की करोड़ों की संपत्ति का बैनामा अपने नाम करा लिया। भांजे ने विरोध किया तो उसकी हत्या कराने की धमकी देने लगा। एसएसपी के आदेश पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला पाल नगर निवासी साहब सिंह ने दी तहरीर में बताया है कि उनके नाना की पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव गुरैठा में करोड़ों की संपत्ति है। जिसको सोनकपुर के उदेयइया निवासी रिश्ते के मामा रामचंद्र ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेटों के नाम बैनामा करा लिया। इसके बाद जमीन को करोड़ों रुपये में बेच दिया। पीड़ित ने बताया है कि उसकी मां जमीन की असली हकदार हैं। वह नाना की इकलौती संतान थी। आरोप है कि जमीन कब्जाने गए पीड़ित को सभी ने एकजुट होकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने जान की सुरक्षा के लिए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने रामचंद्र समेत तीनों बेटों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फर्जी दस्तावेजों से 34 लाख की सरकारी भूमि दो लाख में बेची

- भूखंड पर निर्माण कराने के दौरान सच्चाई पता चली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज दिखाकर युवक ने नगर निगम की 34 लाख की जमीन दो लाख रुपये में बेच दी। भूमि का निर्माण करने पहुंचे क्रेता को नगर निगम की टीम ने पकड़ लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र के डबल फाटक भोलानाथ कॉलोनी निवासी अभिषेक ने दी तहरीर में बताया है कि कॉलोनी के ही रहने वाले मनोज कश्यप, सोनू कश्यप व ठाकुर कश्यप तीनों भाई और मां सोमवती ने पैसे की सख्त जरूरत बताकर अपना प्लॉट बेचने के लिए बोला था। इसके बाद पीड़ित ने प्लॉट का सौदा तय कर दिया। इसके बाद अभिषेक के पिता मुकेश सैनी ने मनोज के घर जाकर उन्हें दो लाख रुपये दे दिए। 19 जून 2019 को सभी ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय जाकर प्लॉट का बैनामा करा दिया। मुकेश सैनी तीन-चार दिन बाद प्लॉट का निर्माण करने के लिए गए। भनक लगने पर मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने सरकारी जमीन बताकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। आरोप है कि नगर निगम की लगभग 34 लाख की जमीन के फर्जी दस्तावेज दिखाकर सभी ने मिलकर दो लाख रुपये हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सदमे में आकर पीड़ित के पिता की मृत्यु हो गई। पीड़ित ने एसएसपी सतपाल अंतिल से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तीनों भाई समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आज से होगा मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन, लगेंगे अतिरिक्त कोच

- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोले गए अतिरिक्त आरक्षण व जनरल टिकट काउंटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सोमवार से सावन शुरू हो रहा है। जिसके लिए रेलवे ने पूरी तरह तैयारी कर ली है। रेलवे प्रशासन सोमवार से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। जिसके तहत हरिद्वार व योगनगरी से पांच ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

रेलवे प्रशासन हर साल सावन माह में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है। रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हरिद्वार व योगनगरी ऋषिकेश में अतिरिक्त आरक्षण व जनरल बुकिंग काउंटर खोले है। इसके अलावा दोनों स्टेशनों पर अतिरिक्त रैक का इंतजाम किया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि सावन को देखते हुए कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। पांच मेला स्पेशल ट्रेनों के अलावा दो मेमू ट्रेनों को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक चलेगी। कुछ मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को मेला स्पेशल स्टेशनों पर ठहराव भी निर्धारित किया गया है। अतिरिक्त स्टाफ के अलावा चार आरक्षण (पीआरएस) व छह जनरल (यूटीएस) काउंटरों के अलावा तीन एटीवीएम का इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद-लक्सर के लिए 22 जुलाई से 19 अगस्त तक, हरिद्वार से दिल्ली के लिए 29 जुलाई से दो अगस्त तक, योगनगरी ऋषिकेश से दिल्ली के लिए 29 जुलाई से दो अगस्त तक, योगनगरी ऋषिकेश लखनऊ तक छह अगस्त से 19 अगस्त तक और योगनगरी ऋषिकेश से बरेली तक तीन से पांच अगस्त तक मेला स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी।

साथ ही कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जा रहे हैं। जिसमें ट्रेन संख्या-04361-62 में तीन जनरल कोच, ट्रेन संख्या-04363-64 में तीन जरनल कोच, ट्रेन संख्या-04360-59 में तीन जनरल कोच, ट्रेन संख्या-04374-73 में दो जरनल कोच, ट्रेन संख्या-04376-75 में दो जरनल कोच, ट्रेन संख्या-04378-77 में दो जरनल कोच, ट्रेन संख्या-04334-33 एक जरनल कोच, ट्रेन संख्या-04394-93 में एक जरनल कोच, ट्रेन संख्या-04357-58 में एक जरनल कोच, ट्रेन संख्या-14305-06 में एक जरनल कोच और ट्रेन संख्या-14303-04 में एक जरनल कोच अतिरिक्त लगेंगे।

# राजस्व वसूली में बिजनौर की स्थिति खराब, आरटीओ ने जताई नाराजगी

**औचक निरीक्षण**

- शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान सामने आई थी खामियां
- रामपुर, अमरोहा के अधिकारियों को कार्य में सुधार के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संभागीय परिवहन अधिकारी की मंडल में घटते राजस्व ने चिंता बढ़ा दी है। मंडल में सबसे खराब स्थिति बिजनौर जिले की है। संभागीय परिवहन अधिकारी के निरीक्षण में बिजनौर जिला लक्ष्य से तो दूर पिछले वर्ष के सापेक्ष भी राजस्व नहीं वसूल सका है। आरटीओ राजेश सिंह ने एआरटीओ बिजनौर से कड़ी नाराजगी जताई है। रामपुर और अमरोहा की राजस्व वसूली की स्थिति दयनीय है।

मंडल के जिलों में राजस्व की वसूली कम होने पर आरटीओ राजेश सिंह ने शुक्रवार, शनिवार और रविवार को मंडल के पांचों जिलों का औचक निरीक्षण किया। शुक्रवार को बिजनौर में परिवहन कार्यालय में अव्यवस्थाएं देख आरटीओ भड़क गए। जिसके बाद बिजनौर जिले के एआरटीओ प्रशासन शिवशंकर से राजस्व वसूली की जानकारी की। जिसमें विभाग अलग-अलग शाखाओं में पिछले वर्ष के मुकाबले सभी कार्यों में कमी मिली।

दो व चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन का पटल सबसे से खराब स्थिति में मिला। पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष आधे भी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाए। वहीं हेवी व लाइट वाहनों की के पंजीकरण का कार्य में कमी मिली। वाहन फिटनेस व चालानी कार्रवाई में भी ढिलाई के कारण लक्ष्य के सापेक्ष पचास प्रतिशत कार्य भी नहीं किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और कर्मचारियों के खराब व्यवहार की बातें सामने आईं। जिसको लेकर बिजनौर के एआरटीओ प्रशासन से आरटीओ ने कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने बताया कि राजस्व वसूली के मामले में रामपुर और अमरोहा की स्थिति खराब है। यह दोनों जिले भी अपने निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर है। रविवार को अमरोहा जिले का आरटीओ ने निरीक्षण किया। आरटीओ ने बताया कि संभल जिले में राजस्व की स्थिति में सुधार है और सबसे अच्छी स्थिति में मुरादाबाद की राजस्व वसूली है। बिजनौर के अलावा रामपुर और अमरोहा के अधिकारियों को कार्य में लापरवाही न बरतने और कार्य में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

# 16 घंटे बाद अप एंड डाउन लाइन पर रेल संचालन शुरू

**अमरोहा हादसा**

- दोपहर 2:10 बजे अप व शाम को 5:14 बजे डाउन लाइन भी बहाल
- रविवार को भी रद रहीं पांच ट्रेनें, कुछ ट्रेने बदले मार्ग से संचालित हुई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में भटकते यात्री। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** अमरोहा हादसे के बाद रविवार को भी ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा। जिसके चलते पांच ट्रेनें निरस्त रहीं और कई ट्रेनें बदले मार्ग से संचालित की गईं। लेकिन, 16 घंटे के बाद रेल यातायात पूरी तरह चालू कर दिया गया। बाद में अन्य ट्रेनें अपने मार्ग से ही संचालित हुई। जिसके बाद रेलवे प्रशासन के साथ-साथ यात्रियों ने भी राहत की सांस ली।

मुरादाबाद रेल मंडल के अमरोहा रेलवे स्टेशन पर शनिवार शाम मालगाड़ी बेपटरी होने से रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे कई ट्रेनें प्रभावित हो गई थी। देर रात में ही रेलवे अधिकारियों ने घटना स्थल पर डेरा डालकर राहत और बचाव कार्य शुरू करा दिया था। 16 घंटे तक युद्धस्तर पर चले कार्य के बाद रविवार को अप और डाउन लाइन पर रेल संचालन शुरू करा दिया। जिसके बाद दोपहर में अप लाइन पर राजधानी एक्सप्रेस भी गुजरी और अन्य ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू हो गई।

शनिवार शाम 6:45 बजे मालगाड़ी संख्या (32612) अमरोहा स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित कल्याणपुरा गेट 27 सी के पास अचानक बीच में से डिरेल हो गई थी। तेज धमाके साथ एक के बाद एक नौ वैगन पटरी से उतरकर पलट गए थे। जिससे अप और डाउन लाइन पर रेल संचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। कुछ खंभे क्षतिग्रस्त होने से रेलवे की विद्युत सप्लाई भी बाधित हो गई। हादसे के बाद कई ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया था। हादसे के कुछ देर बाद डीआरएम राज कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने घटना का जायजा लिया। देर रात में ही बाद रेलवे की क्रेन व बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने राहत और बचाव का कार्य शुरू कर दिया था। युद्धस्तर पर कार्य शुरू हुआ और रविवार को दोपहर बाद तक चला। जबकि देर रात में ही पटरी पर पलटे वैगन को उठाकर साइड में करवा दिया गया था। जिसके बाद लाइन को दुरुस्त करने का कार्य शुरू हुआ। दोपहर एक बजे एक बजे तक अप और डाउन लाइनों का सुचारू कर दिया गया। इस दौरान डीआरएम व अन्य अधिकारी भी मौके पर डटे रहे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल के लिए इंजन को ट्रैक पर चलाया गया। जिसके बाद दोपहर 2:10 बजे राजधानी एक्सप्रेस को अप लाइन से गुजारा गया। वहीं डाउन लाइन पर 5:04 बजे दिल्ली-मुरादाबाद की ओर मालगाड़ी को गुजारा गया। शाम 5:14 मिनट पर दिल्ली स्पेशल गोरखपुर भी गुजरी। वहीं हादसे के कारण रविवार को ट्रेन संख्या 04385 गजरौला-नजीबाबाद पैसेंजर, 14315-16 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस, 04335 मुरादाबाद-गाजियाबाद मेमू, 04358 नजीबाबाद-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन निरस्त रही।

### हादसे की होगी जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार शाम अमरोहा रेलवे स्टेशन के पास हुए रेल हादसे की जांच के लिए रेल प्रशासन की टीम गठित हो चुकी है। जिसके तहत इंजीनियरिंग, कैरिज एंड वैगन व ऑपरेटिंग विभाग के अधिकारी इस हादसे के कारणों की जांच करेंगे।

**हालात** ऑनलाइन वेबसाइट पर लंबित हैं आवेदन, निस्तारण में साइट की गति बताई जा रही धीमी

# डीएम के लॉगिन से जन्म-मृत्यु पंजीकरण वेबसाइट पर हो रहा काम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जन्म-मृत्यु पंजीकरण वेबसाइट पर सीएमओ का लॉगइन काम नहीं कर रहा है। 14 जून के बाद जन्म-मृत्यु पंजीकरण के काम की गति धीमी रही है। कई चरण से होकर ऑनलाइन आवेदन सीएमओ की लॉगिन पर आते हैं और फिर यहां आकर लंबित हो जा रहे हैं। चूंकि, सीएमओ का लॉगिन संचालित नहीं होने से वह डीएम के लॉगिन से काम चला रहे हैं। इसके लिए कर्मियों को डीएम की लॉगिन खोलने के लिए बार-बार एनआईसी से ओटीपी की भी मांग करनी पड़ती है।

यही कारण बताए जा रहे हैं कि सात दिन से अधिक अवधि वाले लंबित आवेदन की संख्या 54 से भी पार हो गई है। ऐसे ही 8 से 15 दिन से अधिक अवधि वाले लंबित आवेदन 70 से अधिक हो चुके हैं। यही नहीं, 15 दिन से भी ज्यादा दिनों से लंबित आवेदनों की संख्या 84 से भी ज्यादा बताई जा रही है। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र के 80 आवेदन 15 दिनों से अधिक लंबित चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए नया पोर्टल विकसित करने के लिए 14 जून को बेवसाइट बंद हो गई थी।

इसमें स्टेट एनआईसी ने थोड़ा सा बदलाव करने के बाद 18 जून को साइट सुचारू करा दी गई थी। लेकिन, इसके बाद बेवसाइट पर काफी दिक्कतें आनी शुरू हो गईं। सीएमओ की वेबसाइट अभी तक सक्रिय नहीं हो सकी है। ऐसे में आवेदन काफी लंबित हो जा रहे थे तो स्टेट एनआईसी को जानकारी दी गई लेकिन, अब तक समस्या बनी है। विकल्प के तौर पर सीएमओ कार्यालय में डीएम की लॉगिन पर काम हो रहा है।

### ऑनलाइन आवेदनों में दस्तावेजों का अभाव

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए नवीन पोर्टल भारत सरकार से संचालित है। जन्म-मृत्यु की एक माह से अधिक व एक वर्ष तक की घटनाओं का विवरण पोर्टल पर अपलोड करने में संबंधित दस्तावेज पूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में पोर्टल पर अपलोड हो रहे अधिकांश आवेदन का अप्रूवल किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। इस मामले में सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को पिछले दिनों पत्र लिखा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि जन्म पंजीकरण वाले ऑनलाइन आवेदनों के लिए जन्म की सूचना प्रपत्र-1, माता-पिता के आधार कार्ड, आवेदक द्वारा दिया गया शपथ पत्र, जन्म के स्थान का प्रमाण पत्र व पार्षद/प्रधान का लेटर पैड। इसी तरह उन्होंने मृत्यु की घटना पर पंजीकरण के लिए ऑनलाइन दस्तावेजों में आवेदन पत्र, प्रपत्र-दो पर मृत्यु की सूचना, मृतक का आधार कार्ड, आवेदक का शपथ पत्र व आधार कार्ड, मृत्यु के स्थान का प्रमाण व कारण, श्मशान/कब्रिस्तान की सूचना, प्रधान या पार्षद का लैटर पैड आदि की आवश्यकता होगी।

### वेबसाइट स्लो है : नोडल अधिकारी

नोडल अधिकारी (जन्म-मृत्यु पंजीकरण) डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने बताया कि वेबसाइट में बदलाव किया है, इसके बाद से साइट काफी स्लो चल रही है। जन्म-मृत्यु पंजीकरण के मामले में पिछली बार मुरादाबाद प्रदेश में 64 प्रतिशत था। आवेदन समय से न होने पर आवेदकों को जरूरत से अधिक दस्तावेज देने होते हैं। जन्म का पंजीकरण अधिकतम 21 दिन के अंदर हो जाना चाहिए। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सात दिन के अंदर आवेदन करना चाहिए। फिर मृत्यु के 30 दिन बाद प्रमाण पत्र के आवेदन के लिए सीएमओ की और एक साल होने पर एसडीएम अनुमति पर प्रमाण पत्र जारी होता है।

## मेडिकल के सामने स्कूटी खड़ी करने पर विवाद, पथराव में सात घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा



अस्पताल में भर्ती घायल।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रविवार देर रात मेडिकल के सामने स्कूटी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसके बाद हुए पथराव में दोनों पक्ष के सात लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बा के मोहल्ला माली वाली बगिया में देर रात करीब 10:00 बजे 10 वर्षीय नवेद मेडिकल के सामने स्कूटी खड़ी कर रहा था। इसी दौरान मेडिकल संचालक ने नवेद के साथ मारपीट कर दी। वह रोता हुआ घर पहुंचा। इसके बाद नवेद की परिवार वाले मेडिकल स्टोर पहुंचे तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चलने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिसमें एक पक्ष के मुसब्बर अली पुत्र सूफी अनवर की हालत गंभीर है। वहीं नवेद व उसके परिवार के रिहान, फैजान, गुलफाम, मोहम्मद कासिम व मोहम्मद आसिम घायल हुए हैं। इसमें किसी का सिर फूटा है तो किसी की नाक में चोट आई है।

### जीआरपी ने चाकू के साथ पकड़ा युवक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय रेल पुलिस ने स्टेशन से एक युवक जाहिद निवासी पाकबड़ा को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह जानकारी जीआरपी थाना प्रभारी राजन शर्मा ने दी।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001


www.navtapbuilders.com
NAVTAP Builders Private Limited
नवतप बिल्डर्स प्रा0 लि0
नवतप इंफ्राटेक प्रा0 लि0
NAVTAP INFRATECH PVT. LTD.
समस्त देशवासियों एवं नगरवासियों को
श्रावण मास एवं श्रावण के प्रथम सोमवार
की हार्दिक शुभकामनाएं
UPRERAPRJ803061
MBDA/LD/21-22/0485
RERA APPROVED
APPROVED
नवनीत प्रताप सिंह
सी.एम.डी.
ठाकुर राहुल सिंह
एम.डी.
हरपाल सिंह
एम.डी.
संजू सिंह
एम.डी.
NAVTAP Regal
Office Add: Singh Complex, 1st Floor, Phase-02 Budhi Vihar Awas Vikas Majhola, Delhi Road, Moradabad-244001 (India)
9759999793
9759999794


जाट महासभा की ओर से सभी नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को श्रावण मास एवं श्रावण के प्रथम सोमवार की हार्दिक शुभकामनाएं
रावेन्द्र चौधरी
राष्ट्रीय महासचिव, जाट महासभा
अनिल चौधरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, जाट महासभा
प्रतिक शेरावत
प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा
सुशील चौधरी
जिला उपाध्यक्ष
अरुण चौधरी
जिला महासचिव
नरेन्द्र चौधरी
तहसील अध्यक्ष
विकास चौधरी
जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा
अतुल चौधरी
जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा
कुलदीप चौधरी
तहसील अध्यक्ष युवा मोर्चा


उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल
राजीव शर्मा
जिला अध्यक्ष
अरविन्द गुप्ता
युवा जिलाध्यक्ष
संजू शर्मा
जिला अध्यक्ष
लघु उद्योग प्रकोष्ठ व्यापार मंडल
केतन सागर
जिला अध्यक्ष, समप्रकोष्ठ
राज बहादुर यादव
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं
ग्राम प्रधान आगापुर


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
विपेन्द्र कुमार
जिला महामंत्री
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ
रामपुर


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
रवेन्द्र गंगवार
अध्यक्ष
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ
(उ.प्र.)


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल किशोर रस्तोगी
अध्यक्ष
ज्वालानगर सर्राफा कमेटी, रामपुर
मो.- 9837370784, 7078091784


मदद एक आस फ़ाउंडेशन
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतीक शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष


यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) रामपुर
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
राम चन्द्र
जिला महामंत्री


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल

## शहर में आज

☞अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से सावन के प्रथम सोमवार पर रुद्राक्ष व बेलपत्र के पौधों का रोपण द्वाप वाला मंदिर, आशियाना में शाम 5:00 बजे।

☞साहित्यिक संस्था हरसिंगार की ओर से नवगीतकार स्व. माहेश्वर तिवारी की जयंती पर लोकार्पण व सम्मान समारोह गौर ग्रेशियस कॉलोनी में दोपहर 1:00 बजे।

☞शाश्वत ट्रस्ट की ओर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम ओम श्याम गार्डन मैनाठेर रोड पर दोपहर 1:00 बजे।

☞अपना दल (के) द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर गागन नंदी को कब्जा मुक्त कराने के लिए ज्ञापन पूर्वाह्न 11:00 बजे।



किसानों को लेकर जा रही बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

## दिल्ली में आयोजित कृषक मेले में नई तकनीक सीखेंगे जिले के किसान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) योजना के अन्तर्गत 2 दिवसीय अंतर्राज्यीय कृषक मेला/प्रदर्शनी में कृषकों को प्रतिभाग कराने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस बस के माध्यम से 60 कृषकों को भेजा गया है। जो नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित 15वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि एवं बागवानी एक्सपो -2024 में प्रतिभाग करेंगे। इसमें कृषकों को कृषि क्षेत्र की आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज और विभिन्न प्रकार के कृषि विविधीकरण से जोड़ने के लिए विभिन्न कृषि संस्थानों एवं प्रदर्शनियों में प्रतिभाग कराने के लिए जिलाधिकारी ने आत्मा की बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इस मौके पर उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आयुष औषधि खरीदने को मिले 12.50 लाख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुष प्रभाग में प्रति चिकित्सक/इकाई पर 50,000 रुपये से आयुष औषधि खरीदने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सीएमओ को 12.50 लाख रुपये मिले हैं।

जिले में कुल 25 इकाइयां हैं। इन दवाओं की खरीद के लिए गठित समिति को निर्देश है कि आवश्यक आयुष औषधियों की जरूरत का आकलन एवं निर्धारण करने के बाद उनकी खरीद हो। आयुष औषधियों की खरीद के संबंध में स्वास्थ्य मिशन निदेशक ने सीएमओ को होम्योपैथी, यूनानी व आयुर्वेदिक की दो-दो सौ दवाओं की सूची भी जारी की है। इसमें होम्योपैथी की 185, जैव रसायन की 12 और तीन तरह की आई/ईयर ड्रॉप समेत कुल 200 दवाओं के नाम हैं। इसी तरह यूनानी चिकित्सा के लिए आवश्यक औषधियों की सूची में अर्ककियात की 10, हुबूब की 29, अकरास की 8, कुश्ताजात की 6, इट्रिफलात की 7 दवाओं समेत कुल 200 दवाएं शामिल हैं।

### व्यापारियों व निर्यातकों की करों में छूट की आस, डीजल-पेट्रोल की कीमतों में भी हो कमी

## बजट से आस : वित्त मंत्री जी कम करिए मालभाड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से पीतल नगरी के निर्यातकों और कारोबारियों को भी बहुत उम्मीदें हैं। 23 जुलाई को वित्तमंत्री के बजट के पिटारे से राहत की आस लोगों को है। कोई माल भाड़ा कम करके ढुलाई पर आने वाले खर्च में कमी से व्यापार को रफ्तार मिलने की आस लगाए है तो किसी को निर्यात के करों में छूट चाहिए।

व्यापारियों का कहना है कि वह सबसे अधिक सरकार को टैक्स देते हैं। ऐसे में वित्तमंत्री को भी उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जिससे देश की आर्थिकी और मजबूत करने में व्यापारी समर्थ हो सकें। डीजल-पेट्रोल की कीमतों में भी कमी होने पर सबको लाभ मिलेगा।



निर्यात पर लगने वाला टैक्स खत्म किया जाए। तभी निर्यात बढ़ाने में सफलता मिलेगी। निर्यात में इनकम टैक्स में वित्तमंत्री को पूरी छूट देनी चाहिए। साथ ही बैंकों से मिलने वाले लोन पर निर्यातकों को पहले 5 प्रतिशत सब्सिडी मिलती थी जिसे सरकार ने कम करके 3 प्रतिशत कर दिया। इसे बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया जाए। जिससे कारोबार में मजबूती आए।

**–अवधेश अग्रवाल,** महासचिव, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन



वित्तमंत्री व्यापारियों के हित में बजट प्रस्तुत करें। जीएसटी की खामियां दूर कर इसका सरलीकरण किया जाए। जीएसटी की दरें सरकार को इस बजट में कम करनी चाहिए। व्यापारी हमेशा सरकार के साथ है। वह सरकार को सर्वाधिक टैक्स देता है। इसलिए वित्तमंत्री को बजट में व्यापारियों का पूरा ध्यान रखना होगा।

**–विपिन गुप्ता,** वरिष्ठ उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार संगठन



एक्सपोर्ट क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय मंदी को देखते हुए वित्तमंत्री को हस्तशिल्प कारोबारियों की विशेष मदद करनी चाहिए। एमएसएमई में 45 दिन की बाध्यता उचित नहीं है। हस्तशिल्प क्षेत्र में छोटे कारोबारी हैं इन्हें टेक्सटाइल्स से हटकर देखना होगा। हस्तशिल्प क्षेत्र के निर्यातकों को विशेष पैकेज मिलने की उम्मीद इस बजट से लगी है। इसके लिए ज्ञापन भी भेजा गया है।

**–विशाल अग्रवाल,** नेशनल चेयरमैन यस

### केंद्रीय बजट से न मिल जाए निराशा

उम्मीद की गठरी में कहीं निराशा न लग जाए। इसका अंदेशा महानगर के कई निर्यातक व कारोबारी कर रहे हैं। पिछले बजट से निराश निर्यातक व कारोबारी इस बार उम्मीद तो लगाए हैं लेकिन, अपनी मांग पूरी न होने की स्थिति में आगे कारोबार को कैसे मजबूती देना है इस पर भी मंथन कर रहे हैं। एक निर्यातक ने यहां तक कह दिया कि वित्तमंत्री से अक्सर निराशा ही मिलती है। इस बार भी कहीं ऐसा ही न हो जाए। वहीं महंगाई की मार झेल रहे नागरिक व गृहणियां भी बहुत आशान्वित नहीं हैं।

## एक नजर

### नजर अली ने ढाबे पर लिखवाया अपना नाम

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** दिल्ली रोड पर शिवा के नाम से चला रहे ढाबे पर मुस्लिम मलिक ने उसके नीचे अपना नाम लिखा है। दिल्ली रोड हाईवे पर टीएमयू के सामने शिवा टूरिस्ट ढाबा के नाम से होटल है। इसके संचालक एवं मालिक नजर अली हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार का आदेश आने के बाद शिवा टूरिस्ट ढाबा के नीचे अपना नाम नजर अली लिख दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे पार्टनर हिंदू थे। जिनकी वजह से शिवा टूरिस्ट ढाबा नाम रखा गया था और हमने इसलिए नाम रखा था क्योंकि हमारे पूर्वज भी हिंदू ही रहे हैं। इसी को लेकर पूरे दिन आसपास के क्षेत्र में यह चर्चा का विषय रहा। नजर अली का कहना है कि मुझे सरकार के आदेश से कोई आपत्ति नहीं है।

### अली बने कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन पंखुड़ी पाठक ने मुरादाबाद समेत प्रदेश के कई जनपदों में जिलाध्यक्ष नियुक्त किए है। जिसके तहत मुरादाबाद में अली हसनैन रिजवी को सोशल मीडिया विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाउंगा। सभी को साथ लेकर वह संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

# पहला सोमवार आज, आस्था के जल से होगा भोलेनाथ का अभिषेक

### श्रावण माह भी आज से शुरू, महानगर की सड़कों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, बम बम भोले व हर हर महादेव की रही गूंज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सावन माह का पहला सोमवार आज है। बाबा भोलेनाथ के भक्त पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ उनका जलाभिषेक करेंगे। तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। जिसके लिए शिवालयों में विशेष तैयारियां की गई हैं। वहीं रविवार को महानगर की सड़कों पर आस्था का सैलाब दिखा। पूरे दिन बम-बम भोले और हर हर महादेव की गूंज रही। शिवभक्त हरिद्वार व बृजघाट से जलाभिषेक के लिए गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों की ओर रवाना हुए। इस दौरान कांवड़िए डीजे की धुन पर झूमते नजर आए।

महानगर की सड़कों पर कांवड़ियों के जत्थे भगवा रंग में नजर आए। बाबा भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल लेकर आए। इस दौरान कांवड़ पर भगवा और तिरंगे झंडे यात्रा को सुंदर बना रहे थे। साथ ही डीजे पर भोलेनाथ के भजन ने माहौल भक्तिमय कर दिया। बरेली, रामपुर समेत अन्य शहरों के कांवड़िए भी महानगर से होकर गुजरे। तो वहीं महानगर के कांवड़िए भी हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर आए। कांवड़िए भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार कर चंदन, बेल पत्र, भांग, धतूरा आदि चढ़ाएंगे। साथ ही दूध, दही, शहद, गंगाजल, घी से उनका अभिषेक करेंगे। मोहल्ला किसरौल स्थित चौरासी घंटा मंदिर के पं. विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं का मंदिर में तड़के से ही दर्शन के लिए आवागमन शुरू हो जाएगा। सुबह पांच बजे आरती की जाएगी। दोपहर में भगवान शिव को स्नान कराने के बाद चंदन, मोगरा, गुलाब, भांग, बेल पत्र, सूखे मेवों से श्रृंगार जाएगा। रात्रि आठ बजे महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। पूरे सावन भक्त मंदिर में शिव का जलाभिषेक कर दीपक जलाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को गुलाब, मोगरा, गेंदा के फूलों व रंग -बिरंगे झालरों से सजाया गया है। मंदिर में भीड़ इकट्ठा न हो इसके लिए महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग प्रवेश द्वार की व्यवस्था की गई है। प्राचीन शिव मंदिर हरथला के पं. मनोज पाठक ने बताया कि मंदिर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह चार बजे से कांवड़ियों के जत्थे मंदिर में आकर जल चढ़ाएंगे। पांच बजे मंदिर में आरती की जाएगी। सावन में मनोकामना पूर्ति के लिए रोजाना दीपक जलाने का विशेष महत्व है।



चौ. चरण सिंह चौक पर भगवा झंडा पसंद करता युवक। ● अमृत विचार



हरिद्वार से गंगा जल लेकर आता शिव भक्त।



कांठ रोड पर निगम द्वारा शिव भक्तों के स्वागत के लिए लगाया गया होर्डिंग। ● अमृत विचार

### शनिवार, रविवार को हाईवे की निगरानी करेंगे अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी श्रावण माह में प्रत्येक शनिवार व रविवार को दो दिन हाईवे की निगरानी करेंगे। हालांकि हाईवे पर सड़क की एक साइड केवल कांवड़ियों के लिए आरक्षित की गई है। पूर्व में कांवड़ यात्रा के दौरान हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसको देखते हुए प्रशासन ने संभागीय परिवहन विभाग को रात दिन कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों को हाईवे पर रहने के निर्देश दिए हैं। मुरादाबाद से दिल्ली, रामपुर, हरिद्वार मार्ग पर आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई है। इसमें एआरटीओ प्रवर्तन निर्मल आनंद के अलावा एआरटीओ प्रशासन को भी शामिल किया गया है। श्रावण मास में प्रत्येक शनिवार और रविवार को रात और दिन कांवड़ियों के मार्ग में आने वाले बड़े वाहनों की निगरानी करेंगे। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके।

## शिक्षकों की जागरूकता को कार्यशाला का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिक्षकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार से दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें जनपद के सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाएं हिस्सा लेंगी। कार्यशाला कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित होगी।

एसएस चिल्ड्रन एकेडमी की प्रधानाचार्या बबीता अग्रवाल ने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और स्वस्थ मन से ही उचित मार्गदर्शन एवं सही ज्ञान प्रदान किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी में शिक्षकों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सीबीएसई देहरादून के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला सोमवार व मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें महानगर एवं आसपास के सभी सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 50 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की शिक्षक उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## शिवालयों के आसपास कराई सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रावण महीने के पहले सोमवार को महानगर के शिवमंदिरों पर जलाभिषेक किया जाएगा। इसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने मंदिरों के आसपास सफाई कराने के साथ ही मुख्य द्वार रंगोली बनाई। सड़क किनारे व मंदिर के आसपास के झाड़ियों की कटाई कर चूने का छिड़काव कराया।

श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को देखते हुए कांठ रोड व दिल्ली रोड पर नगर निगम की ओर से भव्य स्वागत द्वार लगाया गया। कांवड़ रूट पर सफाई कराकर झाड़ियों की कटान कराई गई। महानगर के चौरासी घंटा मंदिर, झारखंडी शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों के आसपास सफाई कराकर मंदिरों के मुख्य द्वार रंगोली बनाई गई। कांठ रोड पर सड़क किनारे उगी घासों की कटिंग निगम की टीम ने की। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सभी सफाई निरीक्षकों को अपने क्षेत्र के मंदिरों व आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में लापरवाही न करने की हिदायत दी है।



नवाबपुरा स्थित झारखंडी मंदिर की साफ-सफाई करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- **मंदिरों के आगे बनाईं रंगोली झाड़ियों की सफाई कराकर निगम ने कराया चूने का छिड़काव**



कांवड़ मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई करते नगर निगम के कर्मी।

## कुष्ठ रोगी, दिव्यांग व नट जाति के 301 पात्रों को घर देगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सरकार ने जिले के आठों ब्लॉक से मांगे हैं पात्रों के नाम**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री आवासीय योजना में कुष्ठरोगी, प्राकृतिक आपदा, दिव्यांग व नट जाति के आवास हीन व्यक्ति को सरकार की ओर से सिर छिपाने के लिए छत मिलेगी। सरकार ने जिले के आठों ब्लॉक से पात्रों के नाम मांगे हैं। जिसमें जिला ग्राम्य अभिकरण विभाग की ओर से चारों वर्गों में 301 पात्रों के नाम भेजे गए हैं। सभी पात्रों को योजना की नियमावली के अनुसार शर्तें पूरी करनी होंगी।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद ने बताया कि सरकार अब नट, देवीय आपदा, कुष्ठ रोगी व दिव्यांगों को मुख्यमंत्री आवासीय योजना में घर देने जा रही है। इसके लिए जिले के आठों ब्लॉक से चारों वर्गों के 301 पात्रों के नाम भेजे गए हैं। जिसमें 230 दिव्यांग, 13 नट, 56 प्राकृतिक देवीय आपदा और 02 कुष्ठ रोगियों के नाम भेजे गए हैं। इसमें दिव्यांगों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से मिले प्रमाण पत्र के आधार पर, प्राकृतिक देवीय आपदा में बारिश से गिरे मकान के लिए तहसील से 95 हजार से कम की मदद मिली हो इसके लिए तहसील से ऐसे पात्रों को रिकॉर्ड लिया गया है।

नट जाति का तहसील से बने जाति के प्रमाण पत्र के आधार पर और कुष्ठ रोगियों को कोई प्रमाण पत्र की नहीं देने हैं। उन्होंने बताया कि सरकार को सभी के प्रमाण पत्र लेकर नामों की सूची भेजी दी गई है। सरकार से अग्रिम आदेश मिलने के बाद जल्द ही भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## एक लेन रिजर्व, दूसरी पर रेंगते रहे वाहन

कार्यालय संवददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर लागू किए गए रूट डायवर्जन से दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था फेल हो गई। रविवार को श्रद्धालुओं के लिए हाईवे की एक लाइन को रिजर्व कर दिया। वहीं दूसरी पर कई किलोमीटर तक वाहन रेंगते रहे। एक लेन पर आवाजाही से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

रविवार को महानगर से जीरो प्वाइंट से आगे तक कई किलोमीटर तक जाम लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए पुलिस प्रशासन ने हाईवे की एक लाइन को रिजर्व कर दिया। इसकी वजह से दिनभर वाहन रेंगते रहे। खासकर हाईवे के किनारे पड़ने वाले कस्बों की स्थिति खराब है। जीरो पाइंट से पाकबड़ा तक और महानगर से जीरो प्वाइंट तक जाम के हालात रहे। भारी वाहनों का प्रवेश सोमवार शाम तक हाईवे पर पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। पूरे रूट पर जगह-जगह पुलिस की टीमें कांवड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए लगाई गई हैं। बावजूद इसके यातायात व्यवस्थाएं फेल हो रहीं हैं। यातायात व्यवस्था के लिए दो हजार पुलिसकर्मी तैनात किए हैं।




रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### सुरक्षा में तैनात दो हजार पुलिसकर्मी

कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दो हजार पुलिस कर्मी तैनात किए हैं। जगह-जगह रास्ते में सहायता के लिए खड़े रहेंगे। 48 इंस्पेक्टर और 261 दरोगा निगरानी करेंगे। वहीं 251 हेड कांस्टेबल और 250 महिला कांस्टेबल समेत 1100 सिपाही मुस्तैद रहेंगे। पुलिस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रहेगी। 258 यातायात पुलिसकर्मियों को भी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही है। यदि किसी ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट डाल कर माहौल खराब करने की कोशिश पर उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

**निर्देश** | झाड़ फूंक की बजाय पीड़ित को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं

## सर्पदंश से पीड़ित व्यक्तियों के लिए गाइडलाइन जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सर्पदंश से प्रभावित अंग को स्थिर कर दें, उसे हिलाने-डुलाने से बचे**
- **पीड़ित को जितनी जल्दी हो सके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं**

**अमृत विचार:** किसी व्यक्ति को यदि सांप काट ले तो डरना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसे समय में घबराएं नहीं और न ही जल्दबाजी में कोई ऐसा कदम उठाएं, जिससे जान को खतरा हो। ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस बात की सही जानकारी बेहद जरूरी है।

सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने बताया कि सांप काटने की स्थिति में सबसे पहले रोगी को आश्वस्त करें, क्योंकि लगभग 70 से 80 प्रतिशत सांप के कटाने के मामले गैर विषैले होते हैं। घायल व्यक्ति को सांत्वना दें क्योंकि घबराहट से हृदय गति तेज हो जाएगी और जहर सारे शरीर में जल्द फैल जाएगा।

सांप के रंग व आकार को देखने और याद रखने की कोशिश करें। शरीर के प्रभावित हिस्से से अंगूठियों, घड़ी, आभूषण, जूते व तंग कपड़े हटा दें, ताकि प्रभावित हिस्से से रक्त की आपूर्ति न रुके।

सर्पदंश से प्रभावित अंग को स्थिर कर दें, उसे हिलाने-डुलाने से बचे। पीड़ित को जितनी जल्दी हो सके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं। पीड़ित व्यक्ति का सिर ऊंचा करके लिटाएं या बैठाएं। घाव को तुरंत साबुन या गर्म पानी से साफ करें।

सांप काटने का समय नोट करें जिससे जरूरत पड़ने पर आपातकालीन कक्ष स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को इसकी सूचना दी जा सके। पीड़ित व्यक्ति को शांत और स्थिर रहने के लिए कहें। काटे हुए अंग को हृदय के लेवल से नीचे रखे।

जिलाधिकारी ने बताया कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक न कराएं। सर्पदंश वाले अंग को न मोड़ें। ऊंची जमीन पर जाने के लिए पानी में तैरते समय सांपों से सावधान रहें। सांप को अपने आस-पास देखने पर धीरे-धीरे उससे पीछे हटें। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश न करें। मलबे या अन्य वस्तुओं के नीचे सांप हो सकते हैं इसलिए सतर्क रहे। घाव को काटने का प्रयास न करें। सांप के काटने पर बर्फ न लगाएं क्योंकि बर्फ रक्त संचार को अवरूद्ध कर सकती है। जहर चूसने के लिए अपने मुंह का प्रयोग न करें। शराब, कैफीन आदि न पियें या कोई दवा न लें। सर्पदंश किट का प्रयोग न करें। व्यावसायिक किटों में अक्सर चीरा लगाने के लिए एक ब्लेड होता है जो शरीर की आंतरिक संरचनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। जब तक आप मोटे चमड़े के जूते न पहने लंबी घास से दूर रहें और जितना संभव हो लंबी पैदल यात्रा के रास्तों पर रहें।



वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकृष्ण शुक्ल को कलाश्री सम्मान देते रचनाकार व आयोजक। ● अमृत विचार

## काया तो छूटी, माया भी साथ न ले जा पाया...

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकृष्ण शुक्ल को उनकी साहित्यिक सेवाओं व उत्कृष्ट सृजन के लिए कला भारती साहित्य समागम की ओर से रविवार को कलाश्री सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन मिलन विहार स्थित आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हुआ।

रघुराज सिंह निश्चल ने मां सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम का आरंभ किया। अध्यक्षता संजीव आकांक्षी ने की। मुख्य अतिथि रामदत्त द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह ओंकार मंचासीन हुए। सम्मान में श्रीकृष्ण शुक्ल को अंग-वस्त्र, मान-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इसके बाद गोष्ठी में रचना पाठ करते हुए श्रीकृष्ण शुक्ल ने कहा - धन यश वैभव के चक्कर में जीवन व्यर्थ गंवाया, अंतिम पल वह धन भी तेरे किंचित काम न आया। काया तो छूटी, माया भी साथ न ले जा पाया, सोच जरा क्या खोया तूने, सोच जरा क्या पाया। महानगर के रचनाकारों कमल शर्मा, राजीव प्रखर, मनोज मनु, योगेन्द्र वर्मा व्योम, विवेक निर्मल, आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ, चंद्रहास हर्ष, बृजेन्द्र वत्स आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

द्वितीय पुण्यतिथि
जन्म 18.06.1968
अवसान 22.07.2022

स्वः श्रीमती हेमलता अग्रवाल
सौम्यता उनकी सुंगध थी, आनन्द उनका जीवन था।
सत्कर्म उनकी शोभा और परोपकार उनका कर्तव्य था।।
बस उनकी यादें हमारे साथ हैं, हमारी इस मोड़ पर।
बिताए थे जो पल उनके साथ, वह आज भी हमें याद है।।
हम दूर होकर भी उनसे आज भी उनके बहुत पास है।
उड़ कर चली गई हवा में कागज के पन्नों की तरह
अब कभी लौट कर ना आएगी ।
दूसरी पुण्यतिथि पर आपको शत् शत् नमन
- श्रद्धावनत -
उमेश अग्रवाल (पति)
सुमित अग्रवाल (नगर अध्यक्ष युवा अग्रवाल सभा हसनपुर)-निकिता अग्रवाल(पुत्र-पुत्रवधु)
शिखर अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा अमरोहा) - शिवांगी अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु)
विधि अग्रवाल-आयुष गर्ग (पुत्री-दामाद)
प्रिशा अग्रवाल, कृशवी अग्रवाल, जीविका अग्रवाल (सुपौत्रीया),
कल्पना (धेवती) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।
मो.- 8433130436, 9837331316

# साधु-संतों और गुरुजनों का सम्मान हमेशा सर्वोपरि

## भाजपा कार्यालय पर गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर और जिला इकाई की ओर से बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यालय के बाहर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। अध्यात्म व शिक्षा जगत से जुड़े महंत, पुरोहित व गुरुजनों को सम्मानित भी किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे शास्त्रों और पुराणों के अनुसार साधु संतों और गुरुजनों का सम्मान हमेशा सर्वोपरि रहा है और रहेगा। गुरुजन, साधु-संत व्यक्ति और समाज के पथ-प्रदर्शक होते हैं। देश व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि गुरुजन, साधु-संतों से हमें निरंतर संपर्क व समन्वय बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश पाल और संचालन महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, सहकारी बैंक के चेयरमैन विजय भान सिंह, ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह, सुरेंद्र विश्नोई, निमित जायसवाल, दिनेश शीर्षवाल, जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, हरज्ञान सिंह, कमल प्रजापति आदि मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय पर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी। ● अमृत विचार

### इनका हुआ सम्मान

शिव मंदिर आशियाना के पंडित पवन मिश्रा, ज्योतिषाचार्य पंडित सुरेंद्र शर्मा, पुरोहित नन्नू सिंह भगत, पंडित चंदन रुहेला, पंडित कृष्ण मोहन शर्मा, श्री श्री 108 हारस्वरूप मोनी बाबा, डॉ. विशेष गुप्ता, डॉ. योगेंद्र सिंह, मंयक त्यागी, देवराज सिंह चौहान आदि को सम्मानित किया गया।

### एक नजर


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में भजन गाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### आओ गुरु को करें नमन कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट की ओर से गुरु पूर्णिमा के पर्व पर आओ गुरु को करें हम नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एकता द्वार स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में हुआ। तीन चरणों में हुए इस आयोजन में विचार गोष्ठी, भजन संध्या और दीप यज्ञ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार वर्मा और सरस्वती वंदना सूर्यांशी द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री द्वारा आओ गुरु को करें हम नमन गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में उपस्थित धवल दीक्षित ने भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने गुरुदेव को समर्पित काव्यपाठ किया। संतोष सैनी ने प्रज्ञा पुरुष हमारे गुरुदेव विषय पर अपना उद्बोधन दिया। आभार अभिव्यक्ति आईपी सिंह के द्वारा की गई। इस अवसर पर मनीष कौशिक, प्रेमलता सक्सेना, मधु शर्मा, दिनेश शर्मा, दुष्यंत बाबा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, बाबूराम, मुरारी लाल, सरदार सिंह, विश्वपाल सिंह, मनीषा और निरंजना मौजूद रहीं।

### गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ और प्रसाद वितरण का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर रविवार को यज्ञ और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन हरथला शिवमंदिर में कमेटी की ओर से किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सामूहिक रूप से यज्ञ करते हुए हवन कुंड में ग्यारह सौ आहुतियां प्रदान कीं। बाद में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजय पाल, विकास, विक्की, अंकित, विशाल, दीपू चौहान, पूनम देवी, अवनीश कुमार, विजयपाल सिंह, मनोज चौहान, वीरेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, चमनो देवी, ओमवती देवी, वैशाली चौहान आदि मौजूद रहें।

## गुरु पूर्णिमा पर भंडारा कर प्रसाद वितरित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर विशाल भंडारे का आयोजन यप परिवार के सदस्यों के द्वारा किया गया। इसमें लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने बताया कि आज का दिन महर्षि वेद व्यास को समर्पित है। आज के दिन ही उनका जन्म हुआ था। गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है। हमारे गुरु ही होते हैं जो हमें जिंदगी जीना और जिंदगी मैं कैसे अच्छे कर्म करने चाहिए यह सिखाते हैं। यप परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर भंडारा कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। इसमें महिला सदस्यों ने सहयोग दिया। भंडारे के दौरान नेहा मेहरोत्रा, मिली सिक्का, भावना गुप्ता, पूजा गोयल, रूपम, पूनम भटनागर, वीनू आहूजा, रजनी, रश्मि माथुर, मानसी टंडन, सारिका वर्मा, काव्या मित्तल, सारिका, वाशी भटनागर, रविन्द्र कौर सहित अन्य की मौजूदगी रही।



गुरु पूर्णिमा पर भंडारे में भोजन प्रसाद वितरित करतीं यप संस्था की सदस्य।

## दिव्य योग केंद्र में हुआ गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में गुरु पूर्णिमा पर्व का वैदिक वातावरण में आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ वेद मंत्रों से गुरु महिमा और स्तुति करके किया गया।

योग केंद्र के सभी साधकों ने योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी एवं मुख्य अतिथि रीतू रस्तोगी का माल्यार्पण कर नमन और स्वागत किया। सभी साधकों ने योग नृत्य प्रस्तुति, भजन, गीत एवं सुंदर-सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। केंद्र के योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व को आषाणी पूर्णिमा और व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। रीतू रस्तोगी ने सभी को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पूर्ण मनोयोग और पुरुषार्थ से सदैव आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी तथा सभी को मान सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आदर्श गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आदर्श गुप्ता, सुमन रस्तोगी, कादंबरी रस्तोगी, आयुषी रस्तोगी, भारती टंडन, रविंद्र रस्तोगी, हर्ष सक्सेना, गायत्री गुप्ता, बीनू मेहरोत्रा, ममता रस्तोगी, पूनम रस्तोगी, रश्मि रस्तोगी, मीनू रस्तोगी, डॉली खन्ना, युवराज खन्ना, साधना वर्मा, नलिनी वर्मा, सीमा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।


एमआईटी सभागार में आर्ट ऑफ़ लिविंग की भजन संध्या में उपस्थित श्रद्धालु।

● **साधकों ने योग नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध**

### पौधरोपण कर मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से दिन में पौधरोपण और शाम को एमआईटी रामगंगा विहार में दिव्य भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित कर गुरु पर्व मनाया गया। सुबह विभिन्न केंद्रों पर सुदर्शन क्रिया कराई गई। आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक सुखवीर सिंह, दीप्ति अग्रवाल, शिवेन पैसल व स्वयंसेवकों में दीपाली त्यागी, अनन्त सिद्धू, ऊषा सिंह आदि द्वारा बुद्धा पार्क, गोल्डन गेट स्कूल और परंपरा कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। भजन संध्या में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के गायक ईशान अरोरा ने अपनी प्रस्तुति दी और सबको भावविभोर कर दिया। इस दौरान केके गुप्ता, रीता अग्रवाल, अजय नारंग, ऋतु नारंग, दोषांत वर्मा, प्रमोद बिष्ट, धीर कपूर, नीरा चोपड़ा, मणि मिश्रा, श्वेता शर्मा, संत कुमार सिंह, धीर कपूर, रिद्धिमा सिंह, रूचि अग्रवाल, मनीष साहनी आदि मौजूद रहे।


गुलाबबाड़ी गंगा मंदिर पर आरती करते पुजारी परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

## रामगंगा में गिर रहे गंदे नालों को बंद कराएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया। आयोजन प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट निकट कटघर रेलवे स्टेशन पर किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि श्री राम गंगा मैय्या की महाआरती प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित की जाती है। जिससे लोगों की आस्था और विश्वास मजबूत हो। राष्ट्रीय पुजारी परिषद नगर निगम से मांग करता है कि महानगर के जो गंदे नाले राम गंगा में गिर रहे हैं। उन्हें बंद किया जाए। कार्यक्रम में पं. विनोद शर्मा, आचार्य विनीत शर्मा, पुजारी महेंद्र श्याम शुक्ला, अनिल रस्तोगी, शिव शंकर बंसल, बल्लू भटनागर मौजूद रहे।


महाकालेश्वर धाम में गुरु को नमन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## मनुष्य के जीवन में उजाला करते हैं गुरु

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** श्री गुरु धाम नवाबपुरा में प्राचीन वंशानुगत गुरु पूर्णिमा महोत्सव तीसरे दिन भी जारी रहा। इसमें सतगुरु अमरनाथ दीक्षित के पूजन अर्चना के साथ महाकालेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व पूर्ण श्रद्धा और उल्लास पूर्वक मनाया गया।

यह पर्व सनातन संस्कृति के अनुसार गुरु की महत्ता को समर्पित है। हमारी संस्कृति में यह शिक्षा दी जाती है कि गुरु की वाणी ही वास्तविक सत्य है। गुरु के बराबर दयालु इस जगत में कोई नहीं है। इसमें महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने श्री गुरु जी की चरण वंदन करते हुए आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, डॉ. संजय शाह, डॉ. गिरीश अग्रवाल, डॉ. विनीत गर्ग, डॉ. एएस कोठीवाल, डॉ. एसके गुप्ता का सहयोग रहा।

### मकान मालिक के बेटे ने महिला को दबोचा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में कमरे में सो रही महिला को मकान मालिक के बेटे ने दबोच लिया। फिर महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस ने मनचले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया है कि बीते छह माह से वह अपने पति के साथ अशोक के मकान में किराये पर रह रही है। शुक्रवार रात को वह अपने बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। इसी दौरान मौका देखकर मकान मालिक का बेटा देव वर्मा ने उसे दबोच लिया। फिर अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर देव अपने कपड़े छोड़कर कमरे से भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भावाधस ने डा. देव का स्वागत किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के धर्म गुरु डा. देव सिंह अद्वैति महाराज का भव्य स्वागत उत्सव रविवार को कचहरी के सामने किया गया। इसमें समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

धर्म गुरु का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर सभी धर्म प्रेमियों ने गुरु जी के चरण छूकर आशीर्वाद लिया और पुण्य लाभ कमाया। फूलों की मालाओं के साथ-साथ नोटों के हार भी डाले गए। चंडीगढ़ से ओपी द्राविड़, प्रदीप बागड़ी हरियाण और अमरेश पंवार उत्तराखण्ड, प्रभारी इंद्रपाल सिंह उत्तराखंड, राजकुमार चंडीगढ़, अश्वनी सहाता लुधियाना, विजय मानव लुधियाना, मदन शीर्षवाल राजस्थान, महाराष्ट्र से आनंद ढकोलिया, झारखंड से रामौतार कांगड़ा बिहार से डा. संजया और गुरुजी का स्वागत और गुरु पूर्णिमा में सहयोग किया। इस मौके पर लल्ला बाबू द्रविड़, वीर श्रेष्ठ, रवि द्रविड़, वीर बलवीर, भारती, विजेन्द्र भार्गव, रॉबर्ट चौधरी, आदेश कुमार एडवोकेट, विशाल सरन, विशाल द्रविड़, गौरव द्रविड़, विक्की बादशाह, दीपू आदि मौजूद रहे।



भावाधस की ओर से मुख्य अतिथि डा. देव सिंह अद्वैति का सम्मान करते पदाधिकारी।

● **पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया**

आस्था | विभिन्न प्रकार की झांकियों ने मोहा मन, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# धूमधाम से निकाली साईं पालकी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को दीनदयाल नगर स्थित श्री शिरडी साईं करुणाधाम मंदिर से भव्य साईं पालकी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में पीले वस्त्र धारण करके सिर पर कलश रखकर सेविकाएं और सफेद कुर्ता-पायजामा और सिर पर केसरिया पगड़ी पहने सेवक हाथ में केसरिया झंडा लेकर चल रहे थे।

शोभायात्रा की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। साईं करुणाधाम मंदिर से साई पालकी का आरंभ हुआ, जिसके मुख्य अतिथि स्वयं साईं भगवान थे। पालकी को साईं मंदिर के ट्रस्टीज व सेवकों ने रथ पर विराजमान किया तो वातावरण साईं बाबा के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान सभी धर्मों के लोग यात्रा में शामिल रहे।

साईं पालकी श्री शिरडी साईं करुणाधाम दीनदयाल नगर से पीएएस पहुंची, जहां से होते हुए वापस साईं मंदिर पहुंची। इस दौरान संजीव सहाय, हरिनंदन कपूर, डॉ. संजय साह, मनोज अहूजा, बंटी कत्याल, राजन राज, आरएन सिंह, नरसिंह, वैभव भारद्वाज आदि मौजूद रहे।


दीनदयाल नगर स्थित साईं मंदिर से निकली पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

● **शोभायात्रा में झांकियां रहीं लोगों के आकर्षण का केंद्र**

### साईं पालकी के दर्शन को उमड़ी लोगों की भीड़

श्री शिरडी साईं करुणाधाम से पालकी के स्वागत में जगह-जगह फूलों की बारिश हुई। रास्ते में भी साईं पालकी के दर्शन करने को लोगों की भीड़ रही। शिविर लगाकर साईं पालकी का स्वागत किया गया। जल सेवा के लिए भी श्रद्धालुओं ने शिविर लगाकर धर्मलाभ कमाया।

## प्रकृति ही हमारी सबसे अच्छी गुरु

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा पर कांशीराम नगर कॉलोनी के पार्क संख्या चार में दिव्य वृक्ष हरसिंगार के पौधे का रोपण किया गया। इस दौरान एडवोकेट रमेश आर्य ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे अच्छी गुरु है, जो जीवन के हर पल हमें कुछ न कुछ सिखाती रहती है। प्रकृति के बिना हमारे स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

सेवानिवृत शिक्षक बाबूदयाल ने कहा कि शिक्षक का कार्य सही मार्गदर्शन करके उसे जीवन व्यतीत करने के लिए हमेशा अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करना है। जिस कार्य को प्रकृति हमेशा बिना रुके तत्परता के साथ करती रहती है। पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल ने कहा कि प्रकृति हमारी मां के साथ साथ गुरु भी है। इस मौके पर शुभम कश्यप, रतिभान सिंह, हेम सिंह, सोनू और मानव शामिल रहे।

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ.अपूर्व मित्तल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कॉर्डियोलाजिस्ट, कॉसमॉस हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी.समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रात: 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॉर्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# हर हर महादेव के जयकारों की गूंज

## हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये, डीजे की धुन पर रहे झूम

**संवाददाता, कांठ**



कांठ से गुजरते कांवड़िये। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों की ओर बढ़ने लगे हैं। इस दौरान नगर की सड़कों पर हर हर महादेव व बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। शिवभक्त कांवड़िए डीजे की धुन पर नाचते गाते आगे बढ़ रहे हैं।

नगर से डीजे की धुनों और बाइकों पर लगे साउंड सिस्टम पर चल रहे भजनों पर थिरकते हुए कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने लगे हैं। वहीं हरिद्वार के लिए भी कांवड़ियों के जत्थे रवाना भी हो रहे हैं। भक्ति का माहौल है और चारों ओर भगवान शिव शंकर के जयकारे गूंज रहे हैं। खास बात यह रही कि बारिश में भी शिवभक्तों के कदम नहीं रुक रहे हैं और वे शिवालयों की ओर कूच करते नजर आए। सावन के प्रथम सोमवार पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए कांवड़िये तेजी से बढ़ रहे हैं। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थे भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए अपने-अपने गंतव्यों की ओर जा रहे हैं। सुबह और दोपहर में बारिश के बीच भी शिवभक्तों के कदम नहीं रुके और वे भक्ति की शक्ति में बारिश में भीगते हुए आगे बढ़ते रहे। रामपुर एवं शाहबाद की ओर जा रहे भक्तों में शामिल शिवभक्तों का कहना था कि वे रविवार की शाम तक अपनी मंजिल पर पहुंच जाएंगे। वहीं मुरादाबाद, बरेली और पीलीभीत की दिशा में जाने वाले शिवभक्त भी हरिद्वार से लौटना शुरू हो गए हैं। उधर, हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए भी डाक कांवड़ के जत्थे देर रात तक रवाना होते रहे। रविवार को नगर व क्षेत्र के सभी मंदिरों में महादेव के जलाभिषेक के लिए तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेन्द्र कुमार सिंह ने लाडलाबाद स्थित प्रकटेश्वर शिव मंदिर आदि का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी।

**श्रद्धा**
- देरात भी गंगाजल लाने के लिए बाइकों से रवाना हुए शिवभक्त

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गुरु का सम्मान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शिवमणि मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी को गुरु मानकर उनको शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा धर्मेंद्र कुमार पाल, नागेंद्र लंबा, आशुतोष अग्रवाल, कमलेश कुमार, मुकेश चौधरी, बजरंग दल के जिला महामंत्री पंकज कुमार सिंह, दिनेश कुमार, प्रियांशु कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, कुशाग्र आदि मौजूद रहे।

### सीएनएस एकेडमी में हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**छजलैट, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर सीएनएस एकेडमी कुचावली में बाबा फूलसंदे वालों का गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाबा फूलसन्दे वालों ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिव्य आशीर्वाद आपके जीवन को सुख और समृद्धि से भर दे। इस अवसर पर सीएनएस एकेडमी के चेयरमैन सुंदर सिंह ने बाबा का फूल माला से स्वागत किया। प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह ने बाबा की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार, जेल भेजा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह से 50 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल, जगदीश ठाकुर नगर में गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कांशीराम कालोनी के निकट एक व्यक्ति अवैध शराब की केन लिए आ रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उस व्यक्ति को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना अनस पुत्र ताहिर नगर निवासी वार्ड 17 बताया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरजननगर में उपनिरीक्षक राकेश कुमार, कांस्टेबल कुलदीप, अंकित मित्तल गश्त कर रहे थे। उन्होंने देखा कि नलों वाला मंदिर के पास बने प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति शराब की केन लिए खड़ा है। पुलिस ने उसे कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम तुलाराम पुत्र मुरारी निवासी ग्राम बलिया थाना ठाकुरद्वारा बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

## सार-संक्षेप



बिलारी के प्रेम शांति सदन में गायत्री यज्ञ करते साधक। • अमृत विचार

### प्रेम शांति सदन में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में गुरु पूर्णिमा एवं व्यास पूर्णिमा पर्व गायत्री यज्ञ के साथ मनाया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने गुरु पूर्णिमा पर गायत्री यज्ञ कर विधि विधान से पूजन किया। वहीं गायत्री परिजनों ने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गुरु पूजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में किसी न किसी को शिक्षा, आध्यात्मिक, राजनीतिक, संगीत का गुरु अवश्य बनाना चाहिए। गुरु का दर्जा सर्वोच्च है। यज्ञ के दौरान गुरु दक्षिणा के रूप में एक बुराई त्यागने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोलू चौधरी, मनोज कुमार, रुचि राघव, सजल राघव, शिवन्या राघव, अक्की, निष्ठा आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन केक काटकर मनाया। कांग्रेसियों ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मनाया। चेक पोस्ट स्थित यूथ कांग्रेस के कार्यालय में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने केक काटा व राष्ट्रीय अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान असलम सलमानी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में लोकसभा व उपचुनाव में पार्टी व इंडिया गठबंधन का बेहतर प्रदर्शन रहा है। वहीं इस्लाम सलमानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान अब्दुल्ला अंसारी, सलमान अल्वी, सलमान क़ुरैशी, नौशाद, तस्लीम, भूरा फैयाज हुसैन, इस्लाम, रमजानी रहमान, इरफान सलमानी, आरिश, शाने आलम आदि मौजूद रहे।



हनुमान चालीसा का पाठ कराते अरविंद चौधरी (गुरुजी)। • अमृत विचार

### श्री हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम मघपुरी के मां पार्वती मंदिर पर श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान द्वारा श्री हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक अरविंद चौधरी (गुरुजी) ने बताया कि शनिवार को मघपुरी में श्री हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमें काफी संख्या में बच्चों, नौजवानों व बुजुर्ग ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि ग्राम के दो बच्चों ने श्री हनुमान चालीसा के पाठ को सुनाया। जिस पर उन बच्चों को पटका पहनाया गया व सम्मान स्वरूप धनराशि दी गई। इस मौके पर मास्टर राजवीर बिश्नोई, महेश कुमार, सुधीर विश्नोई, योगेंद्र सिंह, संजीव विश्नोई, विपिन चौधरी, सौरभ बिश्नोई, विकास शर्मा, पारस सिंह, बाबूराम, धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।



ठाकुरद्वारा कोतवाली में व्यापारियों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी।

### व्यापारियों ने की कांवड़ियों की सुरक्षा की मांग

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार :** रविवार को कोतवाली में व्यापारियों की बैठक हुई। कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में कोतवाल प्रभारी राजीव चौधरी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना। जिसमें व्यापारियों ने कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रतुपुरा मोड, रामपाल द्वार, कमलापुरी चौराहा, कदीर तिराहा से लेकर बुध बाजार व नैनीताल बैंक तक पुलिस बल तैनात करने की मांग की। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल, मुख्तियार सैफी, हाजी याकूब कुरैशी, जुनेद आलम, सादिक सिद्दीकी, आशुतोष अग्रवाल, कुशाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



एसडीएम से वार्ता करते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। • अमृत विचार

# किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम अजय मिश्र को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि धान आदि की फसल की सिंचाई के लिए नहरों का पानी तत्काल छुड़वाया जाए, किसानों को गुमराह कर गांव-गांव में नकली खाद बेची जा रही है, जिस पर तत्काल रोक लगाने आदि समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। इस दौरान चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह, दर्शन सिंह, सियाराम बिश्नोई, रामकला सिंह, देवेंद्र सिंह, अरविंद कुमार जॉनी, रामावतार सिंह, जितेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर कई लाख रुपये की ठगी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। गुड्डू पुत्र सखावत हुसैन निवासी ग्राम मिलक मोहम्मद जमापुर थाना कुंदरकी के अनुसार 30 जून 2023 को उसने कुवैत जाने के लिए छह लाख रुपये कुंदरकी निवासी एक व्यक्ति व्यक्ति को दिए थे। काफी समय होने पर भी वह उसको विदेश नहीं भेज रहा था। साथ ही कई बार पैसे मांगने पर आनाकानी की। आरोप लगाया कि रविवार की सुबह 8:00 बजे जब वह अपने पैसे लेने के लिए एजेंट के घर कुंदरकी पहुंचा तो वह मारपीट करने लगा। किसी तरह उसे भाग कर जान बचाई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी है, वहीं एजेंट द्वारा भी मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नम आंखों के बीच 18 बनी हाशिम के निकले शबीहे ताबूत, किया मातम

**संवाददाता, कुंदरकी**



शबीहे ताबूत का जुलूस निकालते शिया समाज के लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार की देर रात हजरत अबुतालिब के खानदान के कर्बला में हुए शहीद 18 बनी हाशिम के शबीहे ताबूत निकले तो आजादारों की आँखे नम ही गईं।

नगर स्थित इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में मजलिस हुई। जिसमें कमर अब्बास काजमी ने मर्सिया पढ़ा व मजलिस को काशिफ अब्बास काजमी ने खिताब करते हुए कहा कि कर्बला के मैदान में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन सहित हजरत अबुतालिब के खानदान के 18 लोगों ने दीने इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी पेश की। कहा कि हजरत अबुतालिब के खून ने कर्बला के मैदान में दीने इस्लाम और इंसानियत को बचा लिया। हजरत इमाम हुसैन और शोहदाए कर्बला की शहादत का बयान काशिफ अब्बास काजमी व मौलाना नय्यर रज़ा नकवी ने किया। नम आंखों के बीच 18 बनी हाशिम के शाबिहें ताबूत का जुलूस निकला जोकि हसन मेंहदी रिजवी के अजाखाने पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अकबरी, अंजुमन अलमूर्तजा व साजिद रजा ने नोहे ख्वानी की।

वही, रविवार को शिक्षिका फरहा नकी के सोयम की मजलिस हुई जिसमें गुलाम मेंहदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा व मौलाना अफाक आलम जैदी ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत अबुतालिब ने जिंदगी भर रसूले करीम की परवरिश की और उनकी नुसरत में अपनी जिंदगी बिता दी।

# गुरु पूर्णिमा पर हुए धार्मिक अनुष्ठान

**संवाददाता, कांठ**



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम गुल्हडिया बहादरपुर में स्थित श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम पर गुरु पूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

रविवार को आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ द्वारा सामूहिक श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सनी सेवक, सुरेंद्रनाथ व बलराम ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान मुखराम, सतपाल, मानू, चंद्रपाल सिंह, मास्टर विपिन, धर्मेंद्र, राजपाल, अर्जुन, अरविंद, डॉ. हरिओम सिंह, मुकेश, अनुज, राकेश प्रधान, यश, डॉ. चन्द्रहास, रतन सिंह आदि मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित मोहल्ला पट्टीवाला बिश्नोई धर्मशाला पर रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। महंत स्वामी चमन ऋषि महाराज द्वारा गुरु पूर्णिमा के पर्व पर रविवार को पट्टीवाला बिश्नोई धर्मशाला पर प्रात: यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख शांति की कामना की और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। महंत स्वामी चमन ऋषि महाराज ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार शिक्षा, दीक्षा, पुरोहित, तीन प्रकार के गुरु होते हैं। जो हमें शिक्षा प्रदान करते हैं। गुरु के बिना मानव संसार भवसागर से पार नहीं होता। देवी-देवताओं के रुष्ट होने पर गुरु की शरण हमारी रक्षा करती है। यदि गुरु रूठ जाए तो संसार में कहीं भी जगह नहीं मिलती। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ढेला नदी में आई बाढ़ का किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ढेला नदी में आई बाढ़ के कारण गांव नहनू वाला में आबादी की ओर कटान हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने तहसील से टीचिंग बांध बनवाए जाने की मांग की।

रविवार को तहसीलदार भोपाल सिंह व लेखपाल नौशाद अहमद ने मौके पर पहुंचकर ढीला नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताया कि अब ढेला नदी ने उनके गांव की ओर कटान शुरू कर दिया है जो मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर है। जिससे आबादी पर खतरा मडराने लगा है। ग्रामीणों ने आबादी के निकट पिचिंग व बंधा बनवाए जाने की मांग की। इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि उच्चाधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान इसरार अहमद, शाहिद हुसैन, युसूफ अली, माशूक अली, जाहिद हुसैन, अनीश आदि मौजूद रहे।



पाइप लाइन योजना का निरीक्षण करते पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी।

# पाइप लाइन का किया निरीक्षण साफ-सफाई के दिए निर्देश

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** नगर में घर-घर जल योजना के तहत जल आपूर्ति के लिए खोदी गई पाइप लाइनों व कामों का ईओ व नगर पालिकाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई व सड़कों के गड्ढे भरने का निर्देश दिया।

रविवार को अधिशासी अधिकारी ललित आर्य व पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी ने नगर के अलग-अलग वार्डों में घूमकर पाइप लाइन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रत्येक घर को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लोगों से वार्ता की। उन्होंने पाइप लाइन डालने वाली कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों के कार्य को देखते हुए दिशा निर्देश दिए कि नगर में जितनी भी लाइन डालने के तुरंत बाद उसे ठीक कराया जाए। इस दौरान सुपरवाइजर हाफिज अंसारी, सफाई प्रभारी चंचल बेदी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | निरंकारी सत्संग भवन में मासिक साध संगत का आयोजन

# धर्म की हानि बढ़ने पर अवतार लेते हैं परमात्मा

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**



ठाकुरद्वारा स्थित संत निरंकारी भवन में संगत में भाग लेते श्रद्धालु। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में निरंकारी सत्संग भवन पर मासिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रचारक संजीव अग्रवाल ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है तो परमात्मा को सद्गुरु के रूप में अवतार लेना पड़ता है ताकि धर्म की हानि को रोका जा सके।

रविवार को आयोजित साध संगत में प्रचारक ने कहा कि पूर्ण सतगुरु ब्रह्म ज्ञान की रोशनी से संसार का पथ-प्रदर्शन करने आता है और मोक्ष प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब परमात्मा को सद्गुरु के रूप में अवतार लेना पड़ता है और अपने भक्तों को ब्रह्म ज्ञान देकर उनका कल्याण करते हैं। सद्गुरु सदैव अभियान मिटाने आते हैं। ब्रह्म ज्ञानी चेतन रहते हुए अपने जीवन को सतगुरु के आदेश अनुसार व्यतीत करता है। जिसमें सतगुरु बताता है कि सब में एक ही नूर है। जाति-धर्म के बंधनों से मुक्त करते हुए ब्रह्म ज्ञान देकर जीवन को सहज बनाता है तथा ईश्वर को जानकार ही हमें भक्ति करनी चाहिए। सेवादल संचालक महात्मा रामकुमार सिंह ने सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा से जीवन की बुराइयां दूर होती हैं। डॉ. नरेश कुमार चौहान ने साधसंगत का धन्यवाद किया। मंच संचालन नरेश चंचल ने किया। इस दौरान ओमप्रकाश सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र नागपाल, रघुनाथ सिंह, मुकेश चौहान, मुनेश कुमार, चंद्र कौशिक, योगेश, एडवोकेट रामकुमार सिंह, कुलदीप, जयप्रकाश सिंह, वंदना रानी, ममता, मुस्कान, प्रीति राजबाला, मेघा अग्रवाल, पूनम शर्मा, शशि, माला सिंह, कृपा देवी, संगीता, निशा आदि मौजूद रहीं।

## चिकित्सालय संघर्ष समिति का गठन किया

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के स्टेशन रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय निर्माण के लिए सामाजिक संगठनों ने मिलकर सर्व समिति से एक संघर्ष समिति बनाई है।

रविवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मंडल नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं प्रसिद्ध विचारक डॉ. राकेश रफीक, रामकुमार सिंह यादव एडवोकेट, राकेश जैन, शकील साबरी, सुनील आर्य आदि को बनाया गया। वही संचालन समिति में प्रेम कुमार प्रेम, आसिफ कमल एडवोकेट, नोमान जमाल, केपी सिंह राणा, जितेंद्र दक्ष, तिलक राज चादंना, कपिल राज वाल्मीकि ,प्रदीप कुमार वर्मा, नईमुद्दीन हकीम, बबलू मसूदी को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त 51 सदस्य समिति का गठन किया गया।

# एक घंटे की बारिश से घर-दुकान में भरा पानी, ग्रामीणों को हुई परेशानी

**संवाददाता, कांठ**



मोहल्ला पट्टीवाला में हुआ जलभराव। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मी और उमस के बीच रविवार को कई इलाकों में गरज के साथ बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं नगर में हुए जलभराव ने जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी।

नगर में सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए और आठ बजते-बजते तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे हुई बारिश से नगर में जगह-जगह जलभराव हो गया। घरों व दुकानों में पानी भर गया। इससे नगर पंचायत प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। नगर में तेज बारिश होने से नगर के रास्तों पर भर गया। जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। वहीं पानी में बच्चे मस्ती करते दिखाई दिए। रविवार को सुबह की एक घंटे की बारिश भी नगर के नाले-नाली नहीं झेल पाए। जरा सी बारिश में नालियां उफना गईं। फीडर रोड पर सड़क के दोनों तरफ बनी दुकानों तक में पानी भर गया जिससे दुकानदारों को बारिश का पानी निकलने में भारी दिक्कत हुई। सबसे ज्यादा रामलीला मार्ग, मोहल्ला पट्टीवाला की सड़कों पर पानी रहा। बारिश के बाद अधिकांश बाजारों में कारोबार ठप पड़ा रहा। सड़कों पर भरे पानी के कारण ग्राहक भी दुकानों पर नहीं जा पाए। जिससे दुकानदार मायूस दिखे। वहीं इस बारिश से किसानों के चेहरों पर भी सुकून नजर आया। मौसम विभाग ने आसमान में बादल छाने के बाद रुक-रुक कर लगातार बारिश की संभावना जताई है।

## एक नजर

### 28 जुलाई को सम्मानित किए जाएंगे मेधावी

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से यूपी-सीबीएसई बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि समिति 20 वर्ष से मेधावियों को सम्मानित कर रही है। मेधावियों को 28 जुलाई की पूर्वाह्न 11 बजे भारत गार्डन में शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर गुलशन अरोड़ा, सेवा सिंह, सनी कपूर, विक्रम सिंह, मोनू सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, दविंदर सिंह, दिलशाद अहमद, शिव वर्मा, जोगिंदर सिंह, अजीत सिंह, अर्जुन सिंह, चरणजीत सिंह, हरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### डायरिया व सर्जिकल वार्ड में भर्ती हुए 23 रोगी

**रामपुर, अमृत विचार :** मौसम बदलते ही बीमारियां बढ़ गई हैं। प्राइवेट व जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉ. शंशाक झा ने रोगियों को परामर्श दिया। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 100 रोगियों को देखा गया। इनमें 12 को डायरिया व 11 रोगियों को पुरुष सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया।

# शिवालयों में जलाभिषेक की तैयारी पूरी

## सावन के पहले सोमवार को लेकर प्राचीन मंदिरों पर की बैरिकेडिंग, पुलिस रहेगी तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले सोमवार को काफी संख्या में भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसे लेकर पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। मंदिरों में बैरिकेडिंग कर दी गई है।

इस बार श्रावण मास में पांच सोमवार हैं। पांचों सोमवार को भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसे देखते हुए पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। सुरक्षा के लिहाज से सावन के पहले सोमवार से पहले से ही अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। डीएम-एसपी ने प्राचीन मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। पुजारी से भी वार्ता की थी। रठौंडा मंदिर का भी निरीक्षण किया था। सावन के पहले सोमवार को देखते हुए सभी मंदिरों में बैरिकेडिंग कर दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात कर दी गई है। कांवड़ तो पहले सोमवार को कम रहेंगी, लेकिन भक्त जलाभिषेक करने मंदिर पहुंचेगे।


भमरौआ मंदिर में की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार


बाइकों पर सवार होकर जल लेने जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार

### टूटी सड़क की मरम्मत शुरू

कुछ दिन पहले शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भमरौआ की टूटी सड़क का निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को सड़क की मरम्मत कराने के आदेश दिए थे। तभी लगातार सड़क की मरम्मत का काम चल रहा है। रविवार को भी मरम्मत का काम चलता रहा। ताकि भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

### भारी वाहनों के लिए किया रूट डायवर्ट

सावन में भारी संख्या में भक्त बृजघाट और हरिद्वार से जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इसे देखते हुए शनिवार की रात को ही भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया है। भारी वाहनों को शाहबाद बाईपास से निकाला जा रहा है। जबकि रोडवेज बस और छोटे वाहन दलपतपुर होकर जाएंगे। टीआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर रूट डायवर्ट कर दिया गया है।


भमरौआ मार्ग की मरम्मत करते मजदूर। ● अमृत विचार


दरगाह पर चादरपोशी करने जाते भाकियू के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# किसानों ने दरगाह शरीफ पर चादरपोशी कर मांगी दुआएं

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सालाना उर्स के दौरान दरगाह शरीफ पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन चैन व किसानों की तरक्की की दुआ मांगी।

क्षेत्र के बैरमनगर स्थित हजरत सैय्यद मुनीर शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर सालाना उर्स चल रहा है। इस मौके पर भाकियू भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में तमाम किसानों ने दरगाह शरीफ में चादरपोशी की। इस दौरान मुल्क में अमन चैन व भाईचारा कायम रखने व किसानों की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष सलीम वारसी, युवा जिलाध्यक्ष आसिम रजा, सैयद जमाल आरिफ मियां, मुराद खान, डॉक्टर इमरान, गुफरान अली, नक्शे अली, कबीर वारसी, फैसल खान आदि मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों के हमले से चार बकरियों की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** आवारा कुत्तों ने हमला करके किसान की चार बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से आवारा कुत्तों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के आंगा गांव का है। गांव निवासी कुदरत अली की चार बकरी घेर में बंधी थीं। तड़के आवारा कुत्तों का झुंड घेर में घुस गया। परिजनों की गैर मौजूदगी में कुत्तों ने बकरियों पर हमला कर दिया। कुछ देर बाद परिजन बकरियों को चारा डालने आए तो कुत्ते उन पर भी हमलावर हो गए। शोर मचाने पर आसपास से तमाम लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए। किसी तरह ग्रामीणों ने कुत्तों के झुंड को भगाया। लेकिन तब तक चारों बकरियों की मौत हो चुकी थी। आवारा कुत्तों द्वारा की गई इस घटना के बाद गांव में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से कुत्तों को पकड़ने की अपील की है।

# राज्यमंत्री ने लगाया मां के नाम एक पौधा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** सरकार के पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत जगह-जगह कार्यक्रम हुए। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने मनकरा गांव में अमृत सरोवर के निकट पौधरोपण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, बीडीओ राजेश कुमार, तहसीलदार निश्चय कुमार, वन क्षेत्राधिकारी अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने मोहल्ला लक्ष्मीनगर स्थित मोक्षधाम पर मां के नाम पर एक पौधा लगाया। पालिका स्टॉफ व सभासदों ने भी पौधे लगाए। व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल, भाजपा नेता अनिल मदान, बलविंदर सिंह, कुशल गर्ग, अमन वर्मा आदि मौजूद रहे। नहर विभाग की ओर से सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में राज्यमंत्री शामिल रहे। अधिशासी अभियंता नवीन कुमार सिंह, एसडीओ सलमान अहमद आदि मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकिसाधीक्षक डॉ. एएच अंसारी, डॉ. वीके शर्मा, डॉ. मणिक अग्रवाल, डॉ. राजीव संत, लक्ष्मीशंकर डंगवाल, जीवनराम, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।


स्कूल में पौधों के साथ खड़े बच्चे व शिक्षिका। ● अमृत विचार

### बच्चों ने स्कूल में लगाए पौधे

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पेड़ों के महत्व की जानकारी दी। बच्चों को एक वृक्ष मां के नाम अभियान के बारे में बताया। इसके बाद बहुत से बच्चे विद्यालय में लगाने के लिए एक-एक पौधा लाए। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए। उन्होंने घर में भी एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान रिचा देवी, विक्रम कुमार, हुमा, नेहा गुप्ता, निदा खान आदि उपस्थित रहे।

# अपनी मां के नाम जरूर लगाएं एक पौधा : जागेश्वर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संरक्षक पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित ने अशोक का पौधा रोपकर पौधरोपण का शुभारंभ किया। कहा कि इस अभियान को मां के नाम से जोड़ कर एक लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाए।

दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक विकास दीक्षित, प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित, प्राचार्य डॉ. आर अवस्थी ने पौधरोपण करके इस लक्ष्य को आगे बढ़ाने की अपील की। अशोक, अर्जुन, नीम, पीपल, आम, अमरूद आदि के 700 पौधे लगाए गए। एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से पौधरोपण में सहयोग दिया।



कॉलेज में पौधरोपण करते प्रबंधक विकास दीक्षित। ● अमृत विचार

पीपल का पौधा लगाने के बाद प्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए इस महा अभियान ने पूरे देश में जन अभियान का स्वरूप ले लिया है। वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए पर्यावरण का संतुलन आवश्यक है। प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधे लगाकर अपनी मां और धरती मां को सम्मान दे रहे हैं। पौधों की देखभाल बच्चों की तरह की जानी चाहिए। क्योंकि जब यह पेड़ बन जाएगा तब मां की तरह हमारी देखभाल करेगा। कार्यक्रम प्रभारी प्रतिभा शुक्ला एवं प्रवक्ता डॉ. ऋतु सक्सेना, अश्वनी सक्सेना, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षिकाओं को दी म्यूचुअल फंड की जानकारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मिल्टन एजुकेशनल एकेडमी में वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार हुआ। विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन बलबीर सिंह मल्ही, मुख्य अतिथि हरजिंदर सिंह और प्रिंसिपल विजय खुराना ने की। महिला शिक्षकों को वित्तीय शब्दावली, बैंकिंग शब्दावली, बचत और म्यूचुअल फंड के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि मौजूदा समय में देश तेजी के साथ डिजिटल की ओर बढ़ रहा है। चेयरमैन ने गुलदस्ता देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर निदेशिका किरन कौर, सुहेल खां, अमन ज्योति, इमरान खां, सतनाम सिंह, महेंद्र सिंह, प्रभात सक्सेना आदि शिक्षक मौजूद रहे। संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन नित्या अग्रवाल ने किया।

# ग्राम पंचायतों में कराया जा रहा एंटी लार्वा का छिड़काव

● जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी सचिवों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत पंचायत राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका को आदेश दिए गए हैं कि लोगों को जागरूक करें। घरों, आसपास साफ-सफाई, कीटनाशक दवा, एंटीलार्वा और स्प्रे कराया जाए।

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक जनपद में बिलासपुर, चमरौआ, मिलक, सैदनगर, शाहबाद और स्वार में 680 ग्राम पंचायत हैं। जनपद में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में कई बिंदुओं को शामिल किया गया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूकता फैलाना, गांवों में साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई, घर से जल निकासी के लिए जन जागरण का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं। खराब इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत कराकर क्रियाशील, सामुदायिक वाटर फिल्टर्स, टैंक पाइप स्टैंड पोस्ट की स्थापना कराई गई। जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा फंड से एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। अपशिष्ट, रूके हुए पानी, मच्छरों के प्रजन्न की समस्याओं को रोकने के लिए गड्ढा भराव, मकानों में कंकरीट, पक्की ईंट वाली सड़क का निर्माण, झाड़ियों की कांट-छांट का कार्य कराया जा रहा है।


महायोगी डॉ. वासंतेय को अयोध्या दर्शन पुस्तिका भेंट करते भाजपाई।

# महायोगी के चरण स्पर्श कर गुरु पूर्णिमा पर लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ ललिता माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्रीचक्र के साधक, दशमहा विद्या साधक, महायोगी राधेश्याम वासंतेय के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

गुरुदेव को शॉल ओढ़ाकर अयोध्या दर्शन पुस्तिका भेंट की। बताया कि जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊपर है। क्योंकि गुरु ही हमें जीवन की दिशा देते हैं। जीवन की सफलता के लिए गुरु का मार्गदर्शन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।

इस मौके पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, दिलीप अरोड़ा, दिनेश शर्मा, कृष्ण अवतार लोधी, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भीम आर्मी ने 9वां स्थापना दिवस मनाया

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को तहसील मिलक के ग्राम सिर्रा में भीम आर्मी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को माला पहनाकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सागर ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना हमारे लिए बहुत कठिन है। लेकिन खुद पर विश्वास हो तो कठिन मंजिल भी आसान हो जाती है। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ऋषि गौतम ने भीम आर्मी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान बहुजन समाज के युवाओं को जागरूक कर संगठन की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल गौतम, भीम आर्मी के सहसंयोजक सोनू आंबेडकर, वीरेंद्र सागर, राजू सागर, सुखदेव, मनोज, अनूप आदि उपस्थित रहे।

**दिक्कत** कहीं 33 केवीए लाइन में फॉल्ट तो कहीं भूमिगत लाइन में आई खराबी

# बारिश से नौ घंटे ठप रही डूंगरपुर की बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को बारिश से शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डूंगरपुर, जेल रोड क्षेत्र की बिजली नौ घंटे ठप रही। उमस भरी गर्मी में बिजली न आने से लोगों का हाल-बेहाल हो गया। शाम सात बजे आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

बारिश की वजह से डूंगरपुर बिजलीघर की 33केवीए लाइन के तारों में नमी आ गई। इसके चलते सब स्टेशन फीडर, आसरा, डिग्री कॉलेज, नवीन मंडी, खुसरो बाग, वाटर वर्क्स और जेल रोड की आपूर्ति ठप रही। 33केवीए लाइन में पूर्वाह्न 11 बजे आई खराबी को शाम सात बजे ठीक कराया गया। इस दौरान नौ घंटे बिजली नहीं मिलने से अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे। घरों में लगी पानी की टंकियां भी खाली हो गईं। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हुई।


डूंगरपुर क्षेत्र में तार ठीक करते कर्मचारी।

इसके अलावा पहाड़ी गेट क्षेत्र के तारों में खराबी के कारण बिजली तीन घंटे ठप रही। बारिश रुकने के बाद तारों पर गिरे पेड़ों को हटाया गया। इसके बाद टूटे तारों को सही कराकर आपूर्ति सुचारु कराई। उधर अजीतपुर क्षेत्र में भी लगातार ट्रिपिंग होती रही। लाइनों में लगातार फॉल्ट होते रहे। यहां भी बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को दिक्कत हुई। शाम को आपूर्ति सुचारु हुई।

> डूंगरपुर 33 केवीए की लाइन के तारों में नमी आने के वजह से विद्युापूर्ति बाधित रही। शाम सात बजे आपूर्ति को सुचारु करा दिया गया।
>
> **-इमरान खां**
> एक्सईएन प्रथम, नवाबगेट

### बिलासपुर गेट की आज बंद रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** 33केवीए लाइन की मरम्मत बिजनेस प्लान के तहत कराई जानी है। इसलिए बिलासपुर गेट की आपूर्ति सोमवार सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी। बिजली विभाग के एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बताया कि पहले उपकेंद्र के तारों की मरम्मत कराई जाएगी। बिजलीघर में क्षमता वृद्धि भी कराई जाएगी।

## सार संक्षेप


रविवार को सड़क किनारे पौधरोपण करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षकों ने सड़क किनारे किया पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने ग्रामीणों के साथ सड़क किनारे व उच्च प्राथमिक विद्यालय मझरा देवरी बुजुर्ग में पौधरोपण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा जलवायु का संतुलन बनाने के लिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर तापमान पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस मौके पर भूकनलाल, अरविन्द कुमार, गजराम, दयाराम, कुलदीप, विशाल, लोकेश आदि मौजूद रहे।

### किसान पंचायत में उठा महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा

**भोट, अमृत विचार :** भाकियू भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने किसान पंचायत में बेरोजगारी व महंगाई का मुद्दा उठाया। किसान नेताओं ने डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग भी की। रविवार को मिलक बिचौला गांव में आरिफ अली के आवास पर किसान पंचायत हुई। इसमें जर्जर सड़कों, महंगाई, बेरोजगारी व डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने जैसे मुद्दे उठाए गए। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से किए वादे निभाए। किसानों को कर्ज मुक्त करे। विपक्ष और सत्ता पक्ष मिलकर देश हित में काम करें। उद्योगपतियों के हाथ की कठपुतली न बनकर किसानों के हित में डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर देनी चाहिए। पंचायत में मंडल कोषाध्यक्ष सैयद जमाल आरिफ मियां, सफीक अहमद, शाकिर अली, डॉ. दयाशंकर, लतीफ अहमद, सादिक अहमद, मुकेश श्रीवास्तव, हारून खान, फरहत अली खान, शरीफ अहमद, नक्शे अली, डॉ. इमरान खान, मुराद खान, महेंद्र सागर, पप्पू दिवाकर, लोकेश पांडे, श्याम मोहन पांडे आदि मौजूद रहे।

### भजनों से किया गुरु की महिला का वर्णन

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री की ओर से गुरु पूर्णिमा के पर्व पर गायत्री परिवार महिला मंडल का सिविल लाइन स्थित किरन अग्रवाल के निवास पर कार्यक्रम हुआ। मां गायत्री व तपोनिष्ट परम गुरुदेव श्री राम आचार्य शर्मा के संरक्षण में मां गायत्री प्रार्थना, गीत, संगीत वा भजन के साथ दीप यज्ञ हुआ। गुरुदेव के विराट स्वरूप जीवन पर पूर्ण समर्पण भाव से, विचार क्रांति हर जन जन में फैले आदि भजनों से बिन्दु रस्तोगी ने गुरु की महिमा का वर्णन किया। इस मौके पर बिंदु रस्तोगी, आर्य बल वात्सल्य, रानी गुप्ता, साधना खंडेलवाल, संतोष गुप्ता, मधु शर्मा, कंचन गुप्ता, आशा अरोड़ा, शारदा नरूला, सरिता विश्नोई, आरती सक्सेना, गीता अरोड़ा, मीना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु सम्मान कार्यक्रम हुआ। इसमें शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जैन इंटर कॉलेज के शिक्षक सचिन कुमार सिंह, रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमल कुमार आर्य, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवशंकर, अमरोहा के पट्टीखादर राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश, व्हाइट हॉल इंटर कॉलेज के अध्यापक अनिल सक्सेना, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज मढ़ोली के पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह का भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

### दस हजार पौधे लगाने वाले किसान को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दो वर्ष में दस हजार पौधे लगाने और उनकी ठीक से देख रेख करने वाले किसान को मुख्मंत्री ने लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया है। क्षेत्र के किसान डॉ. कुलविंदर सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री की मुहीम का संज्ञान लेकर पौधा रोपण शुरू कर दिया। रोपे गए पौधों की देखभाल का जिम्मा भी बखूबी उठाया। किसान ने बताया कि उन्होंने जीरो कार्बन योजना के तहत दस हजार पौधे लगाए हैं। उनकी इस मुहिम पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और लखनऊ बुलाकर 25 हजार रुपये का चेक दिया।

### जैन संतों के चातुर्मास पर निकाली प्रभात फेरी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में पधारे दो जैन संतों के चातुर्मासिक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जैन समुदाय ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद मंगल प्रवचन हुए। प्रात: से शुरू किया गया नवकार महापाठ देर शाम तक चलता रहा। शिव बाग मंडी स्थित एसएस जैन सभा के संरक्षक धर्मपाल जैन के आवास से शुरू हुई प्रभात फेरी ने जयकारों के साथ हाईवे व मुख्य चौराहा समेत कई प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। खौंदलपुर रोड स्थित जैन स्थानक पर विराजमान संत नरेन्द्र मुनि महाराज व जयंत मुनि महाराज के धार्मिक सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। फेरी व अन्य कार्यक्रमों में उत्तराखंड समेत आसपास के जनपदों से आए श्रद्धालु भी शामिल रहे। समुदाय के महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि चातुर्मास का यह कार्यक्रम 15 नवंबर तक चलता रहेगा। व्यवस्थाओं में अध्यक्ष रामनिवास जैन, तिलकराज जैन, अनिल जैन, राजकुमार जैन, राजेश जैन, सुनील जैन, जगदीश जैन, संजय जैन, सतीश जैन आदि सदस्य शामिल रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर मंदिर में हुई पूजा-अर्चना

**रामपुर, अमृत विचार :** शक्ति दरबार में पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने गुरू पूर्णिमा पर चांदी की चरण पादुका का पूजन किया। पुजारी ने बताया कि शिव शंकर मृत्युंजय महादेव के प्रत्यक्ष रूप 28वें चतुर्युगी में प्रगटे व्यास वेद पुराण शास्त्रों के रचयिता विश्व गुरु पूर्णिमा व्यास पूजा पाठ का पर्व है। धार्मिक पौराणिक कथाओं को सीधे सरल मानव को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ अनुष्ठान में भाव दिखाते हैं। अगर आप सच्ची सनातन संस्कृति में धार्मिक, पौराणिक और सामाजिक कार्य को अमृतमयी प्रसाद रूपी भगवान भोलेनाथ शिव शंकर और ज्ञानी ध्यानी प्रतापी गुरुदेव की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं तो विश्व गुरू भगवान भोलेनाथ की पूजा करें। उन्हें जल, अक्षत, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य आदि अर्पित करें।

### 2027 में नए मतदाताओं से भाजपा को मिलेगा समर्थन

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को पटवाई के एक फार्म हाउस में नव मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में नव मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें नए मतदाताओं का अभिनंदन व स्वागत किया जा रहा है। नव मतदाताओं ने 2024 के चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पार्टी को उम्मीद है कि नव मतदाताओं का यही समर्थन 2027 के चुनाव में भी मिलेगा। 2027 के चुनाव में भाजपा की प्रदेश में पुन: सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, मनोज पांडे, कुंवरपाल यादव, दिनेश पाल, राम बहादुर गंगवार, राजीव गंगवार, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पेंशन बढ़ोत्तरी के लिए सांसद को दिया ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि संसद में पेंशन में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को उठाया जाए। पेंशनर्स को मुफ्त चिकित्सा, महंगाई भत्ता दिलाया जाए। इसके अलावा जो कर्मचारी ईपीएस पेंशन के दायरे में नहीं आते हैं उन्हें न्यूनतम पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष आदर्श सक्सेना, जिला महामंत्री धर्मपाल सिंह, जमीर अहमद, सुरेंद्र खत्री, हरद्वारी सिंह, फिरासत, जसविन्दर सिंह आदि शामिल रहे।

### ट्रांसफार्मर बदलवाने को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सैफनी, अमृत विचार :** पांच दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते कासम नगला के ग्रामीण अंधेरे में हैं। उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बिजली घर में प्रदर्शन कर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। कासम नगला गांव को बिजली की आपूर्ति करने वाला ट्रांसफार्मर पांच दिन से खराब है। इससे लोग अंधेरे और उमस भरी गर्मी को झेलने को मजबूर हैं। ट्रांसफार्मर नहीं बदलने से नाराज ग्रामीणों का रविवार को सब्र जवाब दे गया। लोग एकत्र होकर बिजली घर पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि अधिकारियों से लगातार ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की जा रही है। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। प्रदर्शन करने वालों में विजेंदर सिंह, रामपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, सरफराज, तस्लीम, मुजफ्फर हुसैन, विपिन, सलीम, गुलाम साबिर, रफसन, हुकुम सिंह, कलावती, हरवती, हमसीरन, जगवती, हीराकली आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### लाइन में फॉल्ट बताकर की जा रही कटौती

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष दिलशाद हसन एडवोकेट ने खौद बिजलीघर में तैनात एसडीओ व जेई की शिकायत एसई से की। कहा कि लाइन में फॉल्ट बता कर कटौती की जा रही है। मामूली सी बारिश में विद्युपूर्ति बंद कर दी जाती है। उपभोक्ताओं ने मीटर की रीडिंग की शिकायत एसडीओ, जेई से की, लेकिन इसके बाद भी मीटरों को नहीं बदला गया। आरोप लगाया कि गांव काशीपुर में उपभोक्ताओं के घर मीटर रीडर नहीं जाते है। वह कार्यालय में बैठकर ही बिल निकाल रहे है। इसकी जांच कराई जाए।

### डीएम ने की जिला आयुष समिति के साथ बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने निर्देश दिए कि आयुष समिति की बैठक जिला स्वास्थ्य समिति के साथ प्रत्येक माह की जाए। जिला आयुष समिति के खाते में मौजूद धनराशि को समय से खर्च किया जाए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने आयुष विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला आयुष समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करते रहे। इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

### कुंडल चोरी का आरोपी पकड़ा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से साढ़े तीन हजार रुपये मिले हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी शहजाद मोहम्मद ऊधमसिंह नगर के गदरपुर थाना क्षेत्र के ठंडा नगला गूलरभोज का रहने वाला है। छह अप्रैल को डोहरिया गांव निवासी लालदेई के सोने के कुंडल चोरी हो गए थे। इस मामले में विवेचना के दौरान दो आरोपी प्रकाश में आए हैं। इनमें से एक को पकड़ लिया गया है।

### स्कूटी को रौंदने वाला कार चालक गिरफ्तार

**मसवासी, अमृत विचार :** शनिवार की सुबह स्वार मंडी से सब्जी लेकर लौट रहे भगवत सरन और उनके पोते जयसिंह को मोतीपुरा गांव के पास कार ने टक्कर मार दी थी। इसमें जयसिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। भगवत सरन की हालत बनी है। आक्रोशित लोगों ने कार चालक की पिटाई भी कर दी थी। भीड़ ने खौदकलां के प्रधान पर चालक को भगाने का आरोप लगाते हुए उनकी कार के भी शीशे तोड़ दिए थे। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि कार चालक नरपतनगर निवासी रिजवान अहमद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# झमाझम बारिश से सड़कों पर हुआ जलभराव, किसान खुश

## झुलस रही फसलें लहलहाईं, आधा घंटे की बारिश में जलमग्न हुईं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत तो मिल गई लेकिन शहर की अधिकतर सड़कों पर जलभराव हो गया। बारिश ने पालिका के अधिकारियों के दावों की पोल खोल दी। जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों के घरों में रखा सामान भीग गया। दूसरी ओर किसान खुश हैं। गर्मी से झुलस रहीं खरीफ की फसलें लहलहा उठी हैं।

मानसून में जलभराव से निपटने के लिए पालिका के अधिकारियों ने तमाम इंतजाम किए गए थे। अधिकतर नालों की तलीझाड़ सफाई कराई थी। इस पर लाखों रुपये भी खर्च किए, लेकिन शहरवासियों को जलभराव से निजात नहीं मिल सकी। रविवार को हुई मूसलाधार बारिश से नाले, नालियां ओवरफ्लो हो गईं।



मिस्टन गंज चौराहे में भरे पानी से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

> शिकायत मिलने पर कर्मचारियों को भेजकर नालियों की सफाई करा दी है। पानी की निकासी के लिए जगह न होने से जलभराव हो जाता है। इसके लिए इंतजाम कराए जा रहे हैं। **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद**

इनका गंदा पानी सड़कों पर आ गया। इससे पालिका के अधिकारियों में खलबली मच गई। जलभराव की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। पालिका के अधिकारियों ने पम्पिंग सेट लगवाकर पानी की निकासी कराई। पालिका के अधिकारियों ने शहर की स्थिति का जायजा लिया। मोहल्ला चिरान के फहीम अहमद ने कहा कि सफाई नहीं से जलभराव हुआ है। किसान मोहम्मद अहमद बताते हैं कि बारिश से खरीफ की फसलों पर खर्च होने वाले डीजल की बचत हुई है।

## भीम अनार्य को चांदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने कहा कि गुरु का स्थान माता-पिता और अन्य महापुरुषों से भी बड़ा होता है। भीम अनार्य को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।

भावाधस (भीम) का कार्यक्रम कोसी मार्ग स्थित मंदिर में हुआ। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने भीम अनार्य को चांदी का मुकुट पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर को रामपुर में विशाल वाल्मीकि चेतना सम्मेलन होगा। भीम अनार्य के नाम के साथ धर्म गुरु जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर राहुल राही, कैलाश एकलव्य, सतीश पर्चे, शिवनंदन टांक, मुकेश चौधरी, अनिल कुमार, अर्जुन एकलव्य, कमल द्राविड़, राहुल सिंह, माइकल वाल्मीकि, जितेंदर तूफानी, सोनू, मनोज आदि मौजूद रहे। संचालन वीर कमलेश्वर सिंह ने किया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना के प्रदेश महामंत्री राजू पर्चे ने सेना से त्यागपत्र देकर भावाधस (भीम) की सदस्यता ग्रहण की। मंडल अध्यक्ष यूथ विंग शरद राज ने आभार जताया। अभिषेक बाबू ने स्वागत किया।

# अवैध कॉलोनियों पर करें कार्रवाई : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नगर पालिका रामपुर के सीमा विस्तार, नगर पालिका और नगर पंचायतों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। आरडीए द्वारा प्रवर्तन की कार्रवाईयों के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की। कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित कालोनियों के विरुद्ध संबंधित अधिकारी कार्रवाई करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्थानीय निकाय व रामपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से जानकारी ली। नगर पालिका परिषद क्षेत्र से सटे 39 ग्रामों को नगर पालिका में शामिल करने की कार्रवाई जारी है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने इन गांवों को शामिल करने के लिए मानचित्र तैयार कर जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत किया। 39 गांवों के नगर पालिका में शमिल होने से ग्रामवासियों को नगरीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा। नगर पालिका की आय में भी वृद्धि होगी। नगर पालिका बिलासपुर में भी 11 गांवों को शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। शाहबाद, नरपतनगर दूंदावाला, सैफनी द्वारा उपवन योजना के तहत भूमि चिन्हित करने के संबंध में जानकारी दी गई।



डीएम को नगर पालिका में शामिल 39 गांवों का मानचित्र दिखाते आरडीए के अधिकारी।

### अवैध विज्ञापन, होर्डिंग और बैनर हटवाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने नगर निकायों में अवैध विज्ञापन, होर्डिंग व बैनर तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारियों को अपनी निकाय के सम्पत्ति रजिस्टर को अद्यावधिक करने को कहा। बरसात में अपनी निकाय के नाले-नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। शहर एवं सड़कों पर प्लान्टेशन करने के लिए कहा। जीरो प्वॉइंट से मंसूरपुर व फोटो चुंगी से शहजादनगर तक लाइटिंग एवं राम-रहीम पुल से शाहबाद गेट तक सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह और नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें वाद

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी पेशकारों को निर्धारित समय में कार्यालयों, न्यायालयों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कहा कि अधिवक्ता, वादकारी द्वारा जिस दिन वाद पत्र प्रस्तुत किया जाये उसी दिन उसे आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करें। अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से पत्रावलियों में संलग्न किया जाए। न्यायालय आने वाले वादकारियों व अधिवक्ताओं से मर्यादित तथा कुशल व्यवहार करें। निस्तारित वादों की पत्रावलियों को समय से अभिलेखागार में दाखिल कराएं।

# शासन तक पहुंचाएंगे उद्यमियों की समस्याएं : विधायक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार उद्योगों के विकास के लिए संकल्पित हैं। लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों पर नियंत्रण की आवश्यकता है। उद्योगपतियों की कुछ शिकायतें मिली हैं, इन्हें सरकार के समक्ष रखूंगा। उद्योगपतियों को जब भी मेरी जरूरत हो, बस एक फोन करें।

हाईवे स्थित एक होटल में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर के नवनियुक्त चेयरमैन श्रीष गुप्ता एवं उनकी कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने नवनियुक्त चेयरमैन एवं उनकी टीम के संयोजकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ उद्योगपतिओं का उत्पीड़न, छापों के खिलाफ रणनीति बनाई जाएगी। इस समय उद्योगपति भयभीत हैं। मुख्यमंत्री को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



कार्यक्रम में बोलते शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद आईआईए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भ्रष्टाचार को लेकर अधिकारियों के कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने अपने कार्यकाल में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि मुझे पूर्ण आशा है कि मेरे नेतृत्व में आईआईए नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। समारोह में पूर्व चेयरमैन को सम्मानित किया गया। 10 नए सदस्यों को सदस्यता दी गई। पूर्व चेयरमैन विपिन गुप्ता ने नए चेयरमैन को ध्वज ट्रांसफर किया। कार्यक्रम में बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर आदि जिलों के पदाधिकारियों एवं सब्जेक्ट कमेटी के चेयरमैन ने भाग लिया। अध्यक्षता वरिष्ठ निर्यातक एवं संरक्षक एसके गुप्ता ने की। कार्यक्रम में व्यापारी नेता कपिल आर्य, वीरेंद्र जिंदल, रमेश अग्रवाल रम्मी, अरविंद नंदा, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विनय बंसल, संचित गुप्ता, अंकित अग्रवाल सीए, मुनन खान, इमरान शम्सी, राम रक्षपाल यादव, हेमंत गर्ग, जितेंद्र जैन, अमित जैन आदि मौजूद रहे।

## हरदोई के किशोर की ट्रेन से गिरकर मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** धमोरा के पास चलती ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर युवक के परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर आ गए।



हरदोई के थाना कासिमपुर के गांव बेहासार निवासी मुन्नालाल का 17 वर्षीय बेटा अमित लुधियाना में मजदूरी करता था। ट्रेन से घर जाते समय रविवार तड़के धमोरा के पास चलती ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी जेब से मिले कागजों के आधार पर परिजनों को जानकारी दी। जीआरपी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि चलती ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



थूनापुर गांव में जांच करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# श्मशान की भूमि से पौधे उखाड़ने की जांच शुरू

संवाददाता, रामपुर/भोट

**अमृत विचार :** करीब एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के थूनापुर उर्फ शाहदरा गांव स्थित श्मशान की भूमि में पौधे लगाए थे। इन्हें अगले ही दिन उखाड़ दिया था। जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व टीम ने ग्राम प्रधान व आरोपियों से पूछताछ की।

थूनापुर उर्फ शाहदरा गांव के प्रधान महंत रामऔतार लोधी ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में केशोनगली गांव के कुछ शरारती लोगों द्वारा श्मशान घाट की जमीन में लगे 265 पौधों को उखाड़ने का आरोप लगाते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक तहरीर उर्र रहमान और लेखपाल रवि कुमार ने टीम के साथ श्मशान घाट की भूमि का निरीक्षण किया। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# सैफनी के जंगल में शव मिलने से सनसनी

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मधुपुरी गांव के जंगल में स्थित तालाब में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। शव की शिनाख्त मुरादाबाद जनपद के थाना मैनाठेर के ग्राम खजरा निवासी हनीफ के रूप में हुई।



रविवार को थाना क्षेत्र के मधुपुरी गांव के जंगल में स्थित तालाब में एक व्यक्ति का शव मिला। इससे आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। ग्राम प्रधान राधेश्याम ने पुलिस को सूचना दी। इस पर थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। कुछ देर बाद सीओ शाहबाद संगम कुमार भी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। मृतक की शिनाख्त मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के खजरा गांव निवासी हनीफ के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मृतक के भाई ताहिर व शाकिर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की शिनाख्त अपने भाई हनीफ के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



शव मिलने के बाद मौके पर एकत्र भीड़ और पुलिस। ● अमृत विचार

ताहिर ने बताया कि तीन दिन पहले हनीफ अपनी बेटी और दामाद के साथ बिलारी गया था। वह बिलारी में रुक गया था, जबकि उसकी बेटी और दामाद अपने गांव चले गए थे। इसके बाद हनीफ घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करा दी थी। थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि शव की पहचान हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

## अकीदतमंदों ने उर्स के आखिरी दिन चादरपोशी कर मांगी दुआएं

**रामपुर, अमृत विचार :** हजरत शाह बगदादी साहब के तीन दिवसीय सालाना उर्स के आखिरी दिन दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआएं मांगी।

हजरत शाह बगदादी साहब के 239 वां उर्स के तीसरे दिन अस्र की नमाज के बाद कुलशरीफ हुआ। मदरसा गुलशन ए बगदाद के बच्चों ने नात पेश कीं। काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने तकरीर में कहा कि अल्लाह वालों के यहां से बिगड़े हुए काम बनते है, इनका जिक्र करने से दिल को सुकून मिलता है और फायदा पहुंचता है। यहां जो भी अकीदत और एहतेराम के साथ आता है और मुरादों के लिए दुआ मांगता है तो अल्लाह इनके वसीले से दुआएं कुबूल करता है। इस अवसर पर सैयद चांद मियां, मुफ्ती यूनुस रजा, सैयद शारिक मियां, कारी अब्बास आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने बैगुल नदी के बांध का लिया जायजा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने खमरिया स्थित बैगुल नदी बांध का जायजा लिया। बांध पर मौजूद ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में पूछा। संबंधित विभाग के कर्मचारियों को समस्याओं को अति शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने पौधरोपण भी किया।

रविवार को बरेली के जिलाधिकारी और बहेड़ी के एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के आग्रह पर बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से कांवड़ लेने जाने वाले रास्तों, खमरिया स्थित गोशाला, बिजली की समस्या, बाढ़ की समस्याओं के बारे में जानकारी की।



बिलासपुर में पौधरोपण करते बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार। ● अमृत विचार

● **मानपुर-बहेड़ी हाईवे की समस्या के बारे में लोगों ने दी जानकारी**

ग्रामीणों ने बांध से मानपुर बहेड़ी हाईवे को जाने वाली सड़क की समस्या के बारे में बताया। डीएम ने पीडब्लूडी के जेई को 10 दिन में सड़क बनवाने के निर्देश दिए। खमरिया गोशाला में अतिरिक्त शेड बनवाने के निर्देश दिए। बिजली कर्मचारियों को व्यवस्था सुधारने को कहा।

इस मौके पर वेदप्रकाश कश्यप, किसान मजदूर संगठन के बलवीर सिंह गंगवार, चौधरी विजयपाल सिंह, ठाकुर कृष्णपाल सिंह, शंकर सिंह, रमेश सिंह, आसिफ अहमद, त्रिलोचन भट्ट, नसीम अहमद, रामचरन लाल मौर्य, तृप्ति कौर बरार, सिमरन कपूर बरार आदि मौजूद रहे।

## मसवासी में बेटे-बहू ने सास-ससुर को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** गांव रहमतगंज निवासी पूरन सिंह इकलौते बेटे विशाल और उसकी पत्नी पूजा व अपनी बेटी नेहा के साथ रहते हैं। विशाल की दो बेटी हैं। शनिवार की रात विशाल का पत्नी पूजा से विवाद हो गया। दोनों में मारपीट होने लगी। पूरन सिंह बीच-बचाव कराने पहुंच गए।

विशाल ने पत्नी के साथ मिलकर पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पिता को बचाने आई बेटी नेहा को विशाल ने जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद पूरन सिंह अपनी बेटी नेहा और पत्नी के साथ घर से भाग निकले। विशाल ने पत्नी के साथ मिलकर छत से पथराव कर दिया। इसमें विशाल की मां घायल हो गई। पूरन सिंह ने आरोप लगाया है कि विशाल ने उनकी जेब से 12 हजार रुपए भी निकाल लिए। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि जांच की जा रही है।

**बैठक** — हिंदू संगठनों की बैठक में हुई चर्चा, अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

# बर्दाश्त नहीं किया जाएगा धर्मांतरण व गोकशी

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** हिंदू संगठनों ने रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर हिन्दुत्व पर कुठाराघात करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कहा कि धर्मांतरण, अत्याचार एवं गोकशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मांगों पर किसी वरिष्ठ अधिकारी से जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई। इससे पहले हुई बैठक में वक्ताओं ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के दिलपुरा गांव में रविवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस दौरान हिंदू समाज पर अत्याचार, धर्मांतरण एवं गोकशी बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी गई। बैठक में ग्राम हमीरपुर टांडा मंदिर परिसर में मुस्लिम युवक द्वारा पेशाब करना, थाना शहजाद नगर में नाबालिग से दुष्कर्म, ग्राम आंगा में मुस्लिम समुदाय द्वारा गोकशी, ग्राम पेगा में किशोरी का मुस्लिम युवक द्वारा अपहरण करने के मुद्दे उठे। बैठक में कांग्रेस, सपा, बसपा के गुंडों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। अपनी मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



हिन्दू संगठनों की बैठक में बोलते विश्व हिंदू परिषद के मंडल अध्यक्ष अनिल वशिष्ठ। ● अमृत विचार

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के मंडल अध्यक्ष अनिल वशिष्ठ प्रमुख, संजीव जैन, अमरनाथ वाल्मीकि, राकेश जुनेजा, राजीव अग्रवाल, सुनीता शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, अविनाश पटेल, राम अवतार शर्मा, शोभना सक्सेना, ओमकार सैनी, करन सिंह सैनी, जगदीश यादव, डॉ. सुनील झा, राकेश शर्मा, महिपाल सिंह राजपूत, राधे राजपूत, दाताराम सैनी, माधव गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, अजय सैनी आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले के चार आरोपियों को भेजा जेल

**रामपुर/पटवाई, अमृत विचार :** युवक पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव निस्बी का मझरा निवासी विजेंद्र सिंह ट्रैक्टर से नदनऊ से घर जा रहा था। शंकरपुर रोड पर नदनऊ के पास वह दवा लेने के लिए रुक गया था। इस दौरान ट्रैक्टर से साइड लेने के लिए कासिम, सहागत और कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए रॉड से हमला कर दिया था। शोर मचाने पर आसपास के लोगों का आता देख आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने कासिम, शाहबुल, बच्छन व असगर निवासी ग्राम नदनऊ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इस मामले में 200 से 250 लोगों को अज्ञात में शामिल किया गया है। शनिवार की रात पीड़ित पक्ष ने थाने का घेराव भी किया था।

# ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किसान संयुक्त मोर्चा और तराई किसान संगठन की पंचायत में पटवाई पुलिस पर नदनऊ मामले को लेकर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया। दोषी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कार्रवाई न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

भाकियू के प्रदेश कैंप कार्यालय पर नौ अगस्त को प्रस्तावित कारपोरेट भारत छोड़ दिवस की तैयारियों को लेकर हुई पंचायत में एसकेएम के संयोजक और तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजेंद्र सिंह बिर्क ने कहा कि नदनऊ में शनिवार की रात निस्बी के एक युवक ने नशे में धुत कुछ लोगों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। भीड़ को देख चालक भागा तो कुछ युवकों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवकों से चालक को थाने बुला लिया। लेकिन, पुलिस ने कुछ लोगों के दबाव में आकर दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।



प्रदेश कैंप कार्यालय में पंचायत में शामिल किसान। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पटवाई पुलिस विशेष समुदाय के लोगों पर जुल्म कर रही है। पुलिस को निष्पक्ष कार्रवाई कर दोषी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। चेतावनी दी कि पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। बाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांसद को भी नदनऊ की घटना से अवगत कराया।

पंचायत में पंकज यादव, गुरदीप सिंह, जजबीर सिंह रंधावा, राजाराम, अशोक कुमार, सद्दाम पाशा, सुब्हान अली, गुलाम मोहम्मद, वफाउर्रहमान, नेमचंद, नल सिंह, जुबैद आलम, मोहम्मद मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बसपा का दामन थामा मिली जिम्मेदारी

संभल/गुन्नौर, अमृत विचार : बसपा की गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र की बैठक विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष विजय सिंह सागर एडवोकेट की मौजूदगी में हुई। जिसमें राजेश कुमार गौतम ने बसपा का दामन थामा। उन्हें सेक्टर नंबर एक सिरसा से सेक्टर के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनसे बसपा अध्यक्ष मायावती के निर्देश के तहत बसपा को आगे बढ़ाने के लिए कहा गया। इस दौरान विधान सभा प्रभारी किशोरी लाल गौतम, कार्यालय प्रभारी अजय पाल गौतम, धर्मपाल गौतम व प्रेमपाल गौतम आदि रहे।

### प्रेम संदेश संस्था की कार्यकारिणी का गठन

संभल, अमृत विचार : नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन स्कूल में सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था प्रेम संदेश की बैठक हुई। जिसमें संस्था की कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष मंजू रावत ने सर्वसम्मति से रजनीकांता चौहान को संरक्षक, सुमनलता शर्मा को उपाध्यक्ष, मनु सिंह को कोषाध्यक्ष, प्रियंका चंद्रा को सचिव, गीता सैनी को नगर मंत्री मनोनीत किया। 7 अगस्त को हरियाली तीज मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सौरभ, मंजू अरोरा, पिंकी रस्तोगी, गीता, प्रीति, पंखुड़ी गुप्ता, अंजली, पूजा, राहुल शर्मा, महावीर सिंह, आदेश ठाकुर आदि रहे। संचालन गगन वार्ष्णेय ने किया।

### स्थापना दिवस पर संगठन को मजबूत बनाने पर बल

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव सैंडा उर्फ सेहरा में रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संगठन का दूसरा स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया। साथ ही लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और लोगों को संगठन की ओर से जनहित में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान सुनील कुमार, आदर्श कुमार, राजेंद्र, ओमवीर सागर, मोहर सिंह, विनीत कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार आदि रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर दिया दान

## श्रद्धालुओं ने घाट पर पुरोहितों से सत्यनारायण की पूजा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराए

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला


राजघाट गंगा तट पर उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के मौके पर जिले के गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर लाभ कमाया। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए साधु संतों को दान दक्षिणा दी। मां गंगा के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ, इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता के अनुसार, रविवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर संभल जिले के राजघाट, असदमपुर, अनूपशहर आदि गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करते हुए पुण्य कमाया। पूजा अर्चना करते हुए मनौती मांगी। राजघाट गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर पुरोहितों से सत्यनारायण की पूजा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस दौरान सुरक्षा के प्रबंध रहे।

### आश्रमों पर गुरुओं की हुई पूजा और भंडारे

जुनावई, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर जुनावई क्षेत्र के विष्णु धाम साधु मढ़ी आश्रम तथा बघोई के सीताराम आश्रम पर गुरु की पूजा अर्चना की गई। शिष्यों ने आशीर्वाद लिया और भंडारे हुए। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। परम विष्णु धाम साधु मढ़ी आश्रम पर महामंडलेश्वर विष्णु देवानंद महाराज की शिष्यों एवं भक्तों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वहीं बघोई सीताराम आश्रम पर महंत रामकृष्ण महाराज की श्रीश्री 1008 रामजी महाराज, रामसुखदास महाराज और भक्तों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रीय विधायक राम खिलाड़ी सिंह और भक्तों ने भी गुरु की पूजा की। दोनों आश्रमों पर भंडारे का आयोजन हुआ।

# महाआरती में मां गंगा के जयकारे गूंजे

संवाददाता, बबराला


गंगा महाआरती में शामिल डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

● महाआरती में जिलाधिकारी ने भी हिस्सा लिया

**अमृत विचार :** राजघाट गंगा घाट पर गंगा आरती के पांच वर्ष पूरे होने पर रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम और महाआरती में जिलाधिकारी ने भी हिस्सा लिया।

मां गंगा जनकल्याण समिति की ओर रविवार देर शाम को राजघाट गंगा घाट पर आयोजित हुई महाआरती में जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया यजमान बने। वेद मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद एक घंटे तक महाआरती हुई। मां गंगा के जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं में भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी दीपक चौधरी, मां गंगा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, गवां के पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल, उमेश वार्ष्णेय, पंकज मामा, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र पांडे, बीडीओ नरेश पाल सिंह, डॉ. पवन सिंह, धर्मपाल गुप्ता, रमेश लोहे वाले, डॉ. वीएस यादव, प्रशांत अग्रवाल, विवेक वार्ष्णेय एडवोकेट, मुकेश गिरि, भगवान सिंह एडवोकेट, योगेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# साईं पालकी निकाली, झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल


साईं पालकी यात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के श्री साईं सेवा धाम रहट वाला मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के बाद श्री साईं पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्री साईं के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

श्री साईं सेवा धाम में रविवार को सुबह काकड़ आरती हुई। श्री दत्तात्रेय हवन में यजमान ललित वार्ष्णेय, रुचिका, अर्पित और अर्पिता ने आहुतियां दी। दोपहर में श्री साईं का अभिषेक शुरू हुआ। बाबा को राजीव भटनागर, मनोज गुप्ता ने दूध, दही, गंगाजल, शहद, फलों के रस, नारियल पानी, नींबू पानी, गुलाब जल, इलायची जल, बूरा, घी, चंदन आदि से स्नान कराया और नए वस्त्र धारण कराए। जिसके बाद हुए भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यजमान आशीष शर्मा रहे।

श्री साईं सेवा धाम से भव्य श्री साईं पालकी यात्रा शुरू हुई। श्री साईं को पालकी में बैठाकर नगर में भ्रमण कराया गया। हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रीराम दरबार की झांकी के बाद भव्य श्री साईं पालकी रही। पालकी को भक्तों ने बार-बारी से उठाकर पुण्य कमाया। इस दौरान मयंक गुप्ता, संतोष गुप्ता, शुभम गुप्ता, नितिन, सुरेंद्र गांधी, चीनू राधू, राजेश सूरी, राजीव अग्रवाल मैंथा, गौरव टंडन, विशाल, पंडित सुरेंद्र दीक्षित आदि का सहयोग रहा।

### ...आया है तेरे दर पे सवाली

संभल, अमृत विचार : श्री साईं सेवा धाम में रात में भजन संध्या हुई। जिसमें शशांक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, हरवंश अरोरा, संदीप ग्रोवर ने बाबा के भजन सुनाए। शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पे सवाली, तेरे दर से न जाऊंगा न खाली, दीवाना हो गया मैं दीवाना हो गया, साईं हम नौकर तेरे, ठंडी हवा शिरडी जाना वहां जाकर साईं से कहना आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

# सद्ज्ञान देने के साथ अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करता है गुरु

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के मौके पर गायत्री शक्तिपीठ व आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर गायत्री महायज्ञ हुआ। जिसमें वेद मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं।

गायत्री शक्तिपीठ के साधकों ने मंत्रोच्चारण कर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कराया। साधकों ने गुरु को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गायत्री मां महामंत्र से यज्ञ में आहुतियां दी गईं। आचार्य कुलदीप शर्मा ने कहा कि गुरु व्यक्ति नहीं, शक्ति है। वह संस्कार, सद्ज्ञान देने के साथ संमार्ग दिखाते हैं। अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करते हैं।

पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का उदाहरण देते हुए कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्य की विभिन्न प्रक्रिया चलाकर मानव को देवता बनाने की प्रक्रिया चलाई। इस दौरान भूप किशोर गुप्ता, कुसुम शर्मा, नरेंद्र कुमार, राकेश गुप्ता, गंगा राम यादव, योगेश यादव, बंटी शर्मा, डौली वार्ष्णेय, विनोद कुमार, आदि मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों पर हुए भंडारे, उमड़े श्रद्धालु

संभल, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर नगर के मंदिरों में भंडारे हुए, जिनमें तमाम श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित चामुंडा मंदिर में भंडारे हुआ। चंदौसी मार्ग पर गोमासती, बहजोई मार्ग पर सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर पर भंडारे हुए तो तमाम श्रद्धालु उमड़े। इस बीच गूंज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के मंदिरों पर भी गुरु पूर्णिमा के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया।

## सार संक्षेप

### आज बीईओ को ज्ञापन देकर मांगें उठाएंगे शिक्षामित्र

संभल, अमृत विचार : आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की मुहल्ला कोट पूर्वी में हुई बैठक में कहा गया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 22 जुलाई को दोपहर 3 बजे प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक पर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीराम सैनी ने कहा कि जब तक शिक्षामित्रों की मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक ऑनलाइन उपस्थिति नहीं देंगे। शिक्षामित्रों को पुन: सहायक अध्यापक पद पर पदस्थापित किया जाए। यह प्रक्रिया पूर्ण होने तक समान कार्य समान वेतन और सुविधाएं दी जाएं। महिला शिक्षामित्रों को उनकी ससुराल के जिले के विद्यालयों में स्थानांतरित करने के साथ ही सीसीएल देने, शिक्षामित्रों को उनके मूल विद्यालयों में वापस होने का अवसर देने, मृतक शिक्षामित्रों के परिवार को नौकरी व आर्थिक सहायता देने समेत कई मांगें हैं। बैठक में शफीक हमद, उमेश कुमार शौली, राधेश्याम प्रजापति, ओमकार सिंह, प्रेमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, विवेक कुमार, अंकित सक्सेना, गोविंद सैनी, हाजी तल्हा, मोहम्मद फतेह आदि रहे।


पौधरोपण करते एसडीएम दीपक चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

### पेड़ पौधों से पर्यावरण रहेगा सुरक्षित

बबराला, अमृत विचार : राजघाट गंगा किनारे वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में एसडीएम सहित तमाम लोगों ने बांस की पौध का रोपण किया। रविवार को एसडीएम दीपक चौधरी व चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय सहित तमाम लोगों ने गंगा घाट स्थित शांति वन के आसपास क्षेत्र में बांस के पौध लगाई। कहा गया कि पेड़ पौधों से ही पर्यावरण सुरक्षित है और जीवन भी संभव है। इसलिए हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए।


चन्दौसी के राधागोविंद में पौधरोपण करते विद्यार्थी व स्टाफ। ● अमृत विचार

### राधागोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में किया पौधरोपण

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के मुरादाबाद रोड स्थित राधा गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर में नीम, सागौन, पीपल, बरगद आदि के पौधे रोपित किए। कॉलेज के चेयरमैन पवन शर्मा ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ धरा को भी हरा भरा रखेगा। आज बढ़ते प्रदूषण और पेड़ों के कटान के कारण मानव जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज तोमर ने मानव जीवन पर वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनिल शर्मा, नितिन, पुष्पेंद्र, प्रशांत, मधु, भास्कर, शैलेंद्र सोलंकी आदि का सहयोग रहा।

### पिकअप की टक्कर से मां बेटी सहित तीन घायल

संभल, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी अजय रविवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर गंगा राजघाट पर स्नान कर अपनी मां रामवती व बहन स्वाति के साथ बाइक पर सवार होकर घर वापस आ रहा था। अजय बाइक लेकर जैसे ही बहजोई बबराला मार्ग पर गांव मदारे के पास पहुंचा। सामने से पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में अजय, रामवती और स्वाति तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल अजय, रामवती व स्वाति को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर अजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### साफ सफाई के विवाद में चले लाठी डंडे, दो घायल

जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घौंसली वाहन में साफ सफाई को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडों में दो सगे भाई घायल हो गए। गांव निवासी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सुबह मां सर्वेश देवी प्लाट की साफ सफाई कर रही थी। आरोप लगाया कि विरोध करते हुए गांव के ही लोग गाली गलौज करने लगे। जिसकी वजह से प्लाट की साफ सफाई बीच में ही छोड़कर सर्वेश देवी घर आ गई। गांव के लोग भी पीछे पीछे घर आ गए और लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे यशपाल व सत्येंद्र घायल हो गए। सत्येंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### सड़क पर बेहोश मिला युवक, पहुंचाया अस्पताल

संभल/गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर में नेहरू चौक के निकट हाईवे किनारे एक युवक सड़क के किनारे बेहोश पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर बेहोश युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इलाज शुरू होने के बीच युवक को होश नहीं आ सका। लोगों का कहना रहा कि युवक दिल्ली से आ रहा था। रोडवेज बस ने नेहरू चौक के पास युवक को उतारकर सड़क पर डाल दिया। आशंका जताई गई कि युवक को जहरखुरानी गिरोह ने शिकार बनाया होगा।

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बहजोई, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। रहागीरों ने जब रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखा तो सूचना पुलिस को दी। चंदौसी बहजोई मार्ग स्थित गांव लहरावन के निकट एक व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ था। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा। सूचना पर कोतवाल योगेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों से मृतक के शव की शिनाख्त करने की कोशिश की। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। कोतवाल योगेश कुमार ने बताया कि लगता है कि कोई व्यक्ति ट्रेन से गिरकर घायल हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


गुमथल में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

संवाददाता, चन्दौसी

● श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ उठाया

**अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव गुमथल गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में बनखंडी चौधराना बाबा आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें महिला, पुरुष व बच्चों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ उठाया। इस दौरान गुरु शरणानंद उर्फ पागल बाबा, सनक मुनि, हीरामुनी, अजय पाठक, डॉ. हरि सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, नंदकिशोर पूर्व प्रधान, राकेश शर्मा, अवनीश कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, दान सिंह अहेरिया समेत ग्राम वासियों की भागीदारी रही। उधर गांव के ही मां चामुंडा देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया और चने खीलें आदि माता को चढ़ाई। महिलाओं ने भजन गाए और नृत्य किया।

# श्रद्धालुओं ने किए हरि बाबा के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा


हरिबाबा आश्रम पर बाबा का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के मौके पर गवां के पास स्थित हरिबाबा बांध धाम पर गुरु पूजा महोत्सव का समापन हो गया। तमाम श्रद्धालुओं ने बारिश के बावजूद कतारों में खड़े रहकर हरि बाबा के दर्शन किए और पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। श्रद्धालु हरिबाबा की एक झलक देखने के लिए उत्साहित नजर आए। बांध धाम पर श्रीमद भागवत कथा और रासलीला से भी माहौल भक्तिमय बना रहा।

हरिबाबा बांध धाम पर गुरु पूर्णिमा के मौके पर रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु कतारों में खड़े हो गए और आगे बढ़कर हरिबाबा के दर्शन पूजन करते रहा। श्रद्धालुओं ने हरि बाबा के दर्शन कर दूध और जल से अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। इस बीच तेज बारिश शुरू हो गई तो श्रद्धालु कतारों में खड़े नजर आए। श्रद्धालुओं ने धार्मिक भजनों का आनंद लेते हुए हरिबाबा का गुणगान किया। श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा में पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।

### श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर बांध पर डाली मिट्टी

संभल, अमृत विचार : हरि बाबा बांध धाम पर रविवार को मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की। श्रद्धालुओं ने बांध पर मिट्टी चढ़ाकर पुण्य कमाया। बांध पर मिट्टी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। गुरु पूजा महोत्सव के अंतिम दिन हरि बाबा बांध धाम पर दूर दूर दराज से तमाम श्रद्धालु पहुंचे। धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर हरि बाबा के दर्शन करते हुए आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया।

# कुत्ते ने गांव के कई लोगों को किया घायल

**संभल/मनोटा, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में कुत्ते ने हमला कर एक ही गांव के आधा दर्जन से अधिक लोगों को जख्मी कर दिया। हाथों में लाठी डंडे लेकर ग्रामीण पीछे पीछे दौड़े तो कुत्ता जंगल की ओर भाग गया। कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

थाना क्षेत्र के गांव तलवार में रविवार की सुबह कुत्ते ने जमकर उत्पात मचाते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। गांव के ही आरिफ, राजेंद्र और करन सिंह रास्ते पर निकलकर जा रहे थे। अचानक से दौड़ते हुए आए कुत्ते ने आरिफ, राजेंद्र व करन सिंह के पास पहुंचकर हमलाकर दिया। इसके बाद कुत्ते ने रास्ते में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे मेहंदी हसन व सुरेंद्र सिंह को भी काट लिया। किसी काम से पड़ोस में जा रही बुजुर्ग महिला रामो देवी को भी कुत्ते ने अपना निशाना बनाया। घर के बाहर दरवाजे पर बैठी गजराम की पत्नी को भी काटकर कुत्ते ने घायल कर दिया।

**अनदेखी** गैस किट लगी पुरानी वैन से ले जाए जा रहे स्कूल के बच्चे

# बच्चे के स्कूल वाहन की कर लें पड़ताल

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** अपने लाडले को स्कूल भेजने से पहले उस वाहन की पड़ताल कर लें जो बच्चों को स्कूल लेकर जाती है। आधे से अधिक स्कूल वाहन जुगाड़ पर निर्भर हैं। किसी को घरेलू सिलेंडर से चलाया जा रहा ह। तो किसी में बच्चों को ठूंस कर बैठाया जाता है।

शहर के स्कूल में चलने वाले कई वाहनों की फिटनेस खत्म हो चुकी है। तो कई वाहन एलपीजी से धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। एलपीजी किट से चल रही वैन आग का गोला बन सकती है। बच्चों जान के लिए खतरा हो सकती है। एलपीजी वैन को प्रतिबंधित किया गया है। विभिन्न कंपनियों की वाहन के कागजात अधूरे रहते हैं। स्कूल वाहन का लाइसेंस जारी होता है। जिन वाहनों के पास स्कूल वाहन का लाइसेंस होगा या फिर जो एआरटीओ के यहां पंजीकृत होंगे उन वाहनों में बच्चों को भेजना सुरक्षित है। स्कूल बसों की चेकिंग के लिए यातायात पुलिस ने पूरे जुलाई महीने तक चलने का दावा किया है।

### स्कूल वाहन के यह हैं नियम

बहजोई, अमृत विचार : प्रत्येक स्कूल वाहन में जीपीएस लगा होना चाहिए। प्रत्येक स्कूल वाहन की स्पीड लिमिट 40 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। वाहन के शीशे पर लोहे की जाली अवश्य होनी चाहिए। वाहनों के पास स्कूल वैन का परमिट हो। पंजीकरण और बीमा अनिवार्य रूप से हो। वाहन की नियमित फिटनेस हो। वाहन की उम्र 10 साल से अधिक न हो।

### गैस किट वाली स्कूल वैन पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

बहजोई, अमृत विचार : यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से लगातार स्कूल वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में विशेष रूप से गैस किट वाली स्कूल वैन पर नजर रखी जा रही है। अगर कोई भी स्कूल संचालक गैस किट वाली स्कूल वैन बच्चों को लाने ले जाने में इस्तेमाल कर रहा है तो उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा सकती है।

● यातायात पुलिस ने स्कूल वाहनों के चेकिंग अभियान चलाने का किया है दावा



# सावन के सोमवार को लेकर सजे शिव मंदिर

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल में पक्का बाग स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को लेकर शिव मंदिरों पर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। विशेष सफाई के साथ ही पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं भक्तों ने भी पूजा सामग्री खरीदते हुए तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है।

संभल नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, बहजोई मार्ग पर पक्का बाग स्थित सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, फत्तेहपुर भाऊ स्थित प्रकटेश्वर महादेव मंदिर, गुमसानी के झारखंडी महादेव मंदिर, बहजोई के सादात बाड़ी शिव मंदिर के अलावा गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और सौंधन क्षेत्र के शिव मंदिरों पर विशेष सफाई, रंगाई और सजावट कराई गई है। सोमवार को सुबह से ही भक्त मंदिरों का रुख करेंगे। मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की जाएगी। भक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर शिव मंदिरों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

### जीआरपी का शिव भक्तों की सुरक्षा को प्लान तैयार

चन्दौसी, अमृत विचार : सावन में शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी ने सुरक्षा प्लान तैयार कर लिया है। जिसके अंतर्गत 20 पुरुष व दो महिला कांस्टेबिल व दो उपनिरीक्षक बाहर से बुलाए गए हैं। जिसमें आधा पुलिस बल राजघाट व आधा चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर तैनात किया जाएगा। इतना ही नहीं पानी का टैंकर, एंबुलेंस व फायर सर्विस भी तैयार रहेगी। जीआरपी थाना प्रभारी राजदेव पूनिया ने बताया कि सावन माह में शिव भक्तों की सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार कर लिया गया है। उच्चाधिकारियों से जितना फोर्स मांगा गया था वह रविवार की रात तक थाने पर पहुंच जाएगा। चन्दौसी रेलवे स्टेशन परिसर व प्रतीक्षालय सहित जिस स्थान पर ट्रेनों से कांवर लाने वाले शिव भक्तों आराम करना चाहते हैं, उन्हें रोका व टोका नहीं जाएगा। राजघाट व चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर कांवड़ियों की वेशभूषा में कुछ सिपाही तैनात रहेंगे। जो हर आने जाने वाले यात्रियों पर नजर रखेंगे।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में फायरिंग को लेकर रिपोर्ट दर्ज

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार की देर रात दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में पुलिस ने तीन लोगों सहित कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के गांव कैलमुंडी में शुक्रवार की देर रात अवधेश व दूसरे पक्ष के ऋषिपाल, अशोक के बीच दोनों ओर से ताबडतोड़ 20 राउंड फायरिंग हुई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर अवधेश, अशोक व ऋषिपाल अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग गए थे। उप निरीक्षक अय्यूब खां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की शाम अवधेश, अशोक, ऋषिपाल सहित कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### कांवड़ियों के पंडाल देंगे स्वच्छता का संदेश

**संभल, अमृत विचार :** सावन महीने में जीरो वेस्ट सावन त्योहार मनाने के लिए जिला प्रशासन ने मार्गदर्शिका कलेंडर जारी किया है। जिसे लेकर जिलाधिकारी डॉ .राजेंद्र पैंसिया ने पंडाल समितियों से स्वच्छता एवं सुरक्षा को लेकर अपील की है। जिसमें यह बताया है कि पंडाल के लिए क्या किया जाए और नही करें। जिलाधिकारी ने जीरो वेस्ट त्योहार मनाने की गाइडलाइन का भी कलैंडर के रूप में विमोचन किया है। नगर पालिका परिषद की ओर से तैयार मार्गदर्शिका कलेंडर पंडाल समितियों को दिया जाएगा। अन्य नगर निकाय भी यह कार्य करेंगे। नगर में प्रवेश करने वाले कांवड़ियों को प्लास्टिक फ्री जोन के तहत पूजा सामग्री के लिए कपड़े के थैले उपहार के रूप में दिए जाएंगे। जिसमें वह पूजा सामग्री रखेंगे। प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करेंगे। जिलाधिकारी ने जिले के लोगों से स्वच्छ त्योहार मनाने के लिए हरित शपथ भी दिलाई है।

### गंगा में स्नान करने वालों की ट्रेनों में रही भीड़

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए ट्रेनों से लोग राजघाट के लिए रवाना हुए। जिससे अलीगढ़ दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों में काफी भीड़भाड़ रही। गुरु पूर्णिमा पर गंगा में स्नान करने का बड़ा महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा पर स्नान के बाद दान करने व गुरु की पूजा करने से घर में सुख शांति व समृद्धि की प्राप्ति होती है। गुरु दोष से मुक्ति के लिए गुरु पूर्णिमा पर घरों में गुरु यंत्र भी स्थापित किए गए हैं।

# थाने में धरने पर बैठे बजरंग दल कार्यकर्ता

## हनुमान चालीसा का पाठ किया, बैकफुट पर आई पुलिस, दर्ज की पीड़ित की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण के विरोध ग्राम प्रधान के पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे समुदाय के घर पर पथराव कर मारपीट की। दो लोग घायल हुए लेकिन पुलिस ने बीस घंटे के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरने पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरु किया तो पुलिस ने आनन फानन में ग्राम प्रधान के पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

थाना क्षेत्र के गांव चंदवार निवासी कैलाश चंद शर्मा का आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति अनवर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण करा रहा था। विरोध किया तो अनवर के बीच विवाद हो गया। अनवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए कैलाश चंद शर्मा पर धारदार हथियार से



बजरंग दल कार्यकर्ताओं के पास बैठकर उन्हें मनाने का प्रयास करते थाना प्रभारी।

विवाद

- **दूसरे समुदाय के लोगों ने की थी मारपीट मगर पुलिस ने नहीं लिखी थी रिपोर्ट**

हमला कर दिया। कैलाश चंद शर्मा को बचाने उसका बेटा प्रदीप व भतीजी भावना शर्मा पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई। कैलाशचंद शर्मा, प्रदीप शर्मा व भावना शर्मा भागकर अपने भाई के घर में घुस गए। अनवर भी अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और पथराव करते हुए मारपीट की। जिसमें भावना शर्मा व प्रदीप शर्मा घायल हो गए। कैलाशचंद्र ने थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने उसकी फरियाद को अनसुना कर दिया। बजरंग दल कार्यकर्ता धरने पर बैठे तो पुलिस रिपार्ट दर्ज करने को मजबूर हुई।

### बीस घंटे बीतने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान के पति अनवर व उसके साथियों के हमले का शिकार हुए गांव चंदवार निवासी कैलाशचंद शर्मा व उसके परिवार की फरियाद नहीं सुनी। तहरीर मिलने के बीस घंटे बीतने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सूचना मिलने पर रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने परिसर में पहुंचे और अनवर, सालिम, सद्दाम, इमरान, जाबिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए धरने पर बैठ गए। धरने के 25 मिनट बाद ही आनन फानन में रिपोर्ट दर्ज कर थाना प्रभारी हरीश कुमार ने कार्यकर्ताओं को अनवर, सालिम, सद्दाम, इमरान, जाबिर के कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

## ब्राह्मण शक्ति संघ ने माता मंदिर में किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचारः** ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारी और सदस्यों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीता आश्रम स्थित बगिया वाली माता मंदिर परिसर में पौधरोपण किया।

जिसमें शीशम, सैजन, अमरूद, आंवला, पीपल, जामुन, नीम आदि के पौधे रोपित किए। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए। प्रदेश महामंत्री अभिनव शर्मा ने बताया कि संगठन प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण का कार्य करता है और उनकी देखभाल करने का भी कार्य भी करता है। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम वत्स, जिलाध्यक्ष अविरल शर्मा व नगराध्यक्ष निशांत शर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग और मानवीय कार्यों के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन जैसी चीजों के कारण हम गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यही कारण है कि पौधा रोपण करना महत्वपूर्ण है। इस दौरान महंत मुनीश शर्मा, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, देव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### ओवरब्रिज निर्माण के लिए हटाई हाईटेंशन लाइन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने रविवार को रेलवे फाटक से आसपास से गुजर रही विद्युत लाइनों हटा दिया। जिससे सुबह छह बजे से रात नौ बजे मौलागढ़ फीडर की बिजली बंद रही। रविवार की सुबह छह बजे विद्युत विभाग के कर्मचारी मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पहुंच गए। रविवार को विद्युत कर्मचारियों ने हाईटेंशन लाइन के पोल हटाने का कार्य आरंभ कर दिया। विद्युत लाइन हटने के बाद बहजोई रोड पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य दो से तीन दिन में आरंभ कर दिया जाएगा। फिलहाल मंडी समिति के सामने कार्य जारी है। वहीं विद्युत लाइन हटने को लेकर मौलागढ़ फीडर के क्षेत्र विकास नगर, मौलागढ़, शक्ति नगर, गोशाला रोड आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रही है। जिससे उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी।



पोल पर चढ़ा बिजली कर्मी।



गुरु पूर्णिमा पर दीपोत्सव मनातीं महिला शक्ति की सदस्य। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से गीता सत्संग भवन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम व पर्यावरण जागरूकता पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्रुप की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया हमारे आसपास पाए जाने वाले सभी पदार्थ जीव जंतु, नदी, तालाब, खेत, पेड़, पौधे, हवा, प्रकृति निर्मित तथा मानव निर्मित वस्तुएं आदि इन सभी का घेरा पर्यावरण है। प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति जागरूक होना तथा ऐसे विकल्प चुनना जो पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने की बजाय लाभ पहुंचाएं। पर्यावरण जागरूकता के दायरे में आते हैं। हमें पर्यावरण संरक्षण के घातक परिणामों के बारे में जनता को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। क्योंकि यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया और सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए तो इसके घातक परिणाम होंगे। अंत में गुरु पूजन कर दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, उषा वार्ष्णेय आदि रहीं।



गोलागंज शिव मंदिर पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भंडारे में पहुंच श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री शिव साईं धाम में वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को मंदिर परिसर में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। गोलागंज स्थित श्री शिव साईं धाम में वार्षिकोत्सव के चलते रविवार की सुबह साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन पूजन कराया गया। दोपहर एक बजे भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। शाम तक भंडारा जारी है। इससे पूर्व शुक्रवार को वार्षिकोत्सव पर बाबा की पालिकी शोभायात्रा निकाली गई थी। इस अवसर पर जवाहर लाल ग्रोवर, महेंद्र बजाज, कमल कुमार, रामप्रकाश, डॉ . सीताराम साहनी, लक्की, प्रिंस खुराना, आशा बिसारिया, मीनू चड्ढा, मोना बजाज, रचना गड्ढा, फूलवती, कुसुम शर्मा, सुधा गुप्ता, रितु, नीलिमा साहनी आदि मौजूद रहीं।



मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### गुरु देव दया करके मुझको अपना लेना...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से गुरु पूर्णिमा पर सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डॉ . वाईपी जोशी ने सभी देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में, अजय सक्सेना ने गुरु देव दया करके मुझको अपना लेना आदि भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बृजेंद्र शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, पीएन शर्मा, राकेश चौबे, गोविंद वार्ष्णेय, टीसी शर्मा, अविनेश शर्मा, मनोज शर्मा, ब्रजनंदन शर्मा, सुधा शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, मीनाक्षी पांडे, मयंक, जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।



लड्डू वाले बालाजी दरबार में गुरु पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने किया गुरु पूजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा का पर्व नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में आस्था और श्रद्धा भाव से मनाया गया। भक्तों ने अपने-अपने गुरु को तिलक कर विधि विधान से पूजन किया। चरण पूज कर आशीर्वाद लिया। जो भक्त अपने गुरु जी के दर्शन को नहीं जा सके। उन्होंने घर में ही गुरुजी का चित्र रख कर पूजन किया। गुरु की महिमा का बखान किया। सीता रोड स्थित श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रात : 9 बजे महंत राकेश कुमार अग्रवाल ने प्रथम अपने गुरुदेव श्री श्री हरिशंकर मिश्रा का ध्यान करते हुए गुरु पूजन की शुरुआत की। उसके उपरांत दरबार के भक्तों ने गुरु महंत राकेश कुमार अग्रवाल का तिलक किया और पुष्प अर्पित किए। गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संतोष कुमार सेवादार, वीरेन्दु कुमार, हेमंत कुमार, आदित्य, विशाल, मोहित, ऋतु, कुमकुम, अनीता, पाकी, सृष्टि, प्रिया, मधु, प्रियांशी, काजल आदि भक्त शामिल रहे।

# मुरादाबाद के चार आरोपी दबोचे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना पुलिस ने लूट की तीन वारदातों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने थाना क्षेत्र में दो व असमोली थाना क्षेत्र में एक लूट की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। चारों आरोपी जनपद मुरादाबाद के निवासी हैं।

रविवार को पुलिस मुरादाबाद रोड स्थित अकरौली के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी दो बाइकों पर चार युवक पहुंचे। जब पुलिस ने युवकों से पूछताछ की तो संदिग्ध लगने पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों में नदीम पुत्र आरिफ निवासी गांव पैगम्बरपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, समीर पुत्र अतीक चौधरी निवासी जयंतीपुर रोड, थाना मझोला मुरादाबाद,



लूट के सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

- **पुलिस ने लूट की तीन वारदातों का किया खुलासा**

फरीद पुत्र शकील निवासी ग्राम काजीपुरा थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद व आमिर पुत्र कमरुद्दीन निवासी अनवार नगर थाना कटघर, मुरादाबाद शामिल थे। आरोपियों ने बताया कि मुरादाबाद रोड पर अकरौली के पास 26 जून को युवक से एक मोबाइल, 2550 रुपये व बाइक, 25 जून को एक मोबाइल व बाइक लूटी थी। इसके बाद 16 जुलाई को बाइक के पीछे बैठी महिला के कुंडल झपट्टा मार ले गए थे। आरोपियों ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल व दो बाइकें बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## महापुरुष स्मारक समिति ने महर्षि वेद व्यास की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने रविवार को महाकाव्य महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास जी की जयंती महाजन मौहल्ला में धूमधाम से मनाई गई। उपस्थित लोगों ने व्यास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। विधि विधान से गुरु पूजन कर मिष्ठान का भोग लगाया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि महर्षि वेद व्यास जी की जयंती पर ही आज व्यास पूर्णिमा है। जिसे गुरु पूर्णिमा भी कहते हैं। हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार महर्षि वेद व्यास जी त्रिकालज्ञ थे। महर्षि वेद व्यास जी



गुरु पूर्णिमा पर वेद व्यास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के सदस्य।

को भगवान विष्णु का अंशावतार भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास जी का पूरा नाम महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने की। संचालन अमित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम संयोजक सुरेश चंद्र शर्मा रहे। इस अवसर पर आशा रानी, रोहितअग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, पुजारी महेश शर्मा, दक्ष अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, मानव अग्रवाल, वेदान्श रस्तोगी, अर्णव शर्मा, सत्यवीर सिंह रहे।

# सावन का पहला सोमवार आज शिवालयों में होगा जलाभिषेक

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** सावन माह को लेकर शहर सहित देहात क्षेत्रों में शिव मंदिरों को सजा दिया गया है। साथ ही देव प्रतिमाओं को सुंदर पोशाक पहनाई जा रही है। सोमवार से सावन माह आरंभ हो रहे हैं और पहला सोमवार होने पर शिव मंदिरों व शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।

सावन माह को लेकर सीता आश्रम स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर, सुभाष रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर, बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर, आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर, रामबाग रोड स्थित शिव मंदिर व गांव मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिरों पर विशेष सजावट की गई। वहीं कुढ़फतेहगढ़ के प्राचीन शिव



चन्दौसी के सीता आश्रम स्थित मूंछो वाले शिव मंदिर में तैयारी करते पुजारी।

मंदिर गांव बेरनी और छाबड़ा गांव के झारखण्ड शिव मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को भगवान शंकर का शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा। प्रमुख मंदिरों पर सुबह से ही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहेगा।

## स्कूटी में आग लगने से अफरातफरी मची

**चन्दौसी, अमृत विचारः** खुर्जा गेट मोहल्ला आचार जान में घर में खड़ी चार्जिंग वाली स्कूटी में अचानक आग लग गई। जिससे अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में स्कूटी को बाहर खींचा और पानी डालकर आग बुझाई। स्कूटी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

खुर्जा गेट के आचार जान मोहल्ले में विनोद वार्ष्णेय रविवार होने पर घर पर थे। सुबह साढ़े दस बजे घर में खड़ी चार्जिंग वाली स्कूटी से अचानक धुंआ निकलने लगा। परिजनों ने आनन-फानन में स्कूटी को घर से बाहर निकाला। इस बीच स्कूटी ने आग पकड़ ली और धू-धूकर जलने लगी। अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। स्कूटी में आग धधकती देख लोगों ने पानी डालना शुरू कर दिया। करीब दस मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मगर तब तक अधिकांश स्कूटी जलकर खराब हो गई।

# बाइक को रौंद पलटा टेंपो, पांच घायल

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

**अमृत विचारः** कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर वाहन को ओवरटेक करते समय बाइक को रौंदने के बाद टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गया। हादसे में बाइक चालक व ऑटो में सवार यात्रियों सहित पांच लोग घायल हुए हैं।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भैंसरोली निवासी चालक सत्यपाल रविवार की सुबह दस बजे गवां से टेंपो लेकर संभल की ओर आ रहा था। टेंपो में बच्चों व महिलाओं सहित 13 लोग सवार थे। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल के पास संभल गवां मार्ग पर वाहन को ओवरटेक करते समय सत्यपाल का टेंपो से नियंत्रण हट गया और अनियंत्रित होकर टेंपो आगे चल रही बाइक को रौंदते हुए सड़क किनारे खंदक में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने



हादसे के बाद टेंपो को सीधा कर सड़क किनारे खड़ा कराते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- **कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर हुआ हादसा**

टेंपो को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने टेंपो चालक सत्यपाल, आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कमलेश पत्नी मुनेश, हरियाणा राज्य के शहर पानीपत निवासी शीला पत्नी रामसिंह, गांव लखनपुर निवासी तारावती पत्नी किशनलाल, गांव सारंगपुर निवासी चंद्रपाल और हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी कल्लू शर्मा को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर सत्यपाल को हायर सेंटर रेफर किया गया। जबकि खाद लेने बाइक से संभल आ रहे गांव चाचूनागल निवासी सुरेंद्र को उपचार के लिए परिजनों ने सौंधन निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

सम्मान | वार्ष्णेय यूथ संगठन की ओर से 11 अप्रैल को निकाली गई थी अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा

# सहयोगियों को वार्ष्णेय शिरोमणि उपाधि से नवाजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की ओर से 11 अप्रैल को वार्ष्णेय समाज के कुलप्रवर्तक श्री अक्रूरजी महाराज के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को भव्य बनाने मे वार्ष्णेय समाज के विभिन्न लोगों ने अपना सहयोग एवं योगदान दिया। जिन्हें रविवार को समारोह पूर्वक वार्ष्णेय शिरोमणि उपाधि से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी और उपजिलाधिकारी नीतू सिंह ने पौधरोपण करके व श्री अक्रुरजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद अखिलेश कुमार खिलाड़ी, लता वार्ष्णेय , प्रतिभा चौधरी, राहुल चौधरी, सचिन वार्ष्णेय, राघव लोचन, अमित केएस, प्रभात कृष्णा,




समारोह में सम्मानित वार्ष्णेय समाज के लोग। ● अमृत विचार

नितिन रहोली, दीपक गुप्ता, सुशांत डीएस, दीपक डीएस, रोमिल, गिरधर गोपाल, राजन वार्ष्णेय, सोनू वार्ष्णेय, पवन गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, भुवनेश चौधरी, सुभाष भोलेनाथ, अमित शरण, मौसम गुप्ता, कमल गुप्ता, जस्टी गुप्ता, ललित वार्ष्णेय, अशोक फैंसी, मन्नू मेडिकल, सौरभ वार्ष्णेय, राजीव हाजी, अंकित वार्ष्णेय, कौशल नंदन, अन्नू रतन, अमित अप्पू, डीपी प्रधान, प्रदीप वार्ष्णेय हयातनगर, आशीष गुप्ता, विवेक चौधरी, मोहन चौधरी को वार्ष्णेय शिरोमणि उपाधि से नवाजा गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी कहा कि सरकार हमेशा वार्ष्णेय समाज के साथ है। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। संचालन प्रभात कृष्णा व अमित वार्ष्णेय केएस ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अमित चौधरी, मोनू गुप्ता, मंतेश वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, लकी वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# सूख रही किसानों की फसलें बेमियादी आंदोलन का ऐलान

संवाददाता, चन्दौसी

- **राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति की असालतपुर जारई स्थित कार्यालय में हुई बैठक**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान संघर्षं समिति की पंचायत रविवार की सुबह गांव असालतपुर जारई स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में हुई। जिसमें ग्रामीणों अंचलों की गड़बड़ाई बिजली व्यवस्था से सूख रही फसलों को लेकर रोष जाहिर किया। साथ ही सोमवार से तहसील गेट पर बेमियादी धरना -प्रदर्शन का ऐलान किया।

पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में दो दिन में एक बार बिजली आपूर्ति की जा रही है। उस पर भी 6 से 7 घंटे ही आपूर्ति मिल पा रही है। उसमें भी लो वोल्टेज की समस्या व ट्रिपिगं होती रहती है। जिससे किसान भाइयों को फसलों की सिंचाई करने में दिक्कत आती है। आलम ये है कि धान समेत अन्य फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। बैठक में बिजली विभाग के खिलाफ रोष जाहिर करते हुए सर्व समिति से निर्णय लिया कि 22 जुलाई दिन सोमवार को 12 बजे से तहसील मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संजीव राघव, अभय राघव, जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, अनुज गौड़, अमित कुमार, सोनू राघव, शानू शर्मा, शैलभ शर्मा, मुकेश शर्मा, रामपाल सिंह, मनोज कुमार, बब्लू मिस्त्री, सुरजीत राघव, सत्यम राघव, आदेश राघव, ओमकार सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# बुजुर्गों की आबादी

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में पिछले 50 वर्षों में लगातार जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या (यूएनएफपीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। चिंता की बात है बुजुर्गों की आबादी में वृद्धि के साथ ही देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ भी आएगा। ऐसे में उनके लिए गरीबी बड़ी समस्या रहेगी। वास्तव में देश में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी सरकार के लिए चिंता की बात है। ऐसे में बुजुर्गों को खास ध्यान में रखकर अभी से नीतियां बनाने की जरूरत है ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवा आवास और पेंशन मिल सके। इसकी जरूरत खासकर बुजुर्ग महिलाओं को रहेगी, जो बुढ़ापे में अकेली पड़ सकती हैं। यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि देश में खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है। भारत में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुंच की मुख्य चुनौतियों में शारीरिक बाधाओं में कम गतिशीलता, सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुंच शामिल हैं। साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएं शामिल हैं।

बुजुर्गों के सामने आने वाली स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियां, स्वास्थ्य तक पहुंच में एक और सामाजिक बाधा है, जो भारतीय मामले में अनोखे तरीकों से प्रकट होती है बुढ़ापे में स्वस्थ और कार्यरत दोनों रहने की विरोधाभासी चुनौतियों का सामना करते हैं। बुजुर्गों का गिरता स्वास्थ्य और ऊर्जा नियोक्ताओं को उन्हें नियमित कार्यबल में काम पर रखने से हतोत्साहित करती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर आम तौर पर अवसर कम होते हैं। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है। ऐसे में वायु प्रदूषण समेत दूसरी पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भी स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का कोई जनसंख्या-व्यापी तंत्र नहीं है। भारत की दृष्टि से जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

# बाढ़ और सुखाड़ का संबंध जल प्रबंधन से



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है।

किसी भी देश में बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं से हर वर्ष आम आदमी का परेशान होना, ये जाहिर करता है कि पानी का प्रबंधन राज और समाज के द्वारा बेहतर तरीके से नहीं किया जा रहा है। तभी हर वर्ष हज़ारों करोड़ रूपये की संपदा का नुकसान होना, सैकड़ों लोगों का मौत के मुंह में जाना, इस बात की पुष्टि करता है कि, आज़ादी के 70 साल बाद भी हम इन बारिश की बूंदों से उत्पन्न आपदाओं से मुक्ति न पा सके। इतना ही नहीं भूमिगत जल को निचोड़ कर धरती का पेट खाली कर देना, अब नई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहा है। गर्मियों के मौसम में देश की नदिया पानी की कमी व प्रदूषण के कारण से सिकुड़ती जा रही है एवं बारिश के समय बांधों के बाबजूद नदियों में बाढ़ का आना प्राकृतिक असंतुलन की तरफ इशारा करता है।

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में समस्त भू-मंडल, जल-मंडल और वायु-मंडल के सभी जीवों के जन्म-मरण और पालन पोषण का वर्णन किया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सृष्टि में असंख्य ब्रह्मांड है। वैज्ञानिक भी इस बात का समर्थन करता है। इस पुराण के अनुसार प्रकृति ईश्वर की कृति है, इसलिए जब भी हम धरती पर कोई भी योजना या परियोजना का निर्णय लेते है तब नीति निर्माताओं को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रकृति वास्तव में ईश्वर की कृति है। और जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचते है या खनिजों का दोहन करते है तब ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारा मुकाबला किसके साथ है। अक्सर यह देखा गया कि वैज्ञानिको व इंजीनियर्स ने प्रकृति से सबक लेने के बजाय लालच के चलते उसके नियमों के खिलाफ हम और ज्यादा दुर्दांत व्यवहार करने लगते है। वेदों, पुराणों में जो कुछ भी प्रकृति के किस तरह का बर्ताव होना चाहिए या उसके नियम कानून क्या कहते है। उसको आज का समझदार व्यक्ति पोंगापंथी मानता है। यही कारण है कि प्रकृति द्वारा निर्धारित मर्यादा का उल्लंघन करते है। तब उसके परिणामों को झेलने के लिए हमको तैयार रहना चाहिए। आने वाली पीढ़ी जिसे आधुनिक विज्ञान का मास्टर बनाया जा रहा है। उनको ये भी बताया जाय कि हमारे बुजुर्गों द्वारा जो ज्ञान हमको दिया गया है। वो वर्षों के सहेजे गए अनुभवों पर आधारित है। किसी कल्पना व परिकल्पना पर आधारित नहीं है। अब समय आ गया है कि जिन नदियों ने हमको सभ्यता व संस्कृति दी, वह अब मौन हो चुकी है। उनका मुखर होना बहुत जरूरी है। क्योंकि नदियों में अब रस नहीं बचा, कारण नदियां अब सूखती जा रही है। इसलिए अगर हमें बोलती हुई नदियां, झीलें, तालाब चाहिए तो पुराने ज्ञान को पोंगापंथी न मानते हुए उनको अपने व्यवहार में लाना चाहिए। आज जिस तरह हम बाढ़ और सुखाड़ के नुकसान उठा रहे है उससे स्पष्ट है कि हमने पहले की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। उदाहरण के लिए अब ये आम सी बात हो गई है कि गहरा बोर वेल होने के कारण एक खेत में हरी भरी फसल लहलहा रही है और बगल के खेत में घास भी नहीं है। क्योंकि बगल वाले खेत के किसान के पास आर्थिक साधन उपलब्ध न होने के कारण वह गहरा बोर वेल नहीं करा पाया। इससे अब बगल के खेत वाला किसान रोज़ी रोटी कि खातिर, जिसके पास गहरा बोर वेल है यानी पानी है वो उसका मजदूर हो जाएगा। फिर एक दिन ऐसा आएगा की बोर का पानी भी ख़त्म हो जाएगा। तब दोनों खेत के किसान मजदूरी के लिए किसी तीसरे के पास जाएंगे या फिर शहर की ओर पलायन करेंगे। दिनेश मिश्रा, जिन्होंने पानी खासतौर पर बाढ़ के प्रबंधन पर काफी काम करके अनुभव प्राप्त किया है। उनका कहना है कि, आदमी की रीढ़ की हड्डी में 33 हड्डियां होती हैं और नौकरी करते-करते यानी एक अच्छे पद पहुंचने के बाद ही उसकी रीढ़ की सारी हड्डिया कमजोर होने लगती है। जब व्यक्ति की क्षमता क्षीण होने लगती है, तब वह तृष्णा के चलते खुशहाल बुढ़ापे के लिए अपना हित, स्वार्थ देखते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत हो जाती है। आज का वैज्ञानिक व पढ़ा लिखा व्यक्ति नक्षत्रों के बारे में कुछ नहीं जानता। उसको सिर्फ अंग्रेजी महीनों के नाम याद है। उसको नहीं मालूम कि रबी और खरीफ की फसल के लिए बीज किस नक्षत्र में बोना है। यानी वह विज्ञान जिस पर धरती पर जीवन आधारित है, जो असली विज्ञान है, जिसमें प्रकृति का प्रत्येक चक्र शामिल है, उसकी समस्या को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हल करना चाहते है। जबकि तकनीकी हर प्राकृतिक नियम के विरूद्ध कार्य करती है। इसके अलावा कभी किसी नीति निर्माता ने किसी भी योजना-परियोजना के लिए स्थानीय बुजर्ग लोगों से सलाह नहीं ली। यही कारण है कि, किसी भी योजना के परिणाम व लाभ पूरी तरह आम आदमी को नहीं मिल पाते हैं।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था। अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था।

अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए। इसी तरह नदी के पानी के स्तर को देखते हुए उसका नाम व उसके प्रबंधन का तरीका बदल जाया करता था। जैसे अगर नदी का जल किसी मकान की खिड़की तक आ गया तो उसको "बोह", अगर छत तक तो कब उसको "हुमा", और अगर छप्पर यानी छत तक आ जाए तो "साह" कहा जाता था। "साह" के लिए तो बाकायदा यहां तक कहा गया है कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही साह देख पाटा है। यानी "साह" 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होती थी। इसी तरह भिन्न भिन्न स्तर तक पानी के आने को अलग-अलग नाम से बुलाया जाता था या है। मतलब भारत में बारिश के पानी को भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। इसी तरह सुखाड़ के लिए भी पानी प्रबंधन की व्यवस्था की जाती थी। जिसका उदाहरण भारत में प्रत्येक गांव व शहर में कुंए, बाबड़ी, तालाब के रूप में देखने को मिल जाएगा। पूरे भारत में खासतौर से दक्षिण, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड और राजस्थान में आज भी सैंकड़ों वर्ष पुराने ये जल प्रबंधन के तरीके सूखे से निपटने के लिए जीवंत है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा तालाबों की महत्ता को देखते हुए अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को लागू किया। नहीं तो ललितपुर जैसे जिले में एशिया में सबसे ज्यादा बांध है, वहां भी बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्याएं मुंह बाए प्रत्येक वर्ष खड़ी हो जाती हैं। इस परिस्थिति में आकर हमको बांध, नहर, नदियों का गठजोड़ नहीं बल्कि गांधी के बताए रास्ते व उनके विचार याद आते हैं।

## प्रसंगवश

# तलवार से ज्यादा ताकतवर कलम

सच्चाई के खुलासे और जनता को सूचित करने के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया 'स्टिंग ऑपरेशन' अपराध की श्रेणी में यद्यपि नहीं आता है। लेकिन उन्हें सामान्य रूप से वैध नहीं कहा जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग -अलग किया जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में मीडियाकर्मियों को अभियोजन से छूट दी गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने जेल के अंदर स्टिंग ऑपरेशन करने का प्रयास करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस निर्णय में लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर गंभीर चिंतन है। उच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा कि 'एक लोकतांत्रिक देश में, अगर प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।' निर्णय में अंग्रेजी लेखक और राजनीतिज्ञ एडवर्ड बुल्वर-लिटन के प्रसिद्ध वाक्यांश 'कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है' को उद्धरित किया गया है। कलम की ताकत बताते समय कोर्ट ने कहा कि इसका प्रयोग करते समय मीडिया को अति सचेत रहने की भी जरूरत है। रिपोर्टिंग की छोटी सी गलती व्यक्ति की निजता या संविधान प्रदत्त अधिकार को प्रभावित कर सकती है।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने यह भी उल्लिखित है किया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए नागरिकों को सत्य और असत्य के बारे में जानकारी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आरके आनंद व अन्य बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली हाईकोर्ट (2009 के एच सी 863) और रजत प्रसाद बनाम सीबीआई (2014 के एचसी 4299) मामले में दिए दृष्टांत को संदर्भित किया गया है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि जनहित में किए गए स्टिंग ऑपरेशन को न्यायिक स्वीकृति तो मिली है, लेकिन उन्हें समान रूप से वैध नहीं बनाया जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग-अलग किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्टिंग ऑपरेशन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'यदि प्रेस द्वारा किसी दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से या किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने और उसे अपमानित करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया जाता है, तो ऐसे स्टिंग ऑपरेशन और ऐसे 'स्टिंग ऑपरेशन' पर आधारित रिपोर्टिंग के लिए मीडियाकर्मी को कानून का कोई समर्थन नहीं मिलेगा।' याचिकाकर्ता एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रदीप और प्रशांत 16 जुलाई, 2013 को "सोलर स्कैम" मामले में पथनमथिट्टा जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी जोप्पन से प्रशासन की अनुमति से मिले थे। अभियोजन के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर जेल-नियमों का उल्लंघन करते हुए मोबाइल फोन से उसका बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। जेल अधीक्षक की सूचना पर पत्रकारों के विरुद्ध केरल कारागार और सुधार सेवा (प्रबंधन) अधिनियम-2010 की धारा-86 और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ। याची गणों ने इस अपराध के संबंध में उनके विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट-I, पठानमथिट्टा के समक्ष लंबित एसटी.सं. 2065 /2014 की कार्यवाही को रद करने की मांग करते हुए केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित की थी। इस याचिका में उच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण प्रश्नों की जांच की। क्या कोई अपराध बनता है और क्या मीडियाकर्मियों द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन अपराध के बराबर है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिनियम की धारा-86 के तत्व इस मामले में दिखते हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मीडियाकर्मी के रूप में स्थिति को देखते हुए मामले को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि 'सोलर स्कैम' के चर्चित मामले की जानकारी को लेकर लोगों में जिज्ञासा थी और पत्रकारों ने अपने इसी दायित्व के तहत जेल के अंदर बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। याची पत्रकारों का इरादा केवल समाचार प्राप्त करना था न कि कानून का उल्लंघन करना। इस मामले में 'फोर्थ एस्टेट' का भी जिक्र हुआ है। कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाज में फोर्थ एस्टेट की भूमिका एक वॉच डॉग की है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रेस रिपोर्टिंग के उदघाटन के समय हुई बहस में एमपी एडमंड बर्क ने 1771 में फोर्थ एस्टेट का प्रयोग पहली बार किया था। हालांकि, इस मामले में, न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य कानून का उल्लंघन करने के किसी जानबूझकर प्रयास के बिना समाचार एकत्र करने के इरादे से प्रेरित था। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसी परिस्थितियों में, न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं, जो निस्संदेह मीडियाकर्मी हैं, के खिलाफ अभियोजन जारी रखना आवश्यक नहीं है।

# कांवड़ यात्रा में कई सच

भारत में अनुमान के अनुसार जनसंख्या 145 करोड़ हो रही। आबादी में चीन को पछाड़ कर हम इस सिलसिले में विश्व गुरु हैं। सरकारी आंकड़ों के (भी) मुताबिक हिंदू 80 प्रतिशत के आसपास हैं। कानूनों के तहत बौद्धों, जैनियों और सिक्खों को सिविल अधिकारों के लिए हिंदू धर्म के खांचे में रखा गया है। यानी सौ करोड़ के आसपास मांसाहारी नागरिक हैं। मुसलमान, ईसाई, पारसी वगैरह को मिलकर बीस करोड़ होंगे तो ज्यादातर हिंदू मांसाहारी ही हुए। हमने बचपन में पहली बार कांवड़ को देखा, सना, समझा इतिहास तथा संस्कृति में। जब आदर्श गरीब बेटा श्रवण कुमार माता पिता को कांवर पर बिठाए तीर्थाटन कराता रहा।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था।

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, इलाज और शिक्षा की जरूरी सुविधाओं की कमी और तरह तरह के सामाजिक आर्थिक कारणों से बेरोजगार युवा कथित धार्मिक आयोजनों और नेताओं के पिछलग्गू बन रहे हैं। मस्जिद के सामने उनसे बजरंगबली की जय के नारे लगाने को उत्तेजित किया जाता है। सिखाया जाता है ऐसा नारा लगाओगे। तब इतिहास का शोध करने वाले छात्रों से कहीं ज्यादा समझोगे कि हिंदुओं पर कितना जुल्म अब तक होता रहता है। अतीत के अन्याय का बदला तुम्हें आज लेना है।

जुलूस तो पहले निकलते रहे हैं। प्रभात फेरियां होती रहीं। होली का समागम तो बहुत अनोखा है। ईद की मुबारकबाद तो सार्वजनिक होती है। बड़े दिन में ईसा मसीह की कुर्बानी देख सबकी आंखें नम होती हैं। उदार हिंदू हर मजहब के पूजा पाठ से आत्मीय होते हैं। बौद्ध विहारों में नमन करते हैं। पारसी की अग्नि को पूजते हैं। गर्ज यह कि धर्म और संस्कृति के इलाके में सच्चा हिंदू इंसानी संगीत की सिम्फनी में अपनी अभिव्यक्ति ही नहीं, अहसास ही नहीं, अपना अस्तित्व ढूंढ़ता रहा है। मैं कांवड़ यात्रा को इसलिए पवित्र भाव से देखता हूं। मीलों, कोसों दूर नंगे पैर चलते नौजवान औघड़ शिव की आराधना में धरती का सांस्कृतिक सच नापते हैं। उनके चेहरे का ओज देखकर मन में भुरभुरी होती है। यही तो पुरखों की नसीहत ने प्यार से हमें मनुष्य होना सिखाया है। हम मनुष्य होते रहे हैं। अब भी हैं! अचानक तुर्रा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते की दुकानों के मालिक अपने और कर्मचारियों के नाम लिखें। भौगोलिक बनावट के कारण कांवड़ यात्रा कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरती है। प्रदेश सरकार ने सीधे नहीं कहा कि मुसलमान दुकानदार बैनर लगाकर अपने नाम उजागर करने का सरकारी फरमान मानें। आशय लेकिन यही है। फरमान संविधान के प्रावधानों और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मुसलमानों ने दुकानों के हिंदू नाम या हिंदुओं ने मुसलमान नाम पर दुकानें चलाते रहे हैं। कांवड़ यात्रा में हिंदू मांसाहारी भी होंगे। क्या मुसलमान होटलों में ही मांस ही परोसे जाने की संभावना होगी? हिंदू होटलों में भी तो मांस पकता है। मुसलमान फकत मांसाहारी नहीं होते। शीरा, खीर, सेवइयां और तमाम मिठाइयां और नमकीन मुसलमान होटलों में खूब मिलती हैं। हिंदू होटलों में मुसलमान कर्मचारी, रसोइये और मुसलमान होटलों में हिंदू कर्मचारी होते हैं। देश क्या पूरी दुनिया में मुसलमान रसोइए सबसे बेहतर होते हैं। ऐसी होटलें नामचीन होती हैं। विवेकानंद आश्रम रायपुर में सर्वधर्म सम्मेलन के दौरान बिहार के साधु विरागी जी महाराज ने कभी कहा था 'चौका हो हिंदू का, बनाए मुसलमान और खाए ईसाई।' उन्होंने हिंदू धर्म की पवित्रता, इस्लाम की सभ्यता और ईसाइयत के लोक व्यवहार की त्रिवणी में नहला दिया था।

मुसलमानों के बारे में धारणाओं के कारण केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी को दोषी ठहराना मुनासिब नहीं है। कांग्रेसी सदस्य लोकनाथ मिश्र ने 3 तथा 6 दिसंबर 1948 को संविधान सभा में अपना भाषण दिया। कहा इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के प्रति दुश्मनी घोषित कर रखी है। उसे आज की सुप्रीम कोर्ट के नसीहत के दौर में समझो तो एक तरह की 'हेट स्पीच' थी। सेठ गोविंददास ने तो उर्दू भाषियों को कहा जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं। कांवड़ यात्रा में मुसलमानों के व्यवसाय पर तिरछा प्रहार सरकारी फरमान कर रहा है। कपड़ों से पहचाने जाने का फतवा प्रधानमंत्री ने दिया ही है। तो फिर नाम लिखने की क्या जरूरत? मजहब रहितता या मजहब सहिष्णुता के शांत जल में प्रदेश सरकार ने फरमानों का पत्थर फेंककर सियासी कुछ हासिल किया है। उसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समझेंगे।

## सोशल फोरम

# वेद व्यास का दिन

गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भारत के महानतम कवि, अन्वेषक, संकलनकर्ता, इतिहासकार और अध्यात्म गुरु महर्षि वेद व्यास का जन्मदिन है। वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ये चारों वेद सनातन धर्म और भारतीय अध्यात्म की बुनियाद हैं। विश्व के सबसे बड़े महाकाव्यों में एक 'महाभारत' के रचयिता व्यास थे जिसके बारे में कहा जाता है कि इस संसार में जो कुछ है वह 'महाभारत' में है और जो 'महाभारत' में नहीं है वह कहीं नहीं है। माना जाता है कि हिंदुओं का पवित्रतम ग्रंथ, भारतीय अध्यात्म का सार 'गीता' इसी 'महाभारत' का अंश है। कुछ लोग पुराणों को भी वेद व्यास की रचना मानते हैं, मगर यह भ्रामक है। पुराण बहुत बाद लगभग गुप्त काल और उसके बहुत बाद की रचनाएं हैं जिन्हें संभवतः व्यास पीठ के उनके परवर्ती शिष्यों ने लिखा। व्यास पीठ के' प्रमुख भी अपने को व्यास ही कहते थे। ठीक वैसे जैसे आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों के प्रमुख अपने को शंकराचार्य ही कहते हैं।

वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस


महर्षि व्यास के जन्मदिन आषाढ़ पूर्णिमा को 'महाभारत' की रचना पूरी हुई थी।' आभारस्वरूप देश भर में फैले उनके सभी शिष्यों ने उस दिन एकत्र होकर उनकी पूजा-अर्चना की थी। यह गुरुपूर्णिमा की परंपरा का सूत्रपात था। तब से लोग अपने आध्यात्मिक गुरु में व्यास का अंश मानकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि व्यास को नमन और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का आभार।

**– फेसबुक वॉल से**

# माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी: साइबर हमला या तकनीकी खामी

तेज़ गति वाले डिजिटल युग में, दुनिया संचार, उत्पादकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट में एक महत्वपूर्ण गड़बड़ी से जुड़ी एक हालिया घटना ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। व्यवधान का दायरा अभूतपूर्व था। व्यवधान की वैश्विक प्रकृति ने साइबर हमले के पीछे संभावित उद्देश्यों, जैसे वित्तीय लाभ, डेटा चोरी, या राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर, जटिल आईटी अवसंरचना में तकनीकी गड़बड़ियां असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने घटना का मूल कारण निर्धारित करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की। इस जांच में शामिल हैं:

सिस्टम लॉग की विस्तृत जांच से व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाओं के अनुक्रम का पता लगाने और विफलता के सटीक बिंदु की पहचान करने में मदद मिली। साइबर हमले की संभावना को खारिज करने या पुष्टि करने के लिए संपूर्ण सुरक्षा ऑडिट करना महत्वपूर्ण था। इसमें अनधिकृत पहुंच या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के किसी भी संकेत की जांच करना शामिल था। संपूर्ण और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और बाहरी सलाहकारों के साथ सहयोग किया।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

आधुनिक आईटी अवसंरचना अविश्वसनीय रूप से जटिल है, जिसमें कई परस्पर जुड़े घटक शामिल हैं। यह जटिलता तकनीकी समस्याओं की संभावना को बढ़ाती है और संभावित कमजोरियों की पहचान करना और उनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण बनाती है। साइबर खतरा परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, हमलावर तेजी से परिष्कृत तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संगठनों को उन्नत सुरक्षा उपायों में निवेश करके और अपनी सुरक्षा को लगातार अद्यतन करके इन खतरों से आगे रहना चाहिए।

स्वचालन में प्रगति के बावजूद, मानवीय त्रुटि एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक बनी हुई है। उचित प्रशिक्षण, निरीक्षण और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की वैश्विक प्रकृति का मतलब है कि व्यवधानों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सिस्टम के एक हिस्से में विफलता तेजी से फैल सकती है, जिससे दुनिया भर में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए, संगठनों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए:

विस्तृत जांच के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना साइबर हमले के बजाय मुख्य रूप से एक तकनीकी गड़बड़ी थी। मूल कारण उनके डेटा केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले नेटवर्किंग उपकरण में गलत कॉन्फ़िगरेशन से पता लगाया गया था। इस ग़लत कॉन्फ़िगरेशन के कारण व्यापक विफलता हुई, जिससे एक साथ कई सेवाएं बाधित हुईं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेश, सहयोग और सतर्कता की आवश्यकता होगी। हालाँकि हम कभी भी व्यवधानों के जोखिम को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर सकते हैं, हम उनके प्रभाव को कम करने और अधिक लचीला डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गड़बड़ी जिसने दुनिया को रोक दिया, वह डिजिटल सेवाओं पर हमारी निर्भरता की स्पष्ट याद दिलाती थी। जबकि साइबर हमले के बारे में प्रारंभिक चिंताएं वैध थीं, इस घटना ने अंततः आधुनिक आईटी बुनियादी ढांचे की जटिलताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इस घटना से सीखकर और मजबूत निवारक उपायों को लागू करके, तकनीकी समुदाय भविष्य के व्यवधानों के प्रभाव को बेहतर ढंग से तैयार और कम कर सकता है।

# निजीकरण का विरोध क्यों

अभी हाल ही में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीयकरण का उजाला पक्ष बताता है कि देश में तमाम सार्वजनिक उपक्रमों ने उत्साह जनक परिणाम दिए हैं वित्त वर्ष 2024में 5 लाख करोड़ के लगभग लाभ कमाकर इतिहास रचा है इनमें स्टेट बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, बीपीसीएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, हिंडालको, भेल, आईआरटीसी के नाम प्रमुख हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली


निजीकरण के पक्षधर कितने भी तर्क रख लें लेकिन देश के असली नवरत्न तो यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ही हैं जिस तरह से लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम देश की रीढ़ को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और नई बुनियाद तैयार कर रहे हैं, यह जरूरी है कि इनको और अधिक स्वायत्तता मिले।

हमे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के इतिहास से भी कुछ सीखना होगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी बैंकों को पूंजीपतियों के चंगुल से छुड़ा कर जनता का भरोसा जीता था, आशातीत लाभ कमा कर सार्वजनिक उपक्रमों ने एक बार फिर से उत्साह दिखाया है। लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम वास्तव में देश की धरोहर हैं। इन्होंने जनता का विश्वास भी जीता हैं और निजीकरण की पैरवी करने वालो को तगड़ा जवाब भी दिया है। आने वाले बजट सत्र में सरकार को सार्वजनिक उपक्रमों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सभी निजी उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के विषय में सोचना चाहिए, जिसकी मांग भी उठ रही है, क्या सरकार देशहित में ऐसा करेगी।


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम चौधरी
जिला अध्यक्ष
भाजपा युवा मोर्चा अमरोहा


सभी देशवासियों को
श्रावण मास की
हार्दिक
शुभकामनाएं
दीक्षा गंगवार
अध्यक्ष, नगर पालिका मिलक


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गुरु कृपा डेवलपर्स
SHRI GURU KIRPA DEVELOPERS
ESTB. 1991
WE CONSTRUCT IDEAS TO LIFE
जमीन, प्लॉट एवं दुकान खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें
Mobile
9365144411
9560074211
सोमवीर सिंह गुरू जी
प्रबंधक
श्री साई डिग्री कॉलेज, भवालपुर, संभल
इंजीनियर
जितेन्द्र सिंह
ऑफिस : फायर स्टेशन के सामने, गजरौला,
ऑफिस : नया मुरादाबाद, निकट एम.डी.ए. ऑफिस


कार्यालय नगर पालिका परिषद अमरोहा जनपद अमरोहा
की ओर से श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
अपने नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।
पॉलीथीन का प्रयोग न करें। इसके स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करें।
समस्त व्यापारी अपनी दुकान व प्रतिष्ठान के बाहर नोटिस बोर्ड चस्पा करें कि उनकी दुकान पर पॉलीथीन का प्रयोग नहीं होता है।
आपके सहयोग से ही पॉलीथीन का प्रयोग बंद हो सकेगा, उपरोक्त अभियान में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करे।
सदैव शौचालय का प्रयोग करें, खुले में मल-मूत्र त्याग भयंकर बीमारियों को पैदा करता है। अतः खुले में शौच न करें।
नगर पालिका परिषद अमरोहा आपका हार्दिक स्वागत करती है
निवेदक
शशि जैन
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद, अमरोहा
राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी
अमरोहा
सुरेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी
अमरोहा
डॉ. बृजेश कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा
समस्त सभासदगण, नगर पालिका परिषद, अमरोहा


मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
राजपाल सैनी
अध्यक्ष, नगर पालिका हसनपुर
सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत सैनी
नगर स्वच्छता प्रेरक हसनपुर
विभा श्रीवास्तव
डिप्टी कलेक्टर/अतिरिक्त चार्ज
अधिशासी अधिकारी हसनपुर
अपील
सूखा/गीला कूड़ा पृथ्थकरण करके निर्धारित नीले/हरे कूड़ादान में ही डालें।
नाले एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।, करों की अदायगी समय पर करें।
जल का अपव्यय न करें।, पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
नगर के विकास में नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।
नगर के विकास के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव पालिका को प्रदान करें।
वृक्षों की रक्षा करें तथा स्वयं भी कम से दो वृक्ष अवश्य लगायें।
स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग करें एवं पालिका को राष्ट्रीय स्तर पर उच्च रैंक प्राप्त करवाने में अपना बहुमूल्य फीडबैक एवं सहयोग प्रदान करें।
अपनी अनुपयोगी वस्तुओं जैसे-किताबें, कपड़े, खिलौने, जूते-चप्पल आदि को पालिका कार्यालय में बने आर. आर. सेंटर में जमा करायें तथा वंचित व्यक्तियों की खुशियों के भागीदार बनें।
निवेदक- नगर पालिका परिषद, हसनपुर

## एक नजर

### पिकअप की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी घायल

संवाददाता, डिडौली : जिवाई चौकी के पास स्थित फैक्ट्री का सुपरवाइजर ड्यूटी पूरी कर बुद्धनपुर में अपने कमरे पर जाने के लिए पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी जोया की ओर से आ रही अज्ञात पिकअप ने उसको टक्कर मार दी। जिससे बदायूं जिले के मुजरिया थाना गांव वितरोई निवासी कन्हैया लाल पुत्र पूरन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको जिवाई चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### बाजार से बाइक चोरी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर निवासी सोनू सिंह पुत्र सतीश नगर के मेन बाजार स्थित जन्नत टेलीकॉम में कार्य करता है। वह शनिवार को मोटरसाइकिल से दुकान आया था। उसने मोटरसाइकिल दुकान के सामने खड़ी कर दी, कुछ देर बाद उसकी नजर पड़ी तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। जिससे उसे बाइक के चोरी होने का अंदेशा हुआ। उसने बाइक की तलाश की, लेकिन नहीं मिली। उसके बाद पीड़ित घर पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। रविवार को पीड़ित सोनू सिंह परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर बाइक बरामद कराने की मांग की।

### जयंत के बयान का मुजाहिद चौधरी ने किया स्वागत

हसनपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल रुहेलखंड के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी तथा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के बयानों का स्वागत किया है। मुजाहिद चौधरी ने कहा क्या सरकार मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा फल, सब्जी, अनाज आदि उगाए उत्पादों पर भी उनका नाम दर्ज कराएगी। मुजाहिद चौधरी ने सवाल किया कि क्या सरकार मुस्लिम देशों से आयातित सामानों पर भी रोक लगाने का साहस करेगी। उन्होंने इस आदेश को अनावश्यक, पक्षपात पूर्ण और विभेदकारी बताते हुए वापस लेने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरनगर में जयंत चौधरी का कांवड़ मार्ग पर नेम प्लेट को लेकर बड़ा बयान सामने आया है, जयंत सरकार के इस फैसले से खुश नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार कांवड़ ले जाने वाले या सेवादार की कोई पहचान नहीं होती। धर्म या जाति की पहचान करके कोई सेवा नहीं करता।

# ईओ के खिलाफ लामबंद हुए सफाई कर्मचारी

## नौकरी के नाम पर रुपये लेने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज करने की मांग, कार्य बहिष्कार किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार


सफाई कर्मचारियों को समझाते एसडीएम सुधीर कुमार सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पालिका के सफाईकर्मी ईओ के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। उन्होंने कार्य बहिष्कार कर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। साथ ही ईओ के कार्यालय में तोड़फोड़ की। सफाईकर्मियों ने ईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सफाई कर्मियों को एसडीएम, एडीएम ने समझाया। लेकिन सफाई कर्मचारी जिलाधिकारी से वार्ता की मांग पर अड़े रहे।

दरअसल शहर में सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर ईओ डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने तीन दिन पहले एक ठेका सफाई नायक को निलंबित करते हुए कई सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद ईओ के फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ईओ को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद ईओ ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया था कि ईओ ने जिन ठेका सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई की थी। उन्हीं कर्मचारियों में से एक कर्मचारी के बेटे द्वारा ईओ को फोन कर अभद्रता की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था।

जिसमें बाद शहर के अन्य सफाई कर्मचारियों में रोष फैल गया। शनिवार देर रात सैकड़ों सफाईकर्मी कोतवाली पहुंचे और ईओ के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। इसके बाद रविवार सुबह कुछ कर्मचारियों ने ईओ के कार्यालय में तोड़फोड़ की। जिसके बाद ईओ के कार्यालय के बाहर पुलिस तैनात कर दी है। वहीं, कई सौ सफाई कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हाय हाय के नारे लगाए। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जेल भेजे गए कर्मचारी प्रदीप से ठेके पर नौकरी के नाम ईओ ने रुपये लिए थे।

लेकिन न नौकरी लगवाई न ही रुपये वापस दिए। जिस पर उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कर्मचारियों की हड़ताल पर एसडीएम सुधीर कुमार, एडीएम सुरेंद्र सिंह ने उनसे वार्ता की। लेकिन सफाई कर्मी नहीं माने।

इसके बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी वहां पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों की बात सुनी और जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने पालिका के कार्य बहिष्कार की बात कही है।

**विवाद**
- लापरवाही पर ईओ ने ठेका सफाई कर्मचारियों पर की थी कार्रवाई
- पुलिस ने ईओ से फोन पर अभद्रता करने वाले पर की थी कार्रवाई


स्कूल की बेंच पर सोते शिक्षक। ● अमृत विचार

# विद्यालय में शिक्षा देने के बजाय नींद पूरी कर रहे गुरुजी

संवाददाता, ढबारसी

अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लाक के हैदलपुर में स्थित संविलियन विद्यालय में पढ़ाई के समय सहायक अध्यापक विद्यालय के कक्ष में बेंच पर सोते नजर आए। इसकी वीडियो वायरल हो रही है।

सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इसका कारण अध्यापकों द्वारा बच्चों की शिक्षा में रूचि न लेना है। कुछ दिन पहले सम्भल के जिलाधिकारी ने विद्यालय में निरीक्षण के दौरान अध्यापक का मोबाइल देखा तो वह स्कूल में मोबाइल पर व्यस्त थे, जिसे जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया था। जबकि, हैदलपुर के संविलियन विद्यालय में एक ग्रामीण ने देखा कि विद्यालय में बच्चे बस्ता लेकर बैठे हैं, लेकिन अध्यापक नहीं हैं। ग्रामीण ने बच्चों से पूछा कि गुरु जी कहां है तो बच्चों ने बताया कि गुरुजी तो कमरे में सो रहे हैं। ग्रामीण ने कमरे में देखा तो अध्यापक बेंच पर सो रहे थे। उसने मोबाइल से सो रहे शिक्षक की वीडियो बना ली और बाहर आकर बच्चों से बात की वीडियो बनानी शुरू कर दी। इसी बीच शिक्षक सोकर उठ गए तथा मौके पर पहुंचे तथा वीडियो बनाने वाले ग्रामीण से मोबाइल छीनने का प्रयास करते हुए हाथापाई करने लगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने बताया कि सहायक अध्यापक के विद्यालय में सोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला संज्ञान में है। वीडियो की सत्यता की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने में दिया धरना

संवाददाता, गजरौला


गजरौला थाने में धरने पर बैठे विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लेखपाल व तहसीलदार पर विहिप कार्यकर्ता को पीटने का आरोप लगा है। वहीं लेखपाल व तहसीलदार की तहरीर पर विहिप कार्यकर्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। जिसको लेकर विहिप कार्यकर्ता व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने में धरने पर बैठकर लेखपाल व तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

क्षेत्र के नगलिया मेव गांव निवासी विहिप के गजरौला ग्रामीण प्रखंड मंत्री रणवीर का गांव के ही नासिर से खेत की चकरोड से लेकर विवाद चल रहा है। बताते हैं कि विवाद होने की वजह से जमीन पर स्टे भी है। शनिवार शाम रणवीर खेत पर दीवार बना रहा था। नासिर ने विरोध करते हुए सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्य रुकवा दिया। देर शाम लेखपाल मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने वहां से दीवार हटानी शुरू कर दिया। रणवीर व उसके परिवार वालों ने विरोध किया तो वहां विवाद हो गया। इसकी सूचना लेखपाल ने वरिष्ठ अधिकारियों को दी तो तहसीलदार मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि लेखपाल व तहसलीदार ने रणवीर के साथ मारपीट की तथा अपनी कार में बैठाकर थाने ले गए। इसके बाद लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने रणवीर समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और रणवीर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसकी जानकारी होने पर बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ता थाने पहुंचे तथा लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करने लगे। इस दौरान उन्होंने थाने में हंगामा किया तथा वहीं पर धरने पर बैठ गए। लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक धरने पर बैठे रहने की चेतावनी दी।

उपजिलाकारी चंद्रकांता ने बताया कि मौके पर लेखपाल व तहसीलदार पर गए थे और मामले जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। धरने पर बैठने वालों में कुशल चौधरी, योगेश चौधरी, रकम सिंह, अखिलेश भाटी, विनोद गर्ग, प्रीतम सिंह, अभय सिंह, सिद्धांत नागर, अभिषेक कुमार, भारत कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्रवाई की मांग**
- लेखपाल व तहसीलदार पर विहिप कार्यकर्ता को पीटने का आरोप
- खेत की चकरोड के विवाद का है मामला


अमरोहा मार्ग पर पानी में बंद वाहन को धक्का लगाता चालक। ● अमृत विचार

# बारिश के बाद जलभराव से परेशानी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रविवार को सुबह से दोपहर तक बारिश हुई। जिससे जलभराव से लोगों को जूझना पड़ा। अमरोहा मार्ग पर जलभराव के कारण कई चार पहिया और दो पहिया वाहन पानी में बंद हो गए।

नगर में रविवार को सुबह से दोपहर तक बारिश हुई। इसके चलते बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। बारिश होने से कई गलियों व अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। नगर के अमरोहा मार्ग पर बारिश के कारण हुए जलभराव से आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। रहरा रोड, मोहल्ला महल, मोहल्ला कायस्थान, मोहल्ला लाल बाग आदि जगहों में भी लोगों को आवागमन के दौरान जलभराव का सामना करना पड़ा। अमरोहा मार्ग पर हुए जलभराव के कारण चार पहिया और दो पहिया वाहन पानी में बंद हो गए। जिसके कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### तिगरी में गंगा के जलस्तर में 20 सेमी. की हुई कमी

गजरौला, अमृत विचार : तिगरी में गंगा के जलस्तर में रविवार को 20 सेमी. की कमी हुई। रविवार को बिजनौर बैराज से 1 लाख 21 हजार 250 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया है।

शनिवार को गंगा का जलस्तर 199.90 मीटर था, जो कि रविवार सुबह घटकर 199.70 मीटर रह गया। 20 सेमी. पानी की कमी होने से तिगरी व खादर के लोगों ने भले ही राहत की सांस ली है, लेकिन गंगा के तटवर्ती गांवों के खेतों में भरा पानी उतरा नहीं है। रविवार को बिजनौर बैराज से छोड़े 1 लाख 21 हजार 250 क्यूसेक पानी से आशंका है कि सोमवार को जलस्तर बढ़ेगा। तिगरी में गंगा का खतरे का निशान 202 मीटर है। लेकिन 199 मीटर पार होते ही ओसीता जगदेवपुर व खादर के गांवों के खेतों में पानी भर जाता है। वहीं, बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार व अनवर बहादुर खान क्षेत्र में अपनी टीमों के साथ सक्रिय हैं।

# प्राथमिक विद्यालय में पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में प्राथमिक विद्यालय में बकायन के पेड़ से किशोर का शव लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को फंदे से उतारा और बिना किसी पुलिस की कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। किशोर कई दिनों से लटककर मरने की बात कह रहा था। परिजन लगातार उसके साथ घूम रहे थे।

रविवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के गांव में प्राथमिक विद्यालय में बकायन के पेड़ पर नाड़े से 17 वर्षीय किशोर का शव लटका मिला। ग्रामीणों के मुताबिक वह कई दिन से कह रहा था कि गांव में चार-पांच लोग फंदे से मरेंगे। जब भी वह कहीं जाता तो परिजन उसका पीछा करते। लेकिन सुबह वह घर से निकला तो परिजन भी उसके पीछे-पीछे गए। बाद में वह परिजनों की आंखों से ओझल हो गया। कुछ समय बाद परिजन भी तलाश करते प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे तो उन्होंने विद्यालय में किशोर को पेड़ पर फंदे से लटका देखा। शव देखते ही परिजनों की चीख निकल गई। बताया जा रहा है कि मृतक किशोर चार बहन भाइयों में मझला था। शव देखकर परिजनों का बुरा हाल है। उन्होंने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के किशोर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

**दुखद**
- किशोर कई दिनों से कहा रहा था लटककर मरने की बात
- परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार किया

### फुंका ट्रांसफार्मर नहीं बदलने से ग्रामीणों में रोष

बुरावली, अमृत विचार : बुरावली में तीन दिन से ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है। इससे 150 घरों में अंधेरा है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। बुरावली में शिव मंदिर के पास रखा 63 केवी का ट्रांसफार्मर गुरुवार शाम फुंक गया था।

ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन इस ट्रांसफार्मर के जंफर उड़ जाते हैं या फुंक जाते हैं। विद्युत विभागीय अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते। जिसका खामियाजा विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। ट्रांसफार्मर को फुंके हुए तीन दिन बीत चुके हैं। जिसकी शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों के सामने पानी का संकट है। तीन दिन से बिजली न आने से सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है। इससे लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है और रोजमर्रा के काम समय से पूरे नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की है।

# बृजघाट से गंगाजल भरकर शिवभक्त मंजिल को रवाना

संवाददाता, गजरौला


बृजघाट से गंगाजल भरकर अपनी मंजिल को रवाना होते कांवड़िये।

अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए बृजघाट से गंगाजल भरकर कांवड़िये अपनी मंजिल की ओर रवाना हुए। हालांकि कांवड़ियों की संख्या बहुत काफी कम रही। वहीं, कांवड़ मार्ग पर पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था रही।

रविवार को कांवड़ियों के आवागमन से बृजघाट में भी उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। वहीं, सावन के पहले सोमवार पर जलाभिषेक को लेकर चाकीखेड़ा स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों की साफ-सफाई का कार्य किया गया। सोमवार को भोर होते ही शिवभक्तों द्वारा यहां जलाभिषेक होगा। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन शनिवार शाम से नेशनल हाईवे पर रूट वन-वे कर दिया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाईवे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग भी की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने हाइवे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# कांवड़ मार्ग पर सफाई का विशेष ध्यान रखें

संवाददाता, हसनपुर


जलभराव से निस्तारण के लिए निर्देश देतीं डिप्टी कलेक्टर विभा श्रीवास्तव ।

अमृत विचार : डिप्टी कलेक्टर विभा श्रीवास्तव ने नगर पालिका स्टाफ के साथ मंदिरों एवं कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

शिव भक्तों की सुविधा के लिए शासन द्वारा नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगम को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देश पर रविवार को विभा श्रीवास्तव ने पालिका स्टाफ के साथ नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की तथा उन्हें आश्वासन दिया कि सावन मास में किसी भी शिव भक्त को कोई भी परेशानी नहीं होगी। पालिका द्वारा व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने कांवड़ मार्ग का भी निरीक्षण किया तथा पालिका स्टाफ को कांवड़ मार्ग पर सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाबू मनी कुमार, करन सिंह, कौशल कुमार, रविंद्र चौहान मौजूद रहे।

### बस स्टैंड पर जलभराव के समाधान को लेकर दिए निर्देश

हसनपुर, अमृत विचार : रविवार सुबह हवा के साथ हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो वहीं जलभराव से जूझना पड़ा। नगर वासियों द्वारा इसकी शिकायत पालिका कार्यालय में की गई। जिस पर विभा श्रीवास्तव ने पालिका स्टाफ के साथ नगर के मार्गों का निरीक्षण कर जलभराव के समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं, अमरोहा बस स्टैंड पर हो रहे जलभराव के निस्तारण के लिए नाले में मोटर लगाकर जलभराव से छुटकारा दिलवाया गया।

धर्म-कर्म | रविवार सुबह बारिश के बावजूद लगी रही स्नान करने वालों की भीड़, हाईवे पर लगा जाम

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा में किया स्नान

संवाददाता, गजरौला


बृजघाट पर गंगा में गुरु पूर्णिमा पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। रविवार को सुबह से ही गंगास्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

अमरोहा, मुरादाबाद, हापुड़, संभल, दिल्ली आदि से आए श्रद्धालुओं ने रविवार सुबह बारिश के बीच बृजघाट में गंगा में स्नान किया। दोपहर तक गंगास्नान के लिए श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचते रहे। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य लाभ कमाया। उधर, तिगरी गंगा धाम में भी श्रद्धालुओं ने गंगास्नान किया।

दोनों जगह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं, गुरु पूर्णिमा पर रविवार को गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने पर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। बारिश के बीच जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नतीजा नेशनल हाईवे पर वाहनों की संख्या बढ़ने पर जाम के हालात बन गए। समय रहते पुलिस ने जाम पर काबू पाया और यातायात सुचारु कराया।

### सावन का महीना विशेष फलदायी: पंडित प्रलभ

मंडी धनौरा, अमृत विचार : पंडित प्रलभ शास्त्री ने भगवान शिव के प्रिय माह सावन की महत्ता बताई। सावन में भगवान शिव की पूजा-अर्चना, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पण, व्रत रखना, दान करना आदि कार्य करना शुभ माना जाता है। इस वर्ष सोमवार 22 जुलाई से सावन मास का आरंभ हो रहा है जो सोमवार 19 अगस्त तक रहेगा। सोमवार के दिन से शुरुआत और सोमवार के दिन समापन होने से बहुत ही दुर्लभ संयोग बना हुआ है। जिन लोगों की कुंडली में ग्रह दोष हैं, उन्हें सावन महीने में भगवान शिव की उपासना जरूर करनी चाहिए और साथ ही दान पुण्य भी करना चाहिए।



### गुरु पूर्णिमा पर आर्य समाज में हुआ हवन

हसनपुर, अमृत विचार : आर्य समाज हसनपुर में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें गुरु पूर्णिमा एवं गुरु की महत्ता पर चर्चा की गई।

आर्य समाज के मंत्री सुरमित कुमार गुप्त ने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज को अंधविश्वास और पाखंड को समाप्त कर समाज में प्रकृति, पर्यावरण एवं धर्म के प्रति जागरूक करने का काम किया। गुरु विरजानंद एवं श्रद्धानंद ने भारत को वैदिक ज्ञान की महत्ता एवं धर्म के प्रति जागरूक किया। महर्षि संदीपनी ने कृष्ण को वैदिक ज्ञान देकर योगेश्वर बनाया, गुरु वशिष्ठ एवं महर्षि विश्वामित्र ने राम को वैदिक ज्ञान प्रदान कर मर्यादा पुरुषोत्तम बनाया। यज्ञ के मुख्य यजमान सुषमा तोमर एवं पुरोहित मिलन आर्य रहे। मौके पर नन्हे सिंह आर्य, इंद्रपाल आर्य, रोहताश सिंह आर्य, नवीन रस्तोगी, सविता गुप्ता, अमित शर्मा, अमित कुमार, सूर्यकांत, ज्ञानेंद्र रस्तोगी, सरोज रस्तोगी, कंचन गुप्ता, ब्रह्मशिला आदि रहे।

# 18 घंटे विद्युत आपूर्ति को तरस गए 3500 उपभोक्ता

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के बाईपास मार्ग पर मोबाइल कंपनी के ठेकेदार द्वारा अंडरग्राउंड खोदाई का कार्य कराने के दौरान विद्युत लाइन कट गई। जिसके कारण 3500 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति लगभग 18 घंटे बाधित रही। ठेकेदार के खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है।

शनिवार शाम को आइडिया मोबाइल कंपनी के ठेकेदार अजय पुत्र प्रमोद द्वारा अंडरग्राउंड लाइन डलवाई जा रही थी। बाईपास मार्ग पर लाइन डालते समय कर्मचारियों से विद्युत विभाग की लाइन कट गई। जिसके कारण फीडर नंबर दो की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। विभाग को फीडर दो की आपूर्ति ठप होने की सूचना मिली तो अधिकारियों द्वारा जांच की गई, तब विभाग को जानकारी हुई कि ठेकेदार द्वारा विद्युत लाइन काट दी गई है। वहीं, 18 घंटे आपूर्ति न मिलने के कारण 3500 उपभोक्ता परेशान रहे। विद्युत विभाग की टीम द्वारा कोतवाली को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। विद्युत विभाग द्वारा रविवार को दोपहर 12 बजे 18 घंटे बाद फीडर दो की विद्युत आपूर्ति चालू कराई । विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्य में लगे कर्मचारियों से जानकारी की। नगर के अवर अभियंता साहिल गांधी द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

## एक नजर

### गृहक्लेश के चलते युवक ने की आत्महत्या

**गजरौला, अमृत विचार :** गृहक्लेश के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्र के गांव निवासी युवक का बीते कई दिन से किसी बात को लेकर अपने परिवार वालों से विवाद चल रहा था। शनिवार की रात भी उसके घरवालों से विवाद हो गया। जिस पर उसके पिता ने युवक डांट दिया। इसी बात से नाराज युवक कमरे में गया तथा वहां रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई। परिवार वाले उसे आनन फानन में अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### देर रात मगरमच्छ दिखने पर मचा हड़कंप

**खटीमा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या आठ अमाऊं में शनिवार देर रात्रि मगरमच्छ के देखे जाने से वार्डवासियों में पूरी रात हड़कंप मचा रहा। वार्डवासियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर रविवार सुबह चार बजे पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सूखी नहर में छोड़ दिया। मगरमच्छ पकड़े जाने के बाद वार्डवासियों ने राहत की सांस ली।

# 24 घंटे बाद दोनों लाइनों पर ट्रेनों का संचालन शुरू

## 250 स्लीपर हुए थे क्षतिग्रस्त, दिनभर अधिकारियों ने कराया मरम्मत का कार्य

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कल्याणपुर रेलवे फाटक के पास गेट नंबर 27 के सामने मालगाड़ी के नौ डिब्बे शनिवार रात बेपटरी हो गए थे। इसके साथ ही 100 मीटर से अधिक का ट्रैक भी क्षतिग्रस्त हो गया था। देर रात से ही रेलवे अधिकारियों द्वारा ट्रैक को सही कराने का काम शुरू करा दिया गया था। जिसके बाद रविवार शाम तक ट्रैक को सही कर नए स्लीपर बिछाए गए। जिसके बाद 24 घंटे बीत जाने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू कराया जा सका।

अमरोहा रेलवे स्टेशन के नजदीक पास गेट नंबर 27 के सामने शनिवार शाम मालगाड़ी के कई डिब्बे रेलवे ट्रैक पर दोनों ओर गिर गए थे। जिसके चलते 100 मीटर से अधिक का रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे के बाद हजारों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आरपीएफ के साथ स्थानीय पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया था। दरअसल पलटे हुए दो डिब्बों में कोई केमिकल भरा हुआ था। जिनसे रिसाव हो रहा था।

वहीं देर रात डीआरएम राजकुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत बचाव का कार्य शुरू कराया गया। रविवार सुबह उत्तर रेलवे के कई सौ कर्मचारी ट्रैक पर पहुंच गए और क्षतिग्रस्त हुए ट्रैक को तेजी से सही करने का काम शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे में ट्रैक के 250 से अधिक स्लीपर टूट गए थे। साथ ही विशेषज्ञों की देखरेख में कंटेनरों को ट्रैक से हटाने का काम किया गया। एक दर्जन से अधिक जेसीबी की सहायता से बेपटरी हुए सभी कंटेनरों को ट्रैक से हटाया गया।


रेलवे ट्रैक को सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार


जेसीबी से रेल ट्रैक की मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

● 100 मीटर से अधिक का ट्रैक हुआ था क्षतिग्रस्त

वहीं ट्रैक पर नए स्लीपर बिछाए गए। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ के अधिकारी भी मौके पर डटे रहे। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर दो बजे तक डाउन ट्रैक को शुरू कराया गया। जो दिल्ली की दिशा से मुरादाबाद दिशा की ओर जा रहा है। वहीं, करीब शाम सात बजे तक मुरादाबाद से दिल्ली की ओर दिशा जाने वाले क्षतिग्रस्त हुए रेलवे ट्रैक को सही कराया गया। ट्रायल के बाद ही ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका।

स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि देर रात से ही ट्रैक को सही करने का काम शुरू कर दिया गया था। पहले कंटेनर को ट्रैक से हटाया गया उसके बाद नए स्लीपर बिछाए गए। तकनीकी टीमों द्वारा रेलवे लाइन पर पहले ट्रायल कराया गया उसके बाद ट्रेनों का संचालन शुरू कराया जा सका है।

## सार-संक्षेप



अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर किया सम्मानित।

### अभा साहित्य परिषद ने अतर सिंह का किया सम्मान

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने शिक्षक एवं समाजसेवी अतर सिंह आर्य का व्यास पूर्णिमा के अवसर पर सम्मान किया। रविवार को मोहल्ला विजयनगर स्थित आर्य समाज मंदिर भवन में अखिल भारतीय साहित्य परिषद जनपद इकाई द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस दौरान महर्षि व्यास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि शिक्षक की महिमा अनंत है और निश्छल भाव के साथ बालक का सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ राष्ट्र और समाज का पथ प्रदर्शन का कार्य करता है। इस मौके पर पूर्व वरिष्ठ शिक्षक अतर सिंह आर्य का अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से सम्मान किया गया। इस मौके पर रविंद्र आर्य, अनिल शर्मा, ब्रह्मदेव, पुष्पेंद्र शर्मा, तिलोक कुमार, मदनपाल सैनी, धीरज त्यागी, नरेंद्र कटारिया व डॉ. दिनेश नागर सहित आदि मौजूद रहे।

### आल इंडिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट की 215वीं बैठक हुई

**गजरौला, अमृत विचार :** आल इंडिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट की 215वीं बैठक में राष्ट्रीय संस्थापक एमएस ठाकुर ने कहा कि ट्रस्ट के सदस्यों को कुछ फंड आपातकाल के लिए सुरक्षित रखना चाहिए। जिससे समाज के किसी भी परिवार पर यदि कोई आपत्ति आती है तो उस फंड का प्रयोग कर मदद की जा सके। वर्चुअल बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधारीलाल सैन ने कहा कि सैन समाज के संगठन एक राष्ट्रीय संगठन अर्थात आल इंडिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट के साथ मिलकर ठोस योजना के साथ पूरे भारतवर्ष के सैन बंधुओं के विकास के लिए कार्य करें। अंडमान निकोबार द्वीप समूह के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही अग्निवीर योजना में लाभ लेने के लिये समाज के युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय संरक्षक राजेंद्र कुमार सैन ने राजस्थान के पुष्कर में होने वाले ट्रस्ट के पंचम अधिवेशन को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनमोहन सिंह सैन, राजकुमार गवली, दिलीप येशी, सुंदर सिंह, रघुवीर सरन, आरके छानीवाल, नरेश सैन, भरत सिरसाठ, देवी प्रकाश, कृष्णकांत विजयराव यावलकर, आरवी वर्मा, रामदयाल सैन आदि मौजूद रहे।


ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के पीड़ित।

### ठगी के पीड़ितों की बैठक में रुपये दिलाने की मांग

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रविवार को शेरपुर रोड स्थित मुन्नी देवी इंटर कॉलेज में ठगी के पीड़ितों की बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा बनाए कानून बड्स एक्ट को लेकर चर्चा की गई। जिससे जल्द से जल्द गरीब निवेशकों का फंसा रुपया वापस मिल सके। बैठक में दिल्ली में 31 जुलाई को होने वाले असहयोग आंदोलन में शामिल होने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के प्रदेश सचिव मनोज कुमार, डॉ. मुन्ना, शशि चौहान, डॉ. वीर सिंह, डॉ. हनीफ, रेखा रानी, कमलेश, प्रेम सिंह, डॉ. सराफत, अमीन अहमद, डॉ. हरकेश सिंह, कृपा राम, डॉ. सतपाल, डॉ. विक्रम सिंह, राजपाल सिंह सहित आदि मौजूद रहे।



अफसर अली खां को मनोनयन पत्र सौंपते पूर्व सांसद दानिश अली।

### अफसर अली बने मीडिया कोऑर्डिनेटर

**हसनपुर, अमृत विचार :** अफसर अली खां को प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रविवार को बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दानिश अली एवं नेशनल कोऑर्डिनेटर सैयद अदनान अशरफ ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथियों द्वारा अफसर अली खां को मनोनयन पत्र दिया गया। उन्हें कांग्रेस पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश मीडिया कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अफसर अली खां ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है वह उसे निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया, छुन्नन भारती, असिम साबरी, सलीम अयूब, तारिख मोहम्मद खान, नफीस चिश्ती, इरफान, विनोद कुमार सक्सेना, जयपाल सिंह, खालिद, नौशाब खान, परवेज, आरिफ आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कर्बला में हुई थी हक और बातिल की जंग : रजा बाकरी

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** कस्बे में 18 बनी हाशिम का जुलूस बरामद हुआ। जिसमें हाशमी खानदान के 18 शहीदों के शबीहे ताबूत शामिल थे। सर्वप्रथम इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी नसीमुल हसन बाकरी और हमनवा ने की।

मजलिस को उझारी से तशरीफ लाए मौलाना आसिफ रजा बाकरी ने खिताब करते हुए कहा कि कर्बला के मैदान में कुल शहीद 72 हुए थे, जिसमें 18 शहीद हाशमी खानदान के थे। कर्बला में हक और बातिल की जंग हुई थी। जिसमें नबी के नवासे मौला अली के बेटे हजरत इमाम हुसैन हक की तरफ थे और माविया का बेटा यजीद बातिल की तरफ था। जीत हक सच्चाई की हुई। अबूतालिब का पौते हुसैन की जीत हुई और अबूसुफयान का पौता यजीद हार गया। आज पूरी दुनिया में सबकी जबान पर हुसैन का नाम है, लेकिन यजीद का नाम लेने वाला कहीं नहीं मिलता। हुसैन कत्ल होकर भी जीत गए और यजीद सर काटकर भी हार गया। कर्बला का दर्दनाक वाकया भुलाया नहीं जा सकता। मजलिस के बाद इमामबारगाह दादे हिमायत अली से 18 बनी हाशिम का जुलूस बरामद हुआ जो पीर जी इमामबारगाह जाकर खत्म हुआ। इस मौके पर जुलूस के दौरान तकरीर डॉ. अहमद मुर्तजा ने की और नोहे मुहम्मद हैदर, अयान अब्बास, मिसाल अब्बास ने पढ़े।

● मजलिस के बाद इमामबारगाह दादे हिमायत अली से 18 बनी हाशिम का जुलूस बरामद हुआ

## नदी से दूसरे दिन भी नहीं मिला किसान का शव

**नानकमत्ता, अमृत विचार :** मवेशियों को चराने गये किसान का दूसरे दिन भी कुछ पता नहीं चला। शनिवार को मगरमच्छ किसान को पानी में खींच ले गया था। रविवार को वन विभाग और जल पुलिस लगातार किसान की तलाश में जुटी रहीं।

शनिवार को थाना क्षेत्र के भाड़ा मुड़िया गांव निवासी अजैय सैनी पत्नी के साथ मवेशी चराने नानकसागर बांध गया था। बांध से आने वाली कामन नदी में मवेशी पानी पीने चले गये। इसी दौरान वहां वहां मगरमच्छ आ गया। मवेशियों को मगरमच्छ से बचाने के दौरान मगरमच्छ अजैय को पानी में खींच ले गया। उसकी तलाश के लिए शनिवार से ही जौलासल, रनसाली, बराकोली रेन्ज वन विभाग की टीमें व जल पुलिस लगातार रेस्क्यू कर रही हैं। वन क्षेत्राधिकारी केआर टम्टा ने बताया कि सोमवार को आपदा प्रबन्धन की टीमें तलाश के लिए पहुंचेंगी।

# जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रविवार को खड़गवंशी ग्रेजुएट क्लब द्वारा युवाओं को नई दिशा प्रदान करने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन झम्मन लाल डिग्री कॉलेज में किया गया।

परीक्षा में जनपद अमरोहा, बुलंदशहर, संभल, बदायूं और मुरादाबाद के कक्षा 10,12 व स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सुबह बारिश होने के कारण परीक्षा 11 बजे के स्थान पर 12 बजे प्रारंभ की गई। परीक्षा परिणाम घोषित कर कक्षा 10, 12 एवं स्नातक स्तर पर टॉप टेन प्रतिभागियों को शील्ड व सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खड़गवंशी ग्रेजुएट क्लब के मुख्य अतिथि आरपीएफ के जोनल इंचार्ज केशव राणा ने कहा कि यदि लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई की जाए तो मंजिल अवश्य मिलती है, जिसके लिए उचित मार्गदर्शन की जरूरत है। कार्यकम के विशिष्ट अतिथि दीपक राणा पीसीएस ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। गलत तरीके से प्राप्त की गई शिक्षा जीवन में काम नहीं आती। कठिन परिश्रम ही सफलता का मूलमंत्र है। सहायक केंद्र व्यवस्थापक जय कुमार राणा एवं भूदत्त राणा ने परीक्षा का आयोजन कराया। समिति ने विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक गोपाल सक्सेना ने की और संचालन केपी सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. हरकेश राणा, डॉ. कैलाश कुमार, ओमपाल सिंह राणा, अमित कुमार, बबलू राणा, लाल सिंह राणा, सुरेश राणा, जीतपाल राणा, लोकेश कुमार, होराम सिंह, दया राणा, दुर्गेश राणा, श्योदान सिंह रहे।


प्रतियोगिता के बाद विजयी छात्र-छात्राओं के साथ क्लब के पदाधिकारी।

● खड़गवंशी ग्रेजुएट क्लब ने किया प्रतियोगिता का आयोजन


नेशनल हाईवे पर दोनों ओर लगा जाम। ● अमृत विचार

# हाईवे पर ट्रैफिक वन-वे, लगा लंबा जाम

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में बृजघाट गंगा में स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। वहीं सावन माह के पहले सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने वाले कावंड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने शनिवार को हाईवे वन-वे कर दिया था। इससे रविवार को भी जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही।

रविवार को ट्रैफिक वन-वे चलने के कारण दिल्ली लखनऊ हाईवे पर करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसके कारण हजारों लोग हाईवे पर भीषण गर्मी में जाम से जूझते रहे। इसके बाद पुलिस ने जाम पर बमुश्किल काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रूट वन-वे चल रहा है। वहीं गुरु पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु बृजघाट स्थित गंगा में स्नान करने के लिए आए थे। जिससे वन-वे हाईवे पर जाम लगा गया है। जाम खुलवाकर यातायात सुचारू करा दिया गया है।

# मंडी में लंगड़ा आम की कीमत पांच रुपये प्रतिकिलो से भी कम

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** तेज बारिश के बाद भीषण गर्मी से लंगड़ा आम डाल पर ही पक गया। डाल पर पके आम की मंडी में ज्यादा कीमत नहीं मिल रही और ग्राहक भी नहीं मिल पा रहे हैं।

आम के व्यापारियों का कहना है की बाग में सबसे ज्यादा मुनाफा लंगड़ा आम ही देकर जाता है। लेकिन बारिश के बाद जो तेज गर्मी पड़ी, जिससे आम डाल पर ही पकना शुरू हो गया। 25 किलो की आम की क्रेट मात्र 70 रुपये में बेची जा रही है। फुटकर में लंगड़ा आम 10 रुपये से 15 रुपये किलो बिक रहा है। जिसकी वजह से आम उत्पादकों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। सैदनगली के आम उत्पादकों का कहना है कि गर्मी अधिक होने से लंगड़ा आम डाल पर जल्दी पककर तैयार हो गया। इसकी वजह से मंडी में डाल के पके हुए आम की आवक एकाएक तेज हो गई है। इससे आम सस्ता हो गया है। आम उत्पादक साजिद ने बताया कि डाल का पका हुआ आम एक या दो दिन से ज्यादा नहीं रुक पाता। 24 घंटे से ज्यादा नहीं रखा जा सकता है। इसलिए डाल पर पके हुए लंगड़ा आम की बुरी दशा हो गई और आम बेदाम हो गया है। जिससे आम उत्पादकों को और व्यापारियों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।


बाग में पेड़ पर लगे आम। ● अमृत विचार

## इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से डेढ़ लाख रुपये की चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में घुसे चोरों ने नकदी और सामान सहित डेढ़ लाख रुपये की चोरी की। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

नौगांवा सादात कस्बे के मोहल्ला पापड़ी निवासी खुर्शीद अहमद की बस्ती में इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान है। दुकान के पीछे उन्होंने गोदाम बना रखा है। 19 जुलाई शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। रात में चोरों ने दुकान से 70000 की नकदी सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया। अगले दिन खुर्शीद दुकान पर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार ने आरोपी चोर को पहचान लिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है। पहचान हो गई है, जल्दी उसको गिरफ्तार किया जाएगा।

पर्यावरण | मोरका पट्टी और खुंभावली में नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी ने लगाए पौधे

# प्रकृति का मनुष्य के लिए सर्वोत्तम उपहार हैं वृक्ष : रणवीर

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** स्पर्श संस्था के प्रकृति वंदना परियोजना के तहत गांव मोरका पट्टी और खुंभावली में पौधरोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद, जिलाधिकारी अमरोहा राजेश कुमार त्यागी एवं सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र के द्वारा पौधरोपण कर उनके संवर्धन व संरक्षण पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि रणवीर प्रसाद ने बताया कि पौधरोपण का मतलब है, पेड़-पौधे लगाना। इसका उद्देश्य खतरे में पड़े पर्यावरण को बचाना और हमारे जीवन को सुंदर बनाना है। पेड़ प्रकृति के अनमोल उपहार हैं। इन्हें मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है।

पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर उपकार करती है। स्पर्श सोशल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मनोज कुमार यादव ने परियोजना के तहत किए जा रहे पौधरोपण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों और महिला किसान उत्पादक संगठन से जुड़ी महिलाओं ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम में स्पर्श सोशल फाउंडेशन की टीम का भी सहयोग रहा।



पौधरोपण करते नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद व जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों ने भी किया पौधरोपण

**बुरावली, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्रामीण भी जागरूक हो रहे हैं। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव छपना व देहरी गुर्जर के ग्रामीणों ने अभियान के तहत पौधे लगाकर लोगों को हरियाली का संदेश दिया। ग्रामीण पिंटू त्यागी ने कहा कि पेड़ों से न केवल छाया बल्कि लकड़ी पर्यावरण संतुलन और फल भी मिलते हैं। इसलिए अपने आसपास फलदार पौधा जरूर लगाना चाहिए। पौधे लगाने से वातावरण शुद्ध किया जा सकता है। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन भी मिलती है, पौधे हमारे लिए जीवन दाता हैं, इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर कमल नागर, अंकुश त्यागी, सूर्यांश त्यागी, पिंटू त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिजली न आने से परेशान लोगों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बिजली की किल्लत से परेशान होकर मोहल्ला मंडी चौब के उपभोक्ताओं ने मंडी चौब चौराहे पर जाम लगा दिया और धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे सभी लोग विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। जिसके बाद एसडीओ मौके पर पहुंचे, जहां मोहल्ले के लोगों ने तत्काल बिजली आपूर्ति को सुचारु करने की मांग उठाई। जिसके बाद मोहल्ले में फुंके ट्रांसफॉर्मर को बदलने का कार्य शुरू हो सका।

शहर के मोहल्ला मंडी चौब और गस्तियां में बीते सात दिन से बिजली न आने के कारण लोग परेशान हैं। अधिकारियों से कई बार ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते रविवार को गुस्साए लागों ने मंडी चौब चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। जाम लगाकर बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को अपने साथ बैठा कर समस्या से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि बीते सात दिन में तीन ट्रांसफॉर्मर फूंक जाने के कारण बिजली नहीं आई थी। जिसमें अधिकारियों का कहना था कि लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफॉर्मर जल रहे हैं। लेकिन लोगों का कहना है कि पहले भी तो इस ट्रांसफॉर्मर पर यह लोड चल रहा था। जिसके बाद उपभोक्ताओं की नाराजगी देखकर एसडीओ पूरी विद्युत टीम के साथ नया ट्रांसफॉर्मर लगवाने में जुट गए। साथ ही समस्याओं का समाधान कराने के लिए अधिकारों द्वारा उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया गया है।


धरने पर बैठे मोहल्लेवासी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### नकदी और जेवर लेकर भाग गई महिला

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक निवासी बुजुर्ग ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि उसकी पहली पत्नी की बीस वर्ष पहले मौत हो गई थी। जिससे पांच लड़के और तीन लड़कियां हैं। पत्नी की मौत के एक साल बाद ही बुजुर्ग ने बांग्लादेश निवासी महिला से निकाह कर लिया था। उससे दो बच्चे हैं। बुजुर्ग का आरोप है कि दूसरी पत्नी 11 जून को एक युवक के साथ चली गई। साथ में दोनों बच्चों को भी ले गई। इतना ही नहीं, घर में रखे एक लाख रुपये और ढाई तोले सोने के जेवर भी लेकर गई। बुजुर्ग ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### 250 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस ने 250 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत 40 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, फकीरपुरा में मादक पदार्थों की तस्करी होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद टीम ने रविवार को कार्रवाई के दौरान थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी अरुण को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 250 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 40 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह आसपास के क्षेत्र में इसकी सप्लाई करता था। जिससे उसके मोटी रकम मिलती थी। मादक पदार्थ तस्करी के मामले आरोपी के खिलाफ पहले से छह मुकदमे दर्ज हैं।

### मादक पदार्थ सामग्री समेत दो गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मादक पदार्थ सामग्री जब्त की गई है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक, थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर रविवार को पुलिस टीम ने छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुगलपुरा के धोबिया फाटक निवासी फैजान पुत्र रहीश को गिरफ्तार किया है। वहीं वांछित चल रहे दूसरे आरोपी को थाना क्षेत्र के डबल फाटक निवासी चंद्रसैन पुत्र लल्लू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास मादक पदार्थ सामग्री जब्त की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो और उपद्रवी गिरफ्तार

## 65 से ज्यादा लोगों ने की थी मारपीट, अब तक 35 आरोपी भेजे जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : थाना शाही क्षेत्र के गांव गौंसपुर में बवाल और पथराव करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस के अनुसार संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान बिहारीपुर और भमोरा के बीच सरकारी नल के पास शनिवार रात 12:47 बजे ग्राम गौसगंज निवासी निजाकत अली बाइक से अपने दोस्त आलमगीर के साथ आ रहा था। दोनों पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो फायरिंग कर दी।



मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार आरोपी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई और आलमगीर के पैर में लगी। इस दौरान हेड कांस्टेबल नफीस अहमद भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों के पास से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है। गौसगंज गांव में मुहर्रम वाले दिन एक धर्म स्थल के पास ढोल बजाने को लेकर विवाद हुआ था। इस पर एक पक्ष के लोगों ने जमकर

> पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जाएगी।
> **- मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी**

मारपीट की थी। इसके बाद रात में महिला पर लेजर लाइट मारने का हीरा लाल, रुपचंद्र, लालता प्रसाद, रेवीराम, मनोहर लाल समेत अन्य लोगों ने विरोध किया तो अब्दुल गाली-गलौज करने लगा। उसके बाद लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। महिलाओं के साथ भी मारपीट की। इस मामले में 50 नामजद समेत 65 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके अलावा थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने 75 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### सभी पर लगेगी रासुका, चलेगा बुलडोजर

बवाल करने के आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। सभी आरोपियों पर रासुका लगाई जाएगी और उनके घरों पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा। इसके लिए पुलिस रिपोर्ट तैयार कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य का कहना है कि जिले का माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गांव में तनाव देखते हुए पुलिस-पीएसी तैनात

गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसलिए पुलिस फोर्स के साथ पीएसी भी तैनात की गई है। पुलिस अधिकारी भी गांव में भ्रमण कर प्रधान और अन्य लोगों से बात कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने गांव में ही डेरा डाल रखा है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को लगातार वहां की स्थिति बता रहे हैं। वहीं दूसरे पक्ष की महिलाओं ने सौदागरान स्थित जमात रजा ए मुस्तफा के मुख्यालय आकर मदद की गुहार लगाई है।

## टोकरी में रखकर नाग के प्रदर्शन पर सपेरा गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : वन विभाग ने नाग को टोकरी में रखकर प्रदर्शन करने वाले सपेरे को पकड़ा है। उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सपेरे के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। सपेरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वन विभाग के उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे पीपल्स फार एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी ने उन्हें सूचना दी कि अलापुर रोड स्थित मंडी समिति के पास पेट्रोल पंप पर एक सपेरा नाग लेकर घूम रहा है। वह, वन दारोगा व हमराह मथुरा सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना सही पाई गई। सपेरा लोगों को नाग दिखा रहा था। उपनिरीक्षक ने सपेरे की तलाशी ली तो उसके पास टोकरी में काले रंग का नाग मिला। वह सपेरे को कोतवाली सिविल लाइन ले आए। जहां उसने अपना नाम जिला कन्नौज के थाना विशनुगढ़ क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी कन्हैया नाथ पत्र ओमकार नाथ बताया।

# नदी में उतराता मिला भैंस चराने गए वृद्ध का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : भैंस चराने गए किसान का शव नदी में उतराता मिला है। पुलिस डूबकर मौत होने का अनुमान लगा रही है, तो परिजनों को हत्या किए जाने का अंदेशा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव अभयपुर निवासी राजपाल उर्फ रज्जू (70) पुत्र नौहर सिंह खेतीबाड़ी करते थे। शनिवार दोपहर लगभग एक बजे वह अपने पशुओं को चराने के लिए गांव के पास बह रही अरिल नदी किनारे गए थे।

शाम को उनके पशु भैंस-गाय आदि घर लौट गए, लेकिन राजपाल वापस घर नहीं लौटे। कुछ देर तक परिजनों को लगा कि राजपाल गांव में कहीं रुक गए होंगे। देर शाम तक वह नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन राजपाल की तलाश में निकले, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने रविवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की। खेत और अरिल नदी पर पहुंचे। राजपाल की पत्नी लीलावती ने नदी में किसी का शव उतराते हुए देखा। परिजन और ग्रामीणों की मदद से शव नदी से बाहर निकाला गया।

### जमीन विवाद में हत्या करने का आरोप

मृतक के बेटे ओमवीर ने पिता की हत्या करके शव नदी में फेंकने का आरोप लगाया। ओमवीर ने कहा कि उनका अपने तहेरे भाइयों से जमीन का विवाद चल रहा है। वह 2023 में दातागंज एसडीएम कोर्ट में चल रहा जमीन के बंटवारे का मुकदमा जीत गए थे। जिसके चलते तहेरे भाई रंजिश मानने लगे थे। वह कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। आरोप लगाया कि शुक्रवार को भी उन्होंने पिता की हत्या करके शव नदी में फेंक दिया था। रविवार को शव नदी में मिला तो पिता की नाक से खून निकल रहा था। चेहरा भी सूजा था।

# बीए और बीएससी जीव विज्ञान की आज जारी होगी चौथी मेरिट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**प्रवेश**

- बीए की 18, बीएससी जीव विज्ञान की सिर्फ 22 फीसदी सीटें शेष
- तीसरी मेरिट में शामिल छात्रों को सोमवार दोपहर 3 बजे तक प्रवेश का मौका

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बीए और बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए सोमवार को चौथी मेरिट जारी की जाएगी। वहीं तीसरी मेरिट में शामिल छात्रों को सोमवार दोपहर 3 बजे तक शुल्क जमा कर प्रवेश का एक और मौका दिया जाएगा। बीए की 18 फीसदी और बीएससी जीव विज्ञान की 22 फीसदी सीटें ही रिक्त रह गई हैं।

बीए, बीएससी और बीकॉम में 15 जुलाई से प्रवेश शुरू हुए हैं। अब तक तीन मेरिट जारी की जा चुकी हैं। बीए की 1840 सीटों में अब तक 1504 पर प्रवेश हो चुके हैं और 336 सीटें रिक्त रह गई हैं। इसके अलावा बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों में 556 पर प्रवेश हो चुके हैं और सिर्फ 164 शेष रह गई हैं। चौथी मेरिट जल्द आएगी और इसके बाद ज्यादातर सीटें फुल होने की संभावना है। इसके बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं तो दूसरे चरण में पंजीकृत छात्रों को मौका दिया जाएगा।

### बीएससी गणित और बीकॉम में सीटें खाली

वहीं बीएससी गणित और बीकॉम की अभी सीटें खाली हैं। बीकॉम की 1040 सीटों पर अभी 634 प्रवेश हुए हैं और 406 सीटें खाली हैं और बीएससी गणित की 880 सीटों में 430 पर प्रवेश हुए हैं और 450 खाली हैं।

# बोगी में धुंआ देख कूदे यात्री, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बरेली से दिल्ली जाने वाली पैसेंटर में फायर इंस्ट्रूमेंट खोलने से भगदड़ मच गई। यात्री चन्दौसी से आगे गुमथल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कूद गए। जिससे कई यात्री घायल हो गए। रेलवे स्टाफ ने पहुंचकर यात्रियों को शांत कराया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। हादसे के बाद कुछ यात्रियों ने ट्रेन छोड़ दी और अपने घर के लिए रवाना हुए।

रविवार की रात बरेली से चलकर चन्दौसी होकर दिल्ली जाने वाली पैसेंजर रात आठ बजे चन्दौसी जंक्शन से रवाना हुई। रात 8.10 बजे ट्रेन जैसे ही गुमथल रेलवे स्टेशन पर पहुंची उसी समय गति धीमी हुई, तभी एक बोगी में किसी यात्री ने फायर इंस्ट्रूमेंट खोल दिया। जिससे बोगी में सफेद धुंआ होने से यात्रियों ने ट्रेन कूदना शुरू कर दिया। तभी दो से तीन मिनट के बाद



घटना के बाद गुमथल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कूदे यात्री। ● अमृत विचार

> ट्रेन में आग लगने की सूचना मिली थी, जब गुमथल रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से जानकारी की गई, तो फायर इंस्ट्रूमेंट खुलने की बात सामने आई। जन हानि नहीं होने पर जीआरपी स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा।
> **-राजदेव पूनिया, प्रभारी, थाना जीआरपी**

स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो कुछ ही देर में पूरी बोगी खाली हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गुमथल रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर निर्भीक पाठक मौके पर पहुंचे और यात्रियों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद बोगी में जाकर देखा कि फायर इंस्ट्रूमेंट का पाउडर पड़ा था। ट्रेन को 8.50 बजे आगे के लिए रवाना किया गया। घटना में थाना बहजोई के गांव रम्पुरा निवासी परिवार के शमीम पुत्र अलीजान, शन्नो पत्नी तस्लीम, हिना पत्नी आरिफ, शन्नो पत्नी तस्लीम, अलीशा, फरा, अनस, शबरा, आदि ट्रेन से कूदने में घायल हो गए।

## पांच हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज का वीडियो वायरल, निलंबित

बरेली, अमृत विचार : थाना भोजीपुरा के धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव का रुपये लेते वीडियो वायरल हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी से मामले की जांच कराई। प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच का आदेश दिया है। धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव का रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल हुए वीडियो में दो व्यक्ति पहुंचते हैं। एक कार में चौकी इंचार्ज पहले से मौजूद रहते हैं। उसके बाद दोनों उन्हें पांच हजार रुपये देते हैं। वायरल वीडियो की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने नवाबगंज सीओ हर्ष मोदी से कराई। जांच में पता चला कि धौराटांडा निवासी किसी व्यक्ति ने अब्दुल के खिलाफ कोई शिकायत की थी। इसकी जांच चौकी इंचार्ज को सौंपी गई थी। जांच में खलील को बचाने के लिए चौकी इंचार्ज ने रुपये मांगे थे। अब्दुल ने अपने दोस्त ईशापुर के प्रधान तफ्सीर अहमद के माध्यम से जून में चौकी इंचार्ज को पांच हजार रुपये दिए थे। जिसका किसी ने वीडियो बना लिया था जो अब वायरल हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने चौकी इंचार्ज संजीव यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। अगर शिकायतकर्ता मामले में तहरीर नहीं देता है तो थाना प्रभारी स्वयं मामले में संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। चौकी इंचार्ज का रुपये लेते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसकी सीओ नवाबगंज से जांच कराई गई। प्राथमिक जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए गए हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# होजरी शॉप पर दो महिलाओं ने चोरी किए लाखों के जेवर

संवाददाता, रुद्रपुर

- ग्राहक बनकर आईं महिलाओं ने अमेरिकी महिला के पर्स से निकाले गहने

अमृत विचार : मुख्य बाजार स्थित एक होजरी की दुकान पर ग्राहक बनकर आईं दो महिलाओं ने भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के पर्स से लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अमेरिका में विवाहित पीड़िता अपनी मां के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

तराई मॉडल एजेंसी किच्छा निवासी ऊषा सिंह ने बताया कि उसकी बेटी अमेरिकी से घर आई थी और 18 जुलाई की दोपहर को मां-बेटी रुद्रपुर की मनिहारी गली स्थित वर्मा होजरी पर खरीदारी करने गई थीं। तभी अचानक दो महिलाएं आयी जिसमें से एक महिला गर्भवती दिख रही थी। दोनों महिलाएं जब चिपक कर खड़ी होने लगीं तो उन्होंने दूर रहने को कहा। इस बीच एक महिला ने उनकी बेटी पूजा सिंह के पर्स से एक लाख डॉलर कीमत के सफेद हीरा जड़ित हेयरिंग सेट, सोने का सुई धागा और सोने-हीरे की बाली चोरी कर ली। जब दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया तो दोनों संदिग्ध महिलाएं चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो चुकी थीं। शिकायतकर्ता ऊषा रानी ने बताया कि कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि चोरी जेवरात की कीमत दस लाख रुपये के करीब है। उन्होंने पुलिस से मामले का पर्दाफाश किए जाने की मांग की।

## हाईस्कूल की छात्रा की उल्टी-दस्त से मौत

रुद्रपुर, अमृत विचार : आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके में उपचार के दौरान हाईस्कूल की छात्रा की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर छात्रा को रुद्रपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना दिनेशपुर के बुक्सौरा गांव के रहने वाले राम सिंह मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते हैं। बताया जा रहा कि शनिवार की दोपहर को अचानक उनकी हाईस्कूल में पढ़ने वाली 15 वर्षीय बेटी मनिंदर कौर को उल्टी दस्त होने के कारण हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उसे रुद्रपुर स्थित सिविल लाइंस अस्पताल लेकर आए और डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया, जहां शनिवार की देर रात्रि छात्रा ने दम तोड़ दिया। रविवार की सुबह होने पर आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# माउंटेन बाइकिंग में मुकुल जलाल ने मारी बाजी

संवाददाता, रानीखेत

- 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 63 वर्षीय भारत लाल शाह रहे प्रथम

अमृत विचार : यहां माउंटेन बाइकिंग रैली का शुभारंभ रविवार प्रातः सेना के नरसिंह मैदान से किया गया। 35 किमी की इस रैली में नगर के साथ ही कुमाऊं के कई शहरों से आए 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय यादव, एसएसबी के महानिदेशक अमित कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

माउंटेनिंग आउटडोर क्लब एवं माउंटेन बाइकिंग के तत्वावधान में आयोजित इस रैली का समापन रानीखेत में हुआ। बाइकिंग रेस 2 वर्गों में आयोजित की गई थी। जिसमें फन राइड एवं साइकिल दौड़ कराई गई। जिसमें मुकुल जलाल प्रथम, भरत मेहता द्वितीय और तन्मय अधिकारी तृतीय स्थान पर रहे। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 63 वर्षीय भारत लाल शाह अल्मोड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सृजा अधिकारी को बालिका वर्ग में विशिष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

11 वर्षीय आयुष बिष्ट को सबसे युवा प्रतिभागी के लिए पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं विजेताओं को धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में कुमाऊं रेजिमेंटल सेन्टर, सशस्त्र सीमा बल रानीखेत एवं जिला प्रशासन ने सहयोग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएमओसी के अध्यक्ष सुमित गोयल व संचालन अलका कौशिक ने किया।

## गुलदार के हमले में बाइक सवार घायल

काशीपुर, अमृत विचार : झाड़ियों के किनारे घात लगाकर बैठे एक गुलदार ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जसपुर के गांव पतरामपुर निवासी रोहित सैनी शनिवार शाम को बाइक से अपने घर जा रहा था। रास्ते में घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह रोहित अपनी जान बचाकर बाइक छोड़कर वहां से भागा। बाद में वह मौके से बाइक उठाकर घर पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने उसे काशीपुर के मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## शादी के 7 दिन बाद गहने लेकर भागी विवाहिता

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता घर से जेवरात लेकर फरार हो गई। नवविवाहिता शादी के दूसरे ही दिन मायके आ गयी थी। इसके बाद वह परिजनों की जिद पर मात्र तीन बार ही युवती ससुराल गई थी। अभिभावकों ने आवास विकास पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना ट्रांजिट कैंप एवं आवास विकास चौकी की रहने वाली एक युवती की 14 जुलाई को बहेड़ी के एक गांव के युवक से शादी हुई थी। शादी के दूसरे दिन ही विवाहिता मायके आई और बार-बार कहने के बाद महज तीन दिन ही ससुराल रही। शुक्रवार की सुबह जब घरवालों ने देखा कि विवाहिता घर पर नहीं है तो उन्हें संदेह हुआ। जब अलमारी देखी तो सिंगल व ट्रिपल पैडल युक्त सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने की अंगूठी और सोने के झुमके के अलावा विवाहिता के कुछ कपड़े भी गायब थे।

# कांवड़ मेले में पुलिस मुस्कुरा कर दृढ़ता से ड्यूटी करे

ब्यूरो, हरिद्वार

- एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था ने ब्रीफिंग की

अमृत विचार : पुलिस-प्रशासन ने सोमवार से शुरू हो रहे कांवड़ मेले-2024 को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन ने मेले में तैनात पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की। मेला क्षेत्र में 22 ड्रोन व सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगेहबानी की जाएगी। फोर्स के उत्साहवर्धन को ड्यूटी में समर्पित एक पुलिस कर्मी को प्रतिदिन सम्मानित किया जाएगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर 21 सहायता केंद्र बनाए गए हैं। इस बीच डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान स्थिति अनुसार मुस्कुरा कर दृढ़ रहना होगा।

एडीजी अंशुमन ने रविवार को रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन के बहुद्देश्यीय भवन में कांवड़ मेला-2024 में नियुक्त पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की। इसमें कुमाऊं व गढ़वाल परिक्षेत्र से पहुंची फोर्स समेत अर्द्धसैनिक बल की आठ कंपनियां भी शामिल हुईं। आईजी कृष्ण कुमार वीके ने पुलिस बल को असामाजिक तत्वों के प्रति सचेत रहने, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली संभावनाओं, डीजे में भड़काऊ गाने चलने अथवा सोशल मीडिया में अचानक किसी घटना को वायरल देने जैसी घटनाओं पर सतर्कता बरतते हुए ड्यूटी निर्वहन करने को कहा।

डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि फोर्स ड्यूटी स्थल के आसपास सभी स्तर के अधिकारियों के समन्वय बनाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान स्थिति अनुसार मुस्कुरा कर दृढ़ रहना होगा।

## भारी बारिश से बंद रहा पूर्णागिरि धाम मार्ग

टनकपुर, अमृत विचार : रविवार सुबह चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में हुई भारी बारिश से कई जगह जलभराव हो गया। पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए मलबे से ककरालीगेट-पूर्णागिरि मार्ग रविवार को दिनभर बंद रहा।

राहत की बात यह रही कि रविवार को भी टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग खुला रहा। बनबसा शारदा बैराज में शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से अलर्ट के चलते भारत-नेपाल के बीच आवाजाही भी बंद रही। टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार दूसरे दिन रविवार को खुला रहा। स्वांला, धौन, चल्थी, सूखीढांग सहित कई जगह आंशिक मलबा गिरा लेकिन इससे आवाजाही ज्यादा देर तक प्रभावित नहीं हुई। जिले की 12 सड़कें दिनभर बंद रहीं। बाटनागाड़ में मलबा आने से पूर्णागिरि धाम और टनकपुर-जौलजीबी के लिए वाहन नहीं चल पाए।

# अग्निवीरों को मिलेगा सरकारी नौकरियों में आरक्षण : धामी

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में की घोषणा

अमृत विचार : हरियाणा के बाद उत्तराखंड में भी अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो इसका कानून भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को कैनाल रोड पर हुए कार्यक्रम के बाद मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि प्रदेश के अग्निवीरों को सरकारी विभागों में नौकरियों में नियुक्तियां दी जाएंगी। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आरक्षण देंगे। यदि जरूरत पड़ी तो होगा तो इसके लिए एक्ट भी बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि सेना में चार वर्ष की नौकरी के बाद वापस आने वाले अग्निवीर अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर आशंकित न रहें इसके लिए अधिकारियों को ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है। यहां के युवा बड़े पैमाने पर भारतीय सेना में भर्ती होते हैं लिहाजा, सेना में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद रिटायर्ड जवानों को नियुक्ति देने में राज्य सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। सैनिक कल्याण विभाग इस सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करने में जुट गया है। राज्य सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है।

# एफडीआई को आकर्षित करने के लिए बनाई तीन कंट्री डेस्क

## कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोपीय देश और जापान शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए तीन कंट्री डेस्क बनाई गई है। कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोप व जापान को शामिल किया गया है। हेल्प डेस्क विभिन्न देशों की कंपनियों को निवेश प्रक्रिया के बारे में समझाने व निवेश सुगम कराने का कार्य करेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि ये डेस्क परियोजना स्थलों की पहचान करने व भूमि अधिग्रहण में कंपनियों की सहायता करेंगी। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने के साथ ही, निवेशकों को समयबद्ध तरीके से स्वीकृतिया व अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता करेंगी। सरकारी अधिकारियों के साथ कंपनियों के संवाद को सुविधाजनक बनाने का कार्य करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि एफडीआई को आकर्षित करने व फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक समर्पित एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 व फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 की घोषणा की है। इसका लक्ष्य वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश को निवेश के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। 'इन्वेस्ट यूपी' के जरिये इस नीति का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

तीनों कंट्री डेस्क्स के कार्य में सहयोग करने के लिए उद्यमी मित्रों, समन्वय अधिकारियों व सलाहकारों को भी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक कंट्री डेस्क की जिम्मेदारी निवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी देना व निवेश प्रक्रिया को आसान बनाना होगा।

### डेस्क में शामिल हैं ये अधिकारी

अमेरिका प्लस डेस्क (संयुक्त राज्य अमेरिका-यूएसए और कनाडा) में कंट्री लीड प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग अनिल कुमार सागर हैं। यूरोप प्लस डेस्क (यूके, नीदरलैंड्स, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन व स्विटज़रलैंड) के कंट्री लीड सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग व मुख्य कार्यपालक अधिकारी-इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश हैं, जबकि जापान प्लस (जापान व दक्षिण कोरिया) के कंट्री लीड अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी हैं।

# फलीस्तीन का झंडा लहराने के आरोप में चार गिरफ्तार

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में ताजिया के जुलूस के दौरान थाना मलपुरा क्षेत्र के धनौली में फलस्तीन का झंडा लहराने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। धनौली में पिछले बुधवार को ताजिया जुलूस के दौरान कुछ युवकों ने कथित रूप से फलस्तीन का झंडा लहराया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । इसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मुस्लिम समुदाय ने 'आशूरा' के मौके पर पिछले बुधवार को पूरे देश में ताजिया जुलूस निकाले। 680 ईस्वी में इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन को मुहर्रम (इस्लामी महीने) की 10 तारीख को शहीद कर दिया गया था। थाना मलपुरा प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सैनी ने बताया कि वीडियो के आधार पर शनिवार शाम में चार आरोपियों--फैजान, अशरफ, अलीम और अरमान को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पाप का कोई सहभागी नहीं, व्यक्ति होता है खुद जिम्मेदार : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुरु पूर्णिमा पर गोरखपुर में हुए कार्यक्रम में शामिल हुए योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाप का कोई सहभागी नहीं होता, बल्कि स्वयं व्यक्ति जिम्मेदार होता है। इसलिए हमें हमेशा सद्मार्ग पर चलना चाहिए। माता-पिता पहले गुरु हैं। इसके बाद स्कूली शिक्षक, पुरोहित-कुलगुरु, बड़ा भाई और ऋषि-संतों की परंपरा, गोत्रों की परंपरा भी गुरु परंपरा में शामिल होती है। गुरु परंपरा का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे मार्ग पर अग्रसर करना है। मुख्यमंत्री रविवार को गुरु पूर्णिमा पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के संत बनने से पूर्व के जीवन की कथा सुनाई और संदेश दिया कि कोई भी गलत काम में हासिल होने वाले पाप में भागीदार नहीं बनना चाहता है। राम ने जीवन में मर्यादा को महत्व दिया। हर कार्य की लक्ष्मण रेखा तय की, संबंधों को मर्यादित तरीके से जीना सिखाया। इसी तरह कृष्ण ने कर्म की प्रेरणा दी। आज अधिकतर लोग कम कर्म के बदले अधिक हाइलाइट होने के प्रयास में रहते हैं, जबकि कृष्ण ने निष्काम कर्म की प्रेरणा दी है। विशेष अनुष्ठान पूरा किए जाने के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ समेत सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को नाथपंथ की परंपरा के अनुसार, उन्हें तिलक लगाया।

### गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की



मुख्यमंत्री ने गोरक्षनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ, दादा गुरु महंत दिग्विजयनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजन का भी पूजन-अर्चन किया।

## सार-संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में जाने से दो मजदूरों की मौत

कौशांबी, एजेंसी। कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में पानी की टंकी के निर्माण के दौरान हाई टेंशन तार से करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। सराय अकिल थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के घोसिया गांव में पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा था और इस दौरान रविवार सुबह मजदूरों द्वारा उठाया गया सरिया ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार से छू गया, जिसके कारण करंट की चपेट में आने से पंकज (26), गिरधारी (29), ओमवीर तथा दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। सिंह ने बताया कि इलाज के लिए ले जाते समय पंकज व गिरधारी की रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि ओमवीर का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है तथा घटना में झुलसे दो अन्य मजदूरों का इलाज मंझनपुर स्थित तेजमती अस्पताल में किया जा रहा है। एसएचओ ने बताया कि मृतकों व घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### बहराइचः नहाने गए दो लड़कों की डूबने से मौत

बहराइच, एजेंसी। बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रिश्ते में चाचा-भतीजा लगने वाले दो बालकों की तालाब में स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढकेरवा के मजरा नत्थूपुर निवासी आयुष वर्मा (14) और प्रतीक वर्मा (13) गर्मी अधिक होने के चलते शनिवार शाम करीब पांच बजे रमकुंडा तालाब में स्नान करने गए थे। पुलिस ने बताया कि स्नान करते समय दोनों किशोर डूब गए। शोर होने पर गांव के गोताखोरों ने दोनों को तालाब से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भेज दिया गया । उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया।

### नेपाली तस्कर गिरफ्तार, 63 लाख की स्मैक बरामद

बहराइच, एजेंसी। नेपाल की सीमा से लगते रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर के पास से 63 लाख रुपये मूल्य की 125 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को बहराइच जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में चौरी कुटिया मोड़ के पास नेपाल के नागरिक अनवर अली को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से 125 ग्राम स्मैक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 63 लाख रुपये बतायी जाती है। त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके खिलाफ रूपईडीहा थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दो अक्टूबर 1911 को प्रयागराज के जोंधवल में जन्मे मसूरियादीन पासी एक महान समाज सुधारक थे। वह देश की आजादी के लिए कई बार जेल गये। प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र फूलपुर व चायल से चार बार सांसद रहे। सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार सामाजिक न्याय को खत्म कर देश को धार्मिक व जातीय विभेद की तरफ ले जाना चाहती है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, पूर्व विधायक इन्दल रावत, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, अनामिका यादव, सुनीता रावत, मुन्ना लाल भारती, डॉ रिचा शर्मा आदि शामिल रहे।

# ऊर्जा निगमों में भी लागू की जाए पुरानी पेंशन योजना

संवाददाता , लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग शुरू हो गई है। बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री से इसका लाभ दिए जाने की मांग की है।

इस सिलसिले में रविवार को हाइडिल फील्ड हॉस्टल में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की बैठक हुई, जिसमें 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गईं रिक्तियों के अंतर्गत नियुक्त अभियंताओं को भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 28 जून 2024 को शासनादेश के जरिये उन सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है जिनकी रिक्तियां 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गई थीं। इस शासनादेश के तहत परिषदीय विद्यालयों, शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं व प्रदेश सरकार की ओर से अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम प्रदेश की आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत हैं, इसलिए शासनादेश के अनुरूप ऊर्जा निगमों के अभियंताओं को भी इसका लाभ दिया जाए।

### बिजली दरों के निर्धारण के लिए जनसुनवाई पूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से चल रही जनसुनवाई पूरी हो गई है। दरों को अंतिम रूप देने के लिए आयोग ने 24 जुलाई को आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर कड़ा विरोध किया है।

# भाट समाज को एससी वर्ग में शामिल करने के मामले में जवाब-तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाट समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यूओआई (केंद्र सरकार) और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में बताया गया है कि आजादी के 75 साल के बाद भी भाट समुदाय को विमुक्त जनजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हालांकि वे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थायी जीवन जी रहे हैं और राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक रोजगार और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया है।

भाट समुदाय को मई 1961 के शासनादेश द्वारा विशेष दर्जा दिया गया था, जिसमें भाट समुदाय को विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जनजातियों के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रावधान किया गया था।

# गोंडा ट्रेन हादसा: 50 कर्मियों के बयान दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय दिल्ली से पहुंची सीआरएस की टीम



**अमृत विचार :** गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर हुई ट्रेन दुर्घटना की रविवार को शुरू हो गई। जांच के लिए 21 जुलाई की सुबह टीम दिल्ली से सीधे लखनऊ पहुंची। पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय में रेलवे संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने पहले रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश जारी किये। इसके बाद जांच के लिए तकरीबन 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाया गया है। बारी-बारी सभी के बयान दर्ज किये गए। इस दौरान अन्य अधिकारी और कर्मचारी रेल हादसे में मामले पर अपनी रिपोर्ट लेकर वहां पहुंचे।

रेल संरक्षा आयुक्त हादसे में अपनी रिपोर्ट ग्राउंड रिपोर्ट और अधिकारियों के बयान के बाद प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद रेल दुर्घटना के मामले में जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी और उन पर एक्शन लिया जायेगा। बताते चले कि संरक्षा आयुक्त ने शनिवार को दुर्घटना स्थल का भी निरीक्षण किया था। आज डीआरएम मुख्यालय में जांच को लेकर अफरातफरी का माहौल रहा। रेलवे संरक्षा आयुक्त ने यहां पर सुबह 11 बजे से जांच शुरू कर दी। जांच के पहले दिन कैरेज एंड वैगन (सीएनडब्ल्यू), इंजीनियरिंग, सिग्नल, आरपीएफ, पर्सनल, हेल्थ और सेफ्टी डिपार्टमेंट के कर्मचारी पहुंचे। संरक्षा आयुक्त और टीम ने सभी काफी पूछताछ की। संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर बढ़ रही जांच बैठक में लोको पायलट त्रिभुवन नारायण, सहायक लोको पायलट राज, ट्रेन मैनेजर विश्वजीत सरकार और की मैन से भी रिपोर्ट भी ली जा रही है। इसके साथ रनिंग स्टॉफ, ट्रैक मेंटेनर और ट्रैक मशीन का काम देख रहे अधिकारी और कर्मचारी से भी बयान लिए गए। इस दौरान छह अधिकारियों ट्रैफिक इंस्पेक्टर गोंडा जेसी श्रीवास्तव, चीफ लोको इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर गोंडा वेद प्रकाश मीना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मनकापुर पीके सिंह, जेई शिवम पांडेय, सोमराज आईपीएफ की संयुक्त रिपोर्ट पर चर्चा कर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा।


## वर्ग पहेली-138

**बाएं से दाएं**

4. आधुनिक बिहार राज्य के एक क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन जनपद।
5. 1. लोककाल्पनिक कथानक, लोकरुढ़ि, अनुश्रुति 2. पौराणिक कथा, परंपरागत कथा 3. मान्यता 4. आख्यान।
7. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
8. उत्तर दिशा।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी दूसरे के हाथ से कोई वस्तु मंगाना, मंगाने का काम कराना।
2. हंसमुख, ख़ुश रहने वाला, प्रसन्नचित।
3. 1. भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला 2. भारी।
6. 1. हिजड़ा, जनखा 2. मुसलमान बादशाहों के हरमों में रहने वाले सेवक या रक्षक
7. 1. चेहरा, मुखड़ा 2. किसी वस्तु का अग्रभाग 3. शक्ल 4. कथन, भाषण।



### वर्ग पहेली -137 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 ने | 2 च | की |
| 3 दा | ह | ना | | तु | |
| | | | | रा | |
| | 4 म | ज | 5 मू | ई | |
| 6 चू | क | | ल | | 7 त |
| | बू | | तः | | ड़ा |
| 8 बा | ज़ा | री | | | ना |

## सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 9 | | 2 | |
| | 3 | | 4 | | | | 8 | |
| 9 | | | 5 | | | 4 | | |
| 7 | | 4 | | 6 | 2 | | 5 | |
| 2 | | 6 | | | | 3 | | 7 |
| | 5 | | 9 | | | 1 | | 2 |
| | | 2 | | | 3 | | | 6 |
| | 6 | | | | 7 | | 1 | |
| | 8 | | 6 | | | | | 4 |

### सुडोकू -50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 |

# चार वर्ष पहले गांव से निकला जीशान बना करोड़ों का मालिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में दो फ्लैट, सलोन में पांच मकान और वाणिज्यिक संपत्तियों की चर्चा

**अमृत विचार :** चार वर्ष पहले रायबरेली के गढ़ी इस्लाम नगर से रोजगार करने के लिए सलोन कस्बे पहुंचा जीशान देखते ही देखते करोड़ों का मालिक बन गया। बताया जा रहा है कि उसने अवैध निवास प्रमाण पत्र के जरिए करोड़ों रुपये कमाए और खूब संपत्तियां खरीदीं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह भी जीशान के समानांतर रुपये कमाता रहा और संपत्तियां खरीदता रहा। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

बताते चलें कि सलोन के एक गांव में 19,700 अवैध निवास प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। विधायक अशोक कुमार ने दावा किया कि इसमें से ज्यादातर प्रमाण पत्र बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए बनाए गए थे। असम की जेल में बंद एक बांग्लादेशी कैदी के आईडी कार्ड में सलोन का पता दर्ज था, जिसके बाद असम की सुरक्षा एजेंसियां रायबरेली पहुंची थीं और शिनाख्त की थी। बाद में पता चला कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह, जीशान व रियाज ने मिलकर 19,700 अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाए। जिला प्रशासन भी इतने बड़े पैमाने पर बने निवास प्रमाण पत्र को लेकर कोई संज्ञान नहीं ले सका। विधायक के प्रयास से एटीएस की टीम मौके पर पहुंची, बाद में एनआईए ने भी जांच शुरू करने का दावा विधायक अशोक कुमार की ओर से किया गया। रविवार को आरोपियों की संपत्तियों पर चर्चा शुरू हुई। एटीएस सूत्रों के मुताबिक जीशान ने प्रमाण पत्र बनाकर करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अर्जित की हैं। दो फ्लैट लखनऊ स्थित गोमती नगर विस्तार में खरीदे हैं, जबकि पांच मकान सलोन कस्बे में खरीदे हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने घर से भी काफी धनराशि जब्त की है। इतनी ही संपत्तियां ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह के पास भी पाई गई हैं। अब सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज करते हुए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की है।

### आईएसआई की संलिप्तता की आशंका जताते हुए गृहमंत्री को लिखा पत्र

अमृत विचार, रायबरेली : सलोन में फर्जी प्रमाण पत्र मामले में तार आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है। यह दावा करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भाजपा नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिलसिले में विगत 17 जुलाई को आपके समक्ष पत्र भेजा जा चुका है। पुन: लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में आईएसआई की संलिप्तता की संभावना अधिक है। जनसुविधा केंद्र संचालक जीशान खान व उसके पिता रियाज खान मास्टर माइंड हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव की भी संलिप्तता प्रतीत होती है। कहा कि इन्होंने करोड़ों की संपत्ति फर्जी प्रमाण पत्रों को बनाने से अर्जित की है। यह सारा पैसा विदेशों से आया है, इसकी संभावना प्रतीत हो रही है।

# मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराने का आरोपी गिरफ्तार


**बहराइच, एजेंसी।** फखरपुर क्षेत्र में मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराने के आरोपी एक व्यक्ति को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि 17 जुलाई को गजाधरपुर में मुहर्रम के जुलूस में तलवार लहराते हुए कुछ अज्ञात व्यक्तियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसका संज्ञान लेकर फखरपुर थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने एक अभियुक्त अबू तालिब को गिरफ्तार किया था तथा विवेचना के दौरान दूसरे अभियुक्त गजाधरपुर निवासी सिरताज को रविवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 10.21 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृष** – आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

**मिथुन** – आज का दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

**कर्क** – आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार आने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**सिंह** – आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा।

**कन्या** – आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। आपका काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

**तुला** – आज आपके घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका सम्पर्क मजबूत होगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु** – आज अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव रहेगा। नई सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करें।

**मकर** – आज आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें।

**कुंभ** – आज बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। किसी को बिना माँगी सलाह न दें।

**मीन** – आज वैवाहिक संबंधों में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। अधिकारियों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | स्वीकार किया मैंने | सुबह : 08.08 |
| B4U Movies | शादी में जरूर आना | रात : 09.51 |
| &pictures | भोला | सुबह : 10.53 |
| &pictures | विवाह | रात : 08.00 |
| Sony Pix | द कॉन्ज्यूरिंग | सुबह : 10.07 |
| Sony Pix | चार्लीज एंजल्स | शाम : 05.51 |
| Zee Cinema | गंगूबाई काठियावाड़ी | सुबह : 11.43 |
| Zee Cinema | नाग भूमि | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | बेटिंग राजा | सुबह : 10.54 |
| Colors Cineplex | भगवंत केसरी | रात : 07.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




बीफोरयू पर रात : 09.51 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा।।।
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को?
पति ने बोला।। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

पति : कल मेंरे ख्वाब में एक लड़की आई थी,
वाह क्या लड़की थी।
पत्नी : अकेले आई होगी।
पति : तुम्हे कैसे पता?
पत्नी : उसका पति मेंरें ख्वाब में आया था।

## एक नजर

### पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली हरेंद्र उर्फ हुरा कुंजाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली हरेंद्र कुंजाम पर सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। हरेंद्र प्लाटून पार्टी कमेटी मेंम्बर पीपीसीएम रैंक का उत्तर सब जोनल ब्यूरो राजनैतिक टीम का कमांडर था। वह 2015 से नक्सल संगठन में कार्यरत आत्मसमर्पित माओवादी गंगालूर एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम/राजनैतिक टीम कमांडर के पद में कार्य कर चुका है।

### अलवर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे हुए बेपटरी

**नयी दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान के अलवर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा कि अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

### पूर्व विधायक की कार से महिला की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले में पूर्व बीआरएस विधायक टी राजैया की कार से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब महिला जिले के मदिकोंडा में सड़क को पार कर रही थी। घटना के समय कार को राजैया का चालक चला रहा था। उस समय राजैया कार में थे। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक ने दुर्घटना में शामिल कार को नजदीकी थाने भिजवा दिया तथा दूसरी कार से वहां से रवाना हो गए। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

### राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन की मौत

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास हादसा हुआ। कैब चालक अरुण की मौके पर मौत हो गई, जबकि बगलाव के मोहम्मद दीन और उसके बेटे मोहम्मद असलम ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल और राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# मानसून सत्र : 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध

## राज्यसभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक तथा नागरिकता कानून पर भी हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी विधेयकों में, न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में उनके शामिल होने पर रोक लगाने से संबंधित विधेयक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक पर विधेयक, तथा नागरिकता कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक शामिल है। आगामी सत्र में, संसद के उच्च सदन में पेश करने के लिए कुल 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं।

सूत्र ने कहा कि राजद सांसद एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए को सम्मिलित करना), न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वालों और निर्वाचन आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकना है। ये विधेयक हालिया विवादों की पृष्ठभूमि में लाये गए हैं।

ऐसा ही एक विवाद कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा है, जिन्होंने पांच मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो दिन में भाजपा में शामिल हो गये थे। जुलाई में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य अपनी सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। सिंह द्वारा सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन कर पति द्वारा पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग की गई है।



● पति की ओर से पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग

### डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग


माकपा सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना है जबकि दूसरा डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग से संबंधित है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी.संदोष कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी नियामक प्राधिकरण बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। निजी विधेयक ऐसा विधेयक होता है जिसे वह सांसद पेश करता है जो सरकार का हिस्सा नहीं होता। वर्ष 1952 से अब तक दोनों सदनों द्वारा केवल 14 ऐसे विधेयक पारित किए गए हैं।

# शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख : शाह

**पुणे, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। भाजपा नीत महायुति महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।



● राहुल गांधी पर चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का लगाया आरोप

भाजपा नेता ने कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 में नौ रह गई।

### चुनावी बॉण्ड संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर आज को सुनवाई कर सकती है। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच स्पष्ट लेन-देन का आरोप लगाया गया है।

# नीट: 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या माइनस मार्क्स मिले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● परीक्षा में किसी उम्मीदवार की ओर से प्राप्त किए न्यूनतम अंक माइनस 180 हैं

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर 'माइनस 180' हैं।

शहर और केंद्रवार परिणामों के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्येक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नहीं है। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है।

### असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई। प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

# दुकान के सामने से एसयूवी हटवाने के लिए फैलाई बम की अफवाह

**पठानकोट, एजेंसी**

● वाहन के पास फेकी गई पर्ची में पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा मिला: एसएसपी पठानकोट

पंजाब के पठानकोट में दुकान के सामने खड़ी एसयूवी कार से परेशान व्यक्ति ने हटवाने के लिए बम की अफवाह फैला दी। पंजाब पुलिस ने इस मामले में रविवार को नितिन महाजन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि पठानकोट के बालाजी नगर में डाकी रोड पर खड़ी एसयूवी में तोड़फोड़ हुई है। पुलिस के मुताबिक वाहन के पास कुछ पर्चे मिले, जिन पर पांच दिनों में पठानकोट में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बम की धमकी दी गई थी। संदेश में लिखा था, 100 लोग भारत में घुसे हैं, जिनमें से 30 पठानकोट में हैं। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि पर्चे पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। एसएसपी ने कहा कि नितिन ने दो महीनों से किराने की दुकान के सामने खड़ी एसयूवी की खिड़कियों के शीशे तोड़े थे और धमकी भरे संदेश लिखे थे। कार सुरेश की थी। नितिन ने एसयूवी हटवाने के लिए यह कहानी गढ़ी थी।

# दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का प्रयास

**रीवा (मप्र),एजेंसी**

मध्य प्रदेश में दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला कमर से नीचे तो दूसरी पूरी तरह से बजरी से ढकी हुई दिखाई दे रही है, जिसे मजदूर निकाल की कोशिश कर रहे हैं। घटना मंगावा थाने के हिनोता जोरोट गांव में की बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी विवेक लाल का कहना है कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण का विरोध कर रहीं थीं। उन्हें जमीन में आधा गाड़ दिया गया था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार हिनौता गांव में दो पक्षों में कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को राजेश सिंह जेसीबी और डम्पर में बजरी भरकर सड़क निर्माण के लिए आया था। वहां मौजूद आशा और ममता सड़क निर्माण का विरोध करने लगीं। इस बात पर दूसरे पक्ष ने बजरी डालकर उन्हें जिंदा गाड़ने का प्रयास किया। बजरी से एक महिला सिर तक दफन हो गई जबकि दूसरी कमर तक घंस गई। वहीं मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।



● सड़क निर्माण का कर रहीं थी विरोध, भूमि विवाद से भी जुड़ा है मामला, केस दर्ज

### केजरीवाल की सेहत से खिलवाड़ कर रही भाजपा : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है।

सिंह ने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले वे कह रहे थे कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शर्करा का स्तर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि केजरीवाल खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा। केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रची गई है। आप ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता से शादी करने वाले के खिलाफ पॉक्सो मामला खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मैसूर के उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है, जिसने 18 वर्षीय लड़की का उस समय यौन उत्पीड़न किया जब वह नाबालिग थी। कोर्ट ने के विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला रद कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यदि आरोपी मामले के बंद होने के बाद लड़की और उसके बच्चे को छोड़ता है तो पॉक्सो मामले के तहत फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

# देश में वायु प्रदूषण का संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार प र खराब नीति-निर्माण का लगाया आरोप

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने में खराब नीति-निर्माण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि केंद्रीय बजट में इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए देश के निकायों, राज्य सरकारों और केंद्र को संसाधन संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महीने की शुरुआत में कहा था कि देश में होने वाली मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से जुड़ी हैं और हर साल सिर्फ 10 शहरों में 34,000 लोगों की मौत इससे होती है। दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट द्वारा किए अध्ययन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का मूल्यांकन किया गया है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को पैदा करने वाली नीतिगत अव्यवस्था को उजागर किया है। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का वर्तमान बजट 10,500 करोड़ है जो 131 शहरों में फैला है। इसमें 15वें वित्त आयोग का अनुदान भी है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं: रेड्डी

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है और केंद्र मांग को पूरा करने के लिए शुष्क ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खदानों की उत्पादकता बढ़ाकर दीर्घकालिक मांग को पूरा किया जाएगा। कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने कहा कि हम सभी ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला उपलब्ध करा रहे हैं। हमने आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों से अनुरोध किया है कि वे अपनी तकनीक बदलकर घरेलू ईंधन का उपयोग करें। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। कोयला उत्पादन में आमतौर पर मानसून के मौसम में बाधा आती है।

### खाद्य सुरक्षा के लिए 300 से अधिक अधिसूचनाएं

**नई दिल्ली।** भारत ने खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, पशुओं और पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जनवरी, 2020 से अबतक 300 से अधिक अधिसूचनाएं जारी की हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। ये अधिसूचनाएं स्वच्छता और वनस्पति स्वास्थ्य उपायों (एसपीएस) तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) के तहत जारी की जाती हैं।

### सेब के आयात पर 100% शुल्क लगाने की मांग

**श्रीनगर।** भारतीय सेब किसान संघ (एएफएफआई) ने रविवार को किसानों को बचाने के लिए सेब के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की मांग की। कुलगाम जिले में सेब किसानों के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद माकपा नेता एमवाई तारिगामी ने कहा कि सरकार को सेब उद्योग का निगमीकरण रोकना चाहिए और किसानों को बचाने के लिए 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाना चाहिए। मांग की कि खुदरा मूल्य 50% न्यूनतम खरीद मूल्य के रूप में भुगतान किया जाए।

# आम बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं

## सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की संभावना, आयकर में राहत की उम्मीद कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगी। अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी।





● पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर हुई है काफी चर्चा: अर्थशास्त्री

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। उनकी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है।

### आयात पर अकुश से प्रभावित हो रहा कपड़ा क्षेत्र : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाएं, आयात अंकुश और घरेलू निहित स्वार्थ जैसे मुद्दे भारतीय परिधान क्षेत्र की निर्यात वृद्धि को रोक रहे हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि निर्यातकों की समस्या की जड़ में कच्चे कपड़े, विशेष रूप से सिंथेटिक कपड़े हासिल करने में कठिनाई है। जीटीआरआई के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम के विपरीत, जहां निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आयातित कपड़े मिलते हैं, भारतीय निर्यातकों को कपड़ों पर उच्च आयात शुल्क, डीजीएफटी और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाओं से हर इंच आयातित कपड़े के लिए हिसाब लगाना पड़ता है और संघर्ष करना पड़ता है।

# शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय जीवन बीमा निगम

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 81,587.76 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42,639.16 करोड़ बढ़कर 15,56,772.61 करोड़ रुपये पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 36,748.23 करोड़ बढ़कर 7,01,695.24 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,569.16 करोड़ के उछाल के साथ 7,44,396.43 करोड़ पहुंच गई। वहीं एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 26,372.23 करोड़ बढ़कर 7,93,576.49 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 6,40,651.30 करोड़ और आईटीसी का 5,92,679.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### एफपीआई ने शेयरों में किए 30,772 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार की उम्मीद, आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 30,772 करोड़ का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

# माइक्रोसॉफ्ट ने तैनात किए हजारों इंजीनियर, विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से 85 लाख उपकरण हुए थे प्रभावित

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक से पैदा हुई गड़बड़ी के बाद सेवाओं को बहाल करने के लिए हजारों इंजीनियर और विशेषज्ञ तैनात किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' से पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को रोक दिया था। इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया, जिससे उन्हें मैनुअल तरीके से चेक-इन का काम करना पड़ा।

### सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड व पाम ऑयल हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख से दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया है। वहीं, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट बढ़कर4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की गिरावट के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

# बाढ़ और बारिश से फसलें प्रभावित, घटा रकबा

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

● फसलों के अनुसार कहीं कम तो कहीं औसत से ज्यादा हुई बारिश

● जून-जुलाई में 242.2 मिमी (90.7 फीसद) बारिश, धान प्रभावित

**अमृत विचार :** प्रदेश में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश, कहीं बाढ़ से खरीफ फसलों का लक्ष्य के अनुसार आच्छादन यानी बोआई नहीं हो पाई है। लक्ष्य 10205 हजार हेक्टेयर में 5449.909 हजार हेक्टेयर (53%) में धान, मक्का, ज्वार, अन्य मोटा अनाज, उड़द, मूंग, मूंगलफली, अरहर, सोयाबीन, तिल आदि का आच्छादन हुआ है। जबकि धान की पौध ज्यादातर किसान तैयार नहीं कर पाए हैं न ही उनके पास समय है। जहां रोपाई हुई वहां बाढ़-बारिश से निचली सतहों को नुकसान पहुंचा है।

बारिश की बात करें तो जून में 95 मिमी जरूरत थी जबकि 61.8 मिमी हुई है। 1 से 19 जुलाई तक सामान्य 172.2 मिमी में 180.04 मिमी (104%) हुई। दोनों माह में 1 जून से 19 जुलाई तक सामान्य 267.2 मिमी में 242.2 मिमी (90%) बारिश हुई है। 26 जिले ऐसे हैं जहां 120% से ज्यादा बारिश हुई है। जबकि नौ जिलों में 40% से कम बारिश हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में फसलों की गुंजाइश नहीं है।



**पिछले वर्ष हुई थी 94 फीसदी बारिश :** खरीफ के लिए जून से जुलाई बारिश का समय होता है। 1 जून से 19 जुलाई तक 267 .2 मिमी (सामान्य) बारिश होनी चाहिए। जो इस वर्ष 242 .2 मिमी हुई। 2023-24 में 253 .5 मिमी (94 .9%) और 2022-23 में 81 .8 मिमी (30 .6%) बारिश हुई थी, जिससे क्षेत्रफल घटा था।

**इन फसलों का आच्छादन :** धान 58 प्रतिशत, मक्का 63, ज्वार 43, बाजरा 24, अन्य मोटा अनाज 22, उड़द 49, मूंग 49, अरहर 37, मूंगफली 144, सोयाबीन 97, तिल 36 ।

**तोरिया से करें भरपाई : डॉ. अखिलेश**

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि कम ज्यादा बारिश से किसान धान की पौध तैयार नहीं कर पाए हैं। जहां बारिश व बाढ़ का असर है वहां के किसान जल निकासी होने के बाद तोरिया की फसल करें। इससे भरपाई होगी और आगे गेहूं कर सकेंगे। अगेती मटर, आलू व सब्जियां भी किसान कर सकते हैं। धान क्षेत्र में जहां जलभराव है वहां मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। 11 से 15 दिन की धान की नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

# ख्वाहिश है मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखें : जरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



● भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सिंह बोले- अतीत में मिले जख्मों पर लगाना है मरहम

जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं ।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें गर्व हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है। मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती हैं। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था। जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। नीदरलैंड के ब्रेडा में 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 106 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वह हांग्झोऊ एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा यूं तो मैने वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेलों में भाग लिया है लेकिन ओलंपिक पहला है। ओलंपिक का दबाव अलग ही होता है जिसमें पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें आती है।

जरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह बनाने से चूक गए थे जब भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता, लेकिन क्रेग फुल्टन के आने के बाद से वह रक्षण के साथ आक्रमण के कौशल पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और भारतीय टीम के नियमित सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ पेरिस जा रहे हैं और उन्हें अपने अनुभव और मानसिक दृढता पर पूरा भरोसा है। दबाव की वैसे कोई बात नहीं है क्योंकि इन टीमों के साथ काफी मैच खेल चुके हैं। हम सकारात्मक सोच के साथ ही जा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का सपना होता है कि ओलंपिक खेलें। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का पल होगा। देश के लिए पदक जीतने से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं होती।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 385 का लक्ष्य, रूट और ब्रूक के शतक

नॉटिंघम, एजेंसी

दूसरा टेस्ट



122 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटते जो रूट

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाने वाले इंग्लैंड ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के सामने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत के लिए 385 रन का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 248 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। तब रूट 37 और ब्रूक 71 रन पर खेल रहे थे। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड निचले मध्य क्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बावजूद मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया।

वेस्टइंडीज के सबसे सफल गेंदबाज जॉडेन सील्स (97 देकर 4 विकेट) ने ब्रूक को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद रूट ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। ब्रूक ने अपनी पारी में 132 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके लगाए। जेसन होल्डर ने रूट की पारी का अंत किया। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने आठवें नंबर के विकेट के रूप में आउट होने से पहले 178 गेंद खेली और 10 चौके लगाए। निचले क्रम में गस एटकिंसन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीतकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

# युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

**गस्टाड (स्विटजरलैंड)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। 32 वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

# टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए पेस और अमृतराज



टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और विजय अमृतराज।

न्यूपोर्ट (अमेरिका), एजेंसी

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

## खेल डायरी

### बीजू पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगाः माझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के 'बीजू पटनायक खेल पुरस्कार' का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर 'राज्य क्रीड़ा सम्मान' कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। मेरी सरकार धरती के सपूतों का सम्मान करती है और बीजू पटनायक के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कार के शीर्षक में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बीजू पटनायक खेल पुरस्कार इसी तरह जारी रहेगा।

### भारत विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए। अमेरिका के ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया। शौर्य बावा ने यूसुफ सरहान को हराया। अरिहंत के.एस. ने इवान हैरिस को हराया।

### कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

**बुडापेस्ट।** भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण डिस्क्वालीफाई किए जाने के बाद अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए। एफ2 चैंपियनशिप के राउंड 9 में शुरूआती ग्रिड पर नौवें स्थान पर रहे मैनी को मुश्किल शुरुआत के बाद कड़ी मेहनत करनी पड़ी। 2024 एफ2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं और पांच पोडियम स्थान से यह उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र भी है।

### वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा चूकीं, भारतीय चुनौती समाप्त

**हिलवर्सम (नीदरलैंड)।** वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गयीं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गयीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

# नीरज की एडक्टर फिट, ट्रेनिंग जारी : क्लॉस

## जर्मन कोच बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा की फिटनेस पर चल रही चिंताओं को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले- सब कुछ योजना के अनुसार, जांघ की चोट में कोई समस्या नहीं

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है।

बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। चोपड़ा ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी।

पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं। बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा के ट्रेनिंग कार्यक्रम को लेकर कहा हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग या थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। चोपड़ा का तरीका तोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाए ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। सामान्यतः भाला फेंकना ब्लॉकिंग (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रूककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।




### तीरंदाजी में तीन पदक तो पक्के की समझें : संजीवा सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोनीपत में तीरंदाजी के लिए राष्टीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफोरमेंस निदेशक सिंह ने कहा 2021 तोक्यो की तुलना में काफी वैज्ञानिक ट्रेनिंग से बेहतरीन ढंग से तैयारी की गई है जिसमें मानसिक अनुकूलन का ध्यान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ओलंपिक प्रारूप के अनुरूप घरेलू टूर्नामेंट में बदलाव किया है।

# आईओए को 8.5 करोड़ देगा बीसीसीआई : शाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

### सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक भी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ सदस्य एथलीटों से चर्चा और उनकी जरूरतों के आधार पर चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में खिलाड़ियों के साथ रहेंगे जिसमें कोच, टीम डॉक्टर, रिकवरी विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक और फिजियो शामिल हैं। कोचों, डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों आदि के अलावा, इस बार भारत की ओर से पोषण विशेषज्ञ, नींद चिकित्सक और यहां तक कि स्पारिंग पार्टनर भी भेजे जा रहे हैं। इसके मुताबिक अन्य सदस्य खेल गांव के बाहर ठहराए जाएंगे और इनमें अतिरिक्त कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, ट्रेनर, स्पारिंग जोड़ीदार और मानसिक कंडीशनिंग कोच शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत 43 कोच और व्यक्तिगत कोच, 25 विदेशी कोच, 26 फिजियोथेरेपिस्ट और सात मालिश विशेषज्ञ भेज रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

# वेदा का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** जॉन अब्राहम और शरवरी बाघ अभिनीत फिल्म वेदा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में शरवरी घायल नजर आ रही हैं। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे हैं। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म ''वेदा'' का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, हमारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया।

# प्रभास को उनके प्रशंसक बहुत मानते हैं : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। ''कल्कि 2898 एडी'' के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया, जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं। उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है।

# भारतीय महिला टीम ने यूएई को 78 रन से हराया

दांबुला, एजेंसी

● महिला एशिया कप के अपने दूसरे मैच में हरमनप्रीत और ऋचा ने जड़े अर्धशतक

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। कप्तान ईशा ओझा ने 38 रन बनाए। खुशी 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

इससे पहले भारत की शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा ने 75 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। उन्होंने 47 गेंदों में 66 रन बनाए। यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

### पाकिस्तान ने नेपाल को हराया

**दाम्बुला।** सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के शानदार अर्धशतक और मुनीबा अली के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने रविवार को यहां नेपाल को 49 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपाल की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 108 रन ही बना पाई। पाकिस्तान ने 11.5 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने इस मैच में बड़ी जीत से अपने नेट रन रेट में सुधार किया। उसके और नेपाल दोनों के समान दो-दो अंक हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए का अपना अंतिम मैच संयुक्त अरब अमीरात जबकि नेपाल को भारत से खेलना है।



पारी के दौरान हरमनप्रीत और ऋचा घोष।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### दक्षिण पश्चिम चीन में बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

**चेंगदू।** दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2 :30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

### जापान में भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके

**हांगकांग।** जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 04 :27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 42 .71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145 .54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 23 .9 किलोमीटर की गहराई पर था।

### बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

**ला पाज़।** बोलीविया को चिली से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ला पाज़ यातायात परिचालन संगठन के दुर्घटना प्रभाग के निदेशक निलो टोरिको ने कहा कि चिली के साथ देश की सीमा से बोलीविया लौट रहा एक मालवाहक ट्रक चिली के अरिका क्षेत्र की ओर जा रही एक यात्री बस से टकरा गया। घायलों सात महिलाओं और सात पुरुषों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया।

### छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता हुए

**कोलंबो।** श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एकदिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं।

### कंबोडिया में फंसे 14 भारतीयों को बचाया

**सिंगापुर।** कंबोडिया में साइबर अपराध धोखाधड़ी में फंसे चौदह भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है और उन्हें वापस भेजने के प्रयास जारी हैं। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास ने अधिकारियों के साथ मिलकर 14 भारतीय नागरिकों को रिहा करवाया, कंबोडियाई पक्ष उनकी देखभाल कर रहा है।

## सौंदर्यीकरण



रविवार को नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई तक होने वाले यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के लिए सौंदर्यीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बनाई गई दीवार भित्तिचित्र के पास से गुजरता एक साइकिल चालक।

# ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया

- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में समर्थन से 50 मत अधिक कुल 188 मत मिले
- एक सप्ताह पहले ही सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी।

सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन होना आवश्यक है। जबकि प्रधानमंत्री केपी ओली को 188 मत मिले। उन्हें जरूरी समर्थन से 50 मत अधिक मिले। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली (72) ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिये नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवश्यक था।



काठमांडू में संसद में विश्वास मत के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली।

### देउबा को दो साल बाद सत्ता सौंपेंगे केपी ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नये प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को पहली बार नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गुप्त सात सूत्री समझौते के ब्योरे का खुलासा किया। जिसके तहत वह दो साल तक सरकार का नेतृत्व करने के बाद सत्ता अपने गठबंधन सहयोगी दल के नेता शेर बहादुर देउबा को सौंप देंगे। ओली ने प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए कहा, अगले दो वर्ष के लिए मैं सरकार का नेतृत्व करूंगा और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा शेष अवधि के लिए नेतृत्व करेंगे।

# अदालत ने हिंसा के बाद रोजगार में अधिकांश आरक्षण खत्म किया

## बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण घटाकर 7 प्रतिशत किया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हुई हिंसा के बाद रविवार को सरकारी नौकरियों में अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया। देश में हिंसक झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक तिहाई नौकरियां 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए देश के युद्ध में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने अभी तक फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी ढाका के कुछ इलाकों में छिटपुट झड़पें हुईं। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर एक बख्तरबंद वाहन तैनात किया गया था और सैनिक अब भी राजधानी की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। कुछ विरोधी नेताओं को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोग झड़पों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हिंसा में लगभग 115 लोगों के मरने की खबर है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। शुक्रवार को कम से कम 50 लोग मारे गए।



ढाका में कर्फ्यू के दौरान यात्रियों की तलाशी लेता पुलिस अधिकारी।

### अमेरिकियों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

### बांग्लादेश में अशांति के बीच हाई अलर्ट पर बीएसएफ

**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है।

# इमरान की जान को जेल में खतरा : बुशरा बीबी

- रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है तथा खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को जेल में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में बुशरा ने अपनी जान के लिए भी खतरा बताया।

बुशरा के अनुसार, उन पिछली घटनाओं के मद्देनजर खान का जीवन खतरे में है जिनमें उन्हें कथित तौर पर जहर दिया गया और गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के उनके कानूनी अनुरोध का अदालत ने अभी तक समाधान नहीं किया है। जेल की स्थितियों के बारे में 49 वर्षीय बुशरा ने कहा कि 71 वर्षीय खान को गंदे हालात में रखा गया है और खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है।

## पाकिस्तान ने जर्मनी में वाणिज्य दूतावास पर हमले की निंदा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को जर्मनी के फ्रैंकफुर्त स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की निंदा की। राजनयिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा करने में जर्मन अधिकारियों की विफलता की आलोचना भी की। विदेश मंत्रालय ने हमलावरों की राष्ट्रीयता का खुलासा किए बिना कहा कि शनिवार को हुई इस घटना में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में चूक हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वियना संधि, 1963 के तहत दूतावास परिसर की पवित्रता की रक्षा करना और राजनयिकों की सुरक्षा करना मेजबान सरकार की जिम्मेदारी है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

- इंडियाना प्रांत में पत्नी के साथ घर जाने के दौरान हुई घटना

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था।

इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था।

# यात्रियों की तलाश में जुटी भारत और नेपाल की टीम

## नेपाल भूस्खलन

- नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भारतीय बचाव टीम चितवन पहुंची

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में पिछले हफ्ते भूस्खलन की चपेट में आने के बाद दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद से लापता बताए जा रहे कई लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं। नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी।

द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है।

## पूर्वी अफगानिस्तान में विस्फोट, दो की मौत व 6 घायल

**चरिकर, अफगानिस्तान।** पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

# हिज्बुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से हमला किया

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गये थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिये यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे।

सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया और इसके बाद कई विस्फोट हुए, जिससे आस-पास के गांवों में छर्रे बरसने लगे। एनएनए ने अपनी खबर में कहा है कि इससे पास के गांव खरायेब में तीन लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर में हालांकि हथियार के केन्द्र के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन माना जा रहा है कि यह हिजबुल्ला का था।

### हूती ने इज़रायल के इलियट पर हमले की पुष्टि की

**मास्को।** हूती के नाम से पहचाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने रविवार को पुष्टि की कि उसने इजरायल के दक्षिणी शहर इलियट में लक्ष्यों पर हमला किया है और लाल सागर में अमेरिकी कंटेनर जहाज पुंबा पर बैलिस्टिक मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी से हमला किया था। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने सोशल मीडिया पर कहा, यमनी सशस्त्र बलों के मिसाइल बल ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ दक्षिणी कब्जे वाले फिलिस्तीन के उम्म अल-रशरश क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाते हुए एक विशिष्ट सैन्य अभियान चलाया... जबकि नौसेना, यूएवी और यमनी सशस्त्र बलों की मिसाइल बलों ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के साथ लाल सागर में अमेरिकी जहाज पुंबा को निशाना बनाते हुए एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया।

## दंतेवाड़ा में डैम क्षतिग्रस्त, पानी से जनजीवन अस्तव्यस्त

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित एन-1 बी डैम अत्यधिक बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण अनेक घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया जा रहा है। किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन के द्वारा रोड से पानी क्लियर किया गया। साथ ही साफ सफाई भी की गयी है। यहां भी जिला प्रशासन के द्वारा निचले स्तर पर बसी बस्तियों में जलभराव स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

## अमेरिकी चुनाव

**मिशिगन में शनिवार को हुई रैली को राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने किया संबोधित**

# आलोचकों को दरकिनार कर ट्रंप बोले- लोकतंत्र के लिए खाई गोली

वाशिंगटन, एजेंसी

पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई।

मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया।



- ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने 12,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए

### ट्रंप पर हमला करने वाले बंदूकधारी ने रैली से पहले कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाया था : अधिकारी

**वाशिंगटन।** ऐसा माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले बंदूकधारी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम से पहले पेनसिल्वेनिया रैली स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाया था, ताकि कार्यक्रम से पहले जगह का जायजा लिया जा सके। यह जानकारी एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने शनिवार को दी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ड्रोन बरामद कर लिया है। एफबीआई पिछले शनिवार को रैली में 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स द्वारा की गई गोलीबारी के मामले की जांच का नेतृत्व कर रही है। क्रुक्स ने उस बटलर फार्म शो के मैदान के पास स्थित एक इमारत की छत से कई गोलियां चलाईं, जहां ट्रंप भाषण दे रहे थे। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर की गोली लगने से क्रुक्स की मौत हो गई। ड्रोन का विवरण देने वाले अधिकारी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्होंने उनका नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। रैली के दौरान हुए हमले में ट्रंप को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में 50 वर्षीय अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## अमेरिका में भारत के राजदूत की नियुक्ति का स्वागत किया

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी संगठन और गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्थाओं ने राजनयिक विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वे उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा को शुक्रवार को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। जनवरी में तरनजीत संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत का पद रिक्त हो गया था। गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने कहा, प्रवासी भारतीय समूह विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता है।

# पर्यटक वाहनों को कचरा थैलियां रखना अनिवार्य

## निर्णय

- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम में प्रवेश करने वाले सभी पर्यटक वाहनों को अब कचरा फेंकने के लिए अनिवार्य रूप से थैली रखनी होगी। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्यावरणीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया है कि टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों से थैलियों में कचरा फेंकने के लिए कहें।

विभाग ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटकों के वाहनों की आकस्मिक जांच की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन को दंडित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों को कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में शिक्षित करने के लिए स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम में छह लाख से अधिक लोग रहते हैं और यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है। राज्य के खूबसूरत हिमालयी स्थलों पर हर साल 20 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं।